

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित





**क्या वैभव सूर्यवंशी इंटरनेशनल डेब्यू के लिए तैयार नहीं? आईपीएल में शॉर्ट पिच से...**

**मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बढ़ीं आईएएस बसंत गर्ग और संदीप कुमार की मुश्किलें**


शुक्ल पक्ष, पुनर्वसु, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • बुधवार • 20 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 167 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,43,950 | ₹ 2,85,000 |



## आज का इतिहास

**1965 :** कमांडर एम.एस. कोहली के नेतृत्व में पहला भारतीय दल माउंट एवरेस्ट सम्मेलन में पहुँचा।

**2002 :** दक्षिण पूर्व एशियाई देश पूर्वी तिमोर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 20 मई, 2002 को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दी गई थी। 28 नवंबर 1975 को पुर्तगाल उपनिवेश से स्वतंत्रता की घोषणा के बाद पूर्वी तिमोर पर इंडोनेशिया के कब्जे से दो दशकों से अधिक समय तक आक्रमण किया गया था।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार में 45 डिग्री के करीब पहुंचा तीन जिलों का तापमान

**पटना (नि.सं.)** । कुछ दिनों की राहत के बाद पटना सहित पूरे राज्य में एक बार फिर गर्मी बढ़ गई है। सोमवार को प्रदेश के 3 जिलों का तापमान 45सी के करीब पहुंच गया, जो इस साल बिहार में मौसम का सबसे गर्म दिन रहा। 44.6सी के साथ गयाजी सबसे गर्म जिला रहा। रोहतास का तापमान 44.5सी , जबकि बक्सर का तापमान 44.4सी दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने आज रोहतास, कैमूर और बक्सर में हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है।

### रूसी राष्ट्रपति पुतिन सितंबर में आएंगे भारत

**पटना (नि.सं.)** । रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इसी साल सितंबर में भारत आएंगे। रूसी सरकार ने मंगलवार को कहा कि पुतिन 12 और 13 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेंगे।

**सहयोग शिविर का शुभारंभ, जनता की शिकायतों पर अब मुख्यमंत्री ऑफिस रखेगा नजर**

# 30 दिन में नहीं हुआ निष्पादन तो 31वें दिन अफसर होंगे निलंबित : सीएम

**निज संवाददाता | सोनपुर (सारण)**

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को सारण जिले के सोनपुर प्रखंड स्थित डुमरी बुजुर्ग पंचायत में 'सबका सम्मान, जीवन आसान' अभियान के तहत आयोजित 'सहयोग शिविर' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि शिविर में प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों का निष्पादन हर हाल में 30 दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि 30वें दिन तक आदेश जारी नहीं होता है तो संबंधित अधिकारी 31वें दिन स्वतः निलंबित माने जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने 11 मई को 'सहयोग पोर्टल' और हेल्पलाइन नंबर 1100 जारी किया था, जिसके माध्यम से लोग सीधे अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान करना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बिहार के सभी जिलों में प्रत्येक माह के पहले और तीसरे मंगलवार को पंचायत स्तर पर 'सहयोग शिविर' आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और 'सहयोग शिविर' उसी दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि सभी मंत्री और जनप्रतिनिधि कम से कम तीन सहयोग शिविरों में भाग लेकर लोगों की समस्याओं के समाधान में योगदान देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सोनपुर में नए पुलों का निर्माण तेजी से चल रहा है। महात्मा गांधी जेपी सेतु के समानांतर नए पुल बनाए जा रहे हैं, वहीं कच्ची दरगाह से राघोपुर पुल परियोजना को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने घोषणा की कि पटना के जेपी गंगा पथ की तर्ज पर सोनपुर में गंगा-अंबिका पथ का निर्माण कराया जाएगा और इस क्षेत्र को नोएडा की तरह विकसित किया जाएगा। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जीविका स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से बिहार की महिलाएं बड़ी आर्थिक ताकत बनकर उभरी हैं। उन्होंने कहा कि जो महिलाएं पहले 5 हजार रुपए तक का कारोबार नहीं कर पाती थीं, वे अब 1.20 लाख करोड़ रुपए तक का कारोबार कर रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के 211 ऐसे प्रखंड जहां अभी डिग्री कॉलेज नहीं हैं, वहां जुलाई से पढ़ाई शुरू कराई जाएगी। साथ ही प्रत्येक प्रखंड में मॉडल स्कूल के रूप में सरस्वती विद्या निकेतन स्थापित करने की दिशा में काम किया जा रहा है, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि अनुमंडल और जिला अस्पतालों से सामान्य मरीजों को रेफर करने की पुरानी व्यवस्था को 15 अगस्त तक समाप्त करना होगा। यदि सामान्य रोगियों को रेफर किया जाता है तो संबंधित सिविल सर्जन के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि केवल गंभीर मरीजों को ही बड़े अस्पतालों में भेजा जाए।



### जन समस्याओं को अटकाने या भटकाने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई

उन्होंने अधिकारियों के लिए समयबद्ध मॉनिटरिंग व्यवस्था भी तय की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आवेदन मिलने के 10वें दिन संबंधित अधिकारी को पहला नोटिस मुख्यमंत्री सचिवालय से भेजा जाएगा। 20वें दिन दूसरा और 25वें दिन तीसरा नोटिस जारी होगा, ताकि 30 दिनों की समय सीमा के भीतर समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जन समस्याओं को अटकाने या भटकाने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी और किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

### घर में बेटी की शादी हो, तो उन्हें चार गुणा पैसा मुआवजा

इस दौरान मुख्यमंत्री ने सोनपुर क्षेत्र के विकास को लेकर कई घोषणाएं भी कीं। उन्होंने कहा कि यहां एयरपोर्ट और बाबा हरिहरनाथ के नाम पर नया टाउनशिप विकसित किया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति की जमीन अधिग्रहित होती है और वह किसी पारिवारिक परेशानी या बेटी की शादी जैसी स्थिति में है तो उसे चार गुना मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी को आवेदन देना होगा।

# वैश्विक अनिश्चितताओं को अवसर में बदले भारत

## उद्योग-सरकार मिलकर करें काम : पीयूष गोयल

- एफटीए लागू होने से पहले सैंपलिंग और टेस्ट ऑर्डर शुरू करने की सलाह।
- अर्थव्यवस्था मजबूत करने में पर्यटन और घरेलू खपत की अहम भूमिका बताई।

**एजेंसी | नई दिल्ली**



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग और सरकार के बीच सहयोग को और मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि भारत को वैश्विक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक चुनौतियों को तेज सुधारों, मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं और अधिक निर्यात के अवसरों में बदलना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय उत्पादों को केवल कच्चे माल के रूप में नहीं, बल्कि तैयार उत्पादों के रूप में वैश्विक बाजारों तक पहुंचना चाहिए।

### एक ट्रिलियन डॉलर निर्यात लक्ष्य पर जोर

उन्होंने कहा कि भारत अब 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। पीयूष गोयल ने निर्यातकों से आगामी मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का सक्रिय रूप से लाभ उठाने, नए बाजार तलाशने और वैश्विक जुड़ाव बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि समझौतों के औपचारिक रूप से लागू होने से पहले ही नमूनाकरण और परीक्षण ऑर्डर शुरू किए जाने चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में पर्यटन और घरेलू खपत की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया। उन्होंने नागरिकों से भारतीय पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने की अपील की। ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने उजाला एलईडी बल्ब कार्यक्रम की सफलता को याद किया, जिससे ऊर्जा खपत में उल्लेखनीय कमी आई और सालाना करीब एक लाख करोड़ रुपए की बचत हुई।

### उद्योग जगत से मांगे नए सुझाव

पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार अलग-अलग विभागों में काम करने के बजाय एकीकृत तरीके से काम कर रही है। उन्होंने उद्योग जगत से सुधारों के लिए लीक से हटकर सुझाव देने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि वाणिज्य मंत्रालय दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए आंतरिक सुधार भी कर रहा है। मंत्री ने कहा कि मंत्रालय के 46 संगठनों के तहत 216 शहरों में 482 कार्यालय संचालित हो रहे हैं और इन्हें राज्य की राजधानियों तथा प्रमुख शहरों में एकल-संपर्क केंद्रों के रूप में समेकित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे व्यवसायों को डीजीएफटी, कॉफी बोर्ड, मसाला बोर्ड, जीईएम और अन्य निकायों से जुड़ी सेवाओं तक एकीकृत डिजिटल सिस्टम के जरिए आसान पहुंच मिल सकेगी। गुणवत्ता, उत्पादकता, स्थानीयकरण और नवाचार पर आधारित संस्कृति का आह्वान करते हुए पीयूष गोयल ने सुझाव दिया कि उद्योग और सरकार मिलकर स्वदेशीकरण, आयात प्रतिस्थापन, निर्यात, ऊर्जा दक्षता और नवाचार जैसे क्षेत्रों में प्रगति की निगरानी के लिए स्कोरकार्ड विकसित करें। उन्होंने सभी हितधारकों से 'विकसित भारत' और 'अमृत काल' की यात्रा को अधिक परिणाम-उन्मुख, कुशल और सहयोगात्मक बनाने के लिए मिलकर काम करने की अपील की।

### सेवा क्षेत्र, एआई और डेटा सेंटर में बड़े अवसर

पीयूष गोयल ने भारत के सेवा क्षेत्र पर भरोसा जताते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर सुरक्षा और डेटा सेंटर इकोसिस्टम में देश के लिए बड़े अवसर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रतिभा पर भरोसे के कारण ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) तेजी से बढ़ रहे हैं। मंत्री ने कहा कि बड़े पैमाने पर स्थापित हो रहे डेटा सेंटर्स अपना अलग इकोसिस्टम तैयार करेंगे, जिससे अर्थव्यवस्था को व्यापक लाभ मिलेगा।

# दिल दहला देने वाली वारदात, पति ने पत्नी और तीन बच्चों को पीट-पीटकर की हत्या

**निज संवाददाता | दरभंगा**



संदीप दास आरोपी पति

बिहार के दरभंगा जिले से मंगलवार को एक बेहद दर्दनाक और सनसनीखेज घटना सामने आई है। पतोर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और तीन मासूम बच्चों की लाठी एवं लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने खुद पर भी हमला कर लिया, जिससे वह घायल हो गया। फिलहाल आरोपी पुलिस कस्टडी में अस्पताल में भर्ती है, जहां उसका इलाज चल रहा है। मृतकों की पहचान फूल कुमारी दास (30), बेटा ह्रदय दास (7), सोन दास (5) और बेटी संध्या दास (6) के रूप में हुई है। सभी मूल रूप से पश्चिम बंगाल के दालकोला जिला अंतर्गत कुंडी गांव के रहने वाले थे और दरभंगा के चंदनपट्टी गांव स्थित एक पोल्ट्री फार्म में रहकर मजदूरी का काम करते थे।

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी संजीत दास हिंसक हो उठा। उसने पहले पत्नी पर लाठी और लोहे की रॉड से हमला किया, फिर अपने तीनों बच्चों को भी बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। हमले में पत्नी और दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल एक बच्चे ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी ने खुद के सिर पर भी लोहे की पाइप से हमला कर लिया। आसपास के लोगों को घटना की जानकारी तब हुई जब मृतका के भाई मांगो दास काम से लौटे। उन्होंने बताया कि सभी लोग खून से लथपथ पड़े थे।

उन्होंने कहा कि पहले कभी पति-पत्नी के बीच इस तरह का झगड़ा नहीं देखा गया था। आरोपी ने खुद उन्हें बताया कि उसने लोहे की पाइप से सभी को मारा है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे शक था कि उसकी पत्नी खाने में कुछ मिलाकर दे रही है। इसी शक और गुस्से में उसने पूरी वारदात को अंजाम दिया। हालांकि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

# फिर बढ़े 90 पैसे प्रति लीटर पेट्रोल-डीजल के दाम

**निज संवाददाता | पटना**



अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जारी उछाल का असर अब बिहार में भी साफ दिखने लगा है। सरकारी तेल कंपनियों ने मंगलवार सुबह पेट्रोल और डीजल की कीमतों में करीब 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी। एक सप्ताह से भी कम समय में ईंधन के दामों में यह दूसरी वृद्धि है। इससे पहले पिछले शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल के दाम में 3 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। नई दरें लागू होने के बाद राजधानी पटना में पेट्रोल की कीमत 108.67 रुपए से बढ़कर 109.57 रुपए प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल का दाम 94.65 रुपए से बढ़कर 95.55 रुपए प्रति लीटर पहुंच गया है। लगातार बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। इधर, जमुई जिले में पेट्रोल की सीमित बिक्री की खबर सामने आई है। कई पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों को केवल 200 रुपए तक का ही पेट्रोल दिया जा रहा है।

इससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और लंबी कतारें भी देखने को मिल रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का सीधा असर आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ेगा। ट्रकों और मालवाहक वाहनों का किराया बढ़ने से दूसरे राज्यों से आने वाली सब्जियां, फल, राशन और अन्य जरूरी सामान महंगे हो सकते हैं।

## जल्द जारी होगा टीआरई-4 का शेड्यूल : शिक्षामंत्री



**मधेपुरा (नि.सं.)**। बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान शिक्षा मंत्री ने शिक्षक भर्ती परीक्षा टीआरई-4 को लेकर बड़ा संकेत दिया। उन्होंने कहा कि टीआरई-4 का शेड्यूल बहुत जल्द जारी किया जाएगा। साथ ही अभ्यर्थियों से अपील की कि वे किसी तरह की अफवाहों या अनावश्यक चर्चाओं में न पड़ें और अपनी तैयारी पर पूरा ध्यान केंद्रित करें।

**सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला : लोगों की सुरक्षा जरूरी**

# खतरनाक आवारा कुत्तों को मौत का इंजेक्शन देने की अनुमति

**एजेंसी | नई दिल्ली**

देशभर में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमलों और रेबीज संक्रमण के मामलों के बीच सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि खतरनाक या रेबीज से संक्रमित आवारा कुत्तों को इंजेक्शन लगाकर मारा जा सकता है, क्योंकि आम लोगों की सुरक्षा सबसे जरूरी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि गरिमा के साथ जीने के अधिकार में नागरिकों का कुत्तों के खतरे से मुक्त वातावरण में रहना भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों को हटाने संबंधी अपने पहले के आदेशों के खिलाफ दाखिल सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि नवंबर 2025 में जारी किए गए निर्देश ही लागू रहेंगे और उनका सख्ती से पालन कराया जाएगा। कोर्ट ने यह भी चेतावनी दी कि यदि कोई अधिकारी इन निर्देशों का पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जा सकती है। दरअसल, नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, हाईवे और अन्य सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों को हटाने के निर्देश दिए थे। अदालत ने कहा था कि जिन कुत्तों को पकड़कर नसबंदी और टीकाकरण किया जाए, उन्हें दोबारा उसी इलाके में न छोड़ा जाए, बल्कि शेल्टर होम्स या निर्धारित केंद्रों में रखा जाए। कोर्ट ने सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाने पर भी रोक लगाने का आदेश दिया था। इन निर्देशों के खिलाफ कई डॉग लवर्स और पशु अधिकार से जुड़े संगठनों ने याचिकाएं दायर की थीं। अपने फैसले में अदालत ने राज्य सरकारों को पशु कल्याण बोर्ड (एडब्ल्यूबीआई) के नियमों को और प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया।

### जनता की सुरक्षा को दी प्राथमिकता

अदालत ने अपने फैसले में कहा कि पशु संरक्षण महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे ऊपर आम लोगों की सुरक्षा और जीवन का अधिकार है। कोर्ट ने माना कि आवारा कुत्तों के हमले और रेबीज संक्रमण समाज के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं, इसलिए प्रशासन को संवेदनशील और प्रभावी कदम उठाने होंगे।




# वाल्मीकि छात्रवृत्ति योजना

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## योजना की मुख्य विशेषताएँ

**पूर्ण ट्यूशन शुल्क छात्रवृत्ति**
सरकार हॉस्टल, मेस एवं अन्य शुल्कों को छोड़कर प्रति वर्ष अधिकतम ₹10 लाख तक की पूरी ट्यूशन फीस का भुगतान करती है।

**मासिक जीवनयापन भत्ता**
अपने पाठ्यक्रम की पूरी अवधि के दौरान रहने के खर्च, अध्ययन सामग्री और अन्य दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हर महीने ₹4,000 प्राप्त करें।

**लाभार्थियों की कोई सीमा नहीं है**
सभी पात्र छात्रों को लाभ मिलता है; लाभार्थियों की संख्या पर कोई सीमा नहीं है।

**प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT)**
ट्यूशन शुल्क सीधे शैक्षणिक संस्थान को दिया जाता है; जीवनयापन भत्ता छात्र के बैंक खाते में स्थानांतरित किया जाता है।

## पात्रता मानदंड

- **अनाथ छात्रों के लिए**
  किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के अनुसार परिभाषित; 10 वर्ष की आयु से पहले दोनों माता-पिता का निधन हो चुका हो
- **दिव्यांग छात्रों के लिए**
  दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार बेंचमार्क दिव्यांगता होनी अनिवार्य है। मान्य दिव्यांगता (UDID) कार्ड अनिवार्य है
- **आयु सीमा**
  आवेदक की आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए
- **एक योजना लाभ**
  किसी अन्य समान स्तर की छात्रवृत्ति या ट्यूशन शुल्क छूट योजना का वर्तमान लाभार्थी नहीं होना चाहिए
- **निवास संबंधी आवश्यकताएँ**
  झारखंड का स्थानीय निवासी हो या झारखंड के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में डिग्री एवं उससे ऊपर के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं अथवा डिप्लोमा के लिए कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की हो
- **संस्थान संबंधी आवश्यकताएँ**
  झारखंड के भीतर स्थित किसी भी उच्च शिक्षा संस्थान में नामांकित हो, या समग्र श्रेणी में 200 रैंक के भीतर हो अथवा व्यक्तिगत श्रेणी में 100 रैंक के भीतर हो, या NAAC द्वारा A या उससे उच्च ग्रेड प्राप्त संस्थान, या राष्ट्रीय महत्व के संस्थान, या NIFT, NID, या होटल प्रबंधन, केन्द्रीय प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयुक्त पोषण संस्थान में अध्ययनरत हो

## आवेदन कैसे करें

**चरण 1: ऑनलाइन आवेदन**
निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा करें

**चरण 2: आवेदन का सत्यापन**
**आवेदन का सत्यापन निम्नलिखित स्तरों के अनुसार किया जाएगा**

**स्तर 1:** उच्च शिक्षा संस्थान: कक्षा 10वीं, 12वीं, पाठ्यक्रम विवरण, शुल्क विवरण, तथा संस्थान के बैंक विवरण जैसी मूल जानकारी का सत्यापन

**स्तर 2:** आवेदक की श्रेणी का सत्यापन: जिला विकास परियोजना अधिकारी द्वारा (आमों के लिए) तथा सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा द्वारा (PwBDs के लिए)

**स्तर 3:** जिला समाजिक कल्याण अधिकारी द्वारा सत्यापन

**स्तर 4:** JSHEC द्वारा अंतिम स्वीकृति के पश्चात भुगतान

**चरण 3: वार्षिक नवीनीकरण**
योजना के लाभ प्राप्त करने जारी रखने हेतु बीते वर्ष की अंकसूची तथा प्रवेश/अगली कक्षा में प्रवेश का प्रमाण अपलोड कर छात्रवृत्ति का नवीनीकरण करें

**प्रश्न एवं शिकायतें**
सभी आवेदकों के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत निवारण हेतु उपलब्ध है।

**संपर्क जानकारी**
**ईमेल:** nepdhte.jharkhand@gmail.com
**पता:** टोली भवन, नेपाल हाउस मध्य, नेपाल हाउस, दोरंडा रोड, झारखंड - 834002

**अभी आवेदन करें**

PR No.- 380246/IPRD/2026-27

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग झारखंड सरकार

## संक्षिप्त समाचार

### पीएचसी कौआकोल में दो महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन

**कौआकोल**। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौआकोल में परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को दो महिलाओं का सफलतापूर्वक बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया।।ऑपरेशन के बाद दोनों महिलाओं को अस्पताल में चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० रामप्रिय सहगल ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों महिलाओं की स्थिति सामान्य है तथा बुधवार को आवश्यक दवाई एवं अन्य सरकारी सुविधाएं प्रदान कर अस्पताल से डिस्चार्ज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत लाभुकों को सरकार द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा लोगों को छोटे परिवार के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### कौआकोल के देवनगढ़ पंचायत सरकार भवन में सहयोग शिविर आयोजित

#### 'सबका सम्मान जीवन आसान' कार्यक्रम के तहत लोगों की सुनी गई समस्याएं

**कौआकोल**। कौआकोल प्रखंड के कोल्हुआवर गांव स्थित पंचायत सरकार भवन देवनगढ़ में मंगलवार को सबका सम्मान,जीवन आसान कार्यक्रम के तहत सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन नवादा सदर एसडीओ अमित अनुराग एवं ट्रैफिक डीएसपी अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने दोनों अधिकारियों को बुके देकर स्वागत किया। शिविर में स्वास्थ्य,सहकारिता,पीएचईडी,बाल विकास परियोजना,मनरेगा,वन विभाग,सामाजिक सुरक्षा,जीविका,शिक्षा,आपूर्ति,विद्युत सहित विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग काउंटर लगाए गए थे, जहां बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। सदर एसडीओ अमित अनुराग ने लाभुकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। मौके पर सीओ मनीष कुमार,राजस्व अधिकारी अनीश कुमार,बीपीआरओ शमा बानो,बीईओ सह बीसीओ अजित कुमार,कुंदन बर्णवाल,पीओ मनरेगा असलम हुसैन,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० रामप्रिय सहगल,विद्युत जेई अनीश कुमार,स्थानीय मुखिया रूबी देवी सहित कई अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

### बभनौर गांव में सहयोग शिविर का आयोजन, विभिन्न विभागों ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं




सहयोग शिविर में उपस्थित पदाधिकारी एवं अन्य

**नरहट (नवादा)**। नरहट प्रखंड के बभनौर गांव में ओएसडी सह प्रखण्ड प्रभारी राजीव कुमार की अध्यक्षता में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला पार्षद, पंचायत के मुखिया सहित प्रखंड एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। शिविर में बीडीओ प्रशांत कुमार, सीओ, सीडीपीओ ज्योति सिन्हा, बीपीआरओ, मनरेगा पीओ, एमओआईसी, बीईओ, बीपीएम जीविका समेत कई विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी गई। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं से संबंधित आवेदन भी स्वीकार किए गए। सहयोग शिविर पोर्टल के माध्यम से लाभ प्राप्त कर चुके लोगों ने अपने अनुभव साझा करते हुए शिविर की सराहना की। बीडीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों से प्राप्त आवेदनों का निष्पादन 30 दिनों के भीतर सुनिश्चित रूप किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

### मध्य विद्यालय कौआकोल में बाल संसद का चुनाव संपन्न



**कौआकोल**। प्रखंड के मध्य विद्यालय कौआकोल में मंगलवार को छात्र-छात्राओं के बीच बाल संसद चुनाव का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चुनाव प्रक्रिया विद्यालय के प्रधानाध्यापक इन्द्रदेव दास एवं शिक्षक विजय कुमार सुमन की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। चुनाव के बाद बाल संसद की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें लक्ष्मी कुमारी को प्रधानमंत्री तथा सुमन कुमार को उपप्रधानमंत्री चुना गया। शिक्षा मंत्री के रूप में अभयजीत कुमार एवं उप शिक्षा मंत्री माही कुमारी निर्वाचित हुए। खेल मंत्री अंकुश कुमार तथा उप खेल मंत्री निशा कुमारी बनाए गए। स्वास्थ्य मंत्री पद पर नेहा कुमारी एवं उप स्वास्थ्य मंत्री नीरज कुमार चुने गए। जल एवं कृषि मंत्री मो. समीर अंसारी तथा उप मंत्री चांदनी कुमारी को जिम्मेदारी दी गई। विज्ञान एवं पुस्तकालय मंत्री सुरुचि कुमारी तथा उप मंत्री निशा कुमारी बनाए गए। सुरक्षा मंत्री के रूप में आदर्श कुमार शर्मा एवं उप सुरक्षा मंत्री आर्यन कुमार,सफाई मंत्री रिया कुमारी एवं उप सफाई मंत्री गोलू कुमार को चयनित किया गया।नचुनाव से पूर्व छात्र-छात्राओं को बाल संसद के उद्देश्य,जिम्मेदारियों एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यालय परिवार ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। मौके पर विद्यालय के अन्य शिक्षक रामजन्म पासवान,राजकुमार साव,अभिषेक राज, सूर्यकांत प्रसाद निराला अशोक कुमार मकसूद आलम,मेनका कुमारी,पूजा कुमारी,सोनम कुमारी आदि मौजूद थे।

# जीविका कार्यालय से चोरों ने सात सिलाई मशीन समेत की लाखों की चोरी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के एनएच-20 किनारे स्थित पल्लू सिंह के होटल के समीप स्थित जीविका कार्यालय से अज्ञात चोरों ने सात सिलाई मशीन समेत अन्य सामग्री चोरी कर ली है। घटना की जानकारी जीविका दीदी को मंगलवार की सुबह 9 बजे हुई। पंचांग जीविका महिला विकास स्वाबलंबी सहकारी समिति लिमिडेट,जोगियामारण की एलबीके प्रतिमा कुमारी ने बताई कि वे 24 जीविका दीदियों के साथ किराए के मकान में सिलाई का काम करती हैं। कार्यालय में सभी दीदियों के लिए अलग अलग सिलाई मशीन है,जिसके द्वारा कपड़ा सिलाई का कार्य किया जाता है। जीविका दीदी बीते सात वर्षों से भवन में सुबह 8 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक सिलाई का काम करती है। प्रत्येक दिन की भांति वे बीते सोमवार की शाम को लगभग 5:30 बजे ताला बंद करके घर चली गई।



जीविका दीदियों से बातचीत करते जीविका के पदाधिकारी

**डेढ़ लाख रुपए का सामान हुआ चोरी :-** जीविका दीदी जब मंगलवार की सुबह काम पर लौटी,तो पाई कि पैर से सिलाई करने वाले चार मशीन,तीन काज करने वाला इलेक्ट्रिक मशीन,8 कुर्सी,8 कैंची,एक दिवाल घड़ी,एक पानी का जार,तीन पीस एलईडी बल्ब,एक सेलिंग फैन और अलमीरा में रखे कुछ कपड़ा गायब है। गहनता से छानबीन करने पर पता चला कि चोर मकान के छत से सीढ़ी के रास्ते प्रवेश कर चोरी किया है।

चोर ने सीढ़ी में लगे दरवाजे में रहे जाली को तोड़कर अंदर प्रवेश किया है और सोलर प्लेट में लगे तार से सामानों को नीचे खेत में गिराकर ले गया है। जीविका दीदियों ने कहा कि अज्ञात चोरों द्वारा लगभग डेढ़ लाख रुपए की चोरी कर ली गई है। वहीं मकान मालिक उदय सिंह ने बताया कि बीते कई वर्षों से जीविका दीदी मकान में रहकर सिलाई का काम कर रही हैं। आजतक किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिली थी,किंतु आज इस घटना से वे अचंभित है। उन्होंने हवा आने के लिए सीढ़ी के दरवाजे पर जाली लगाई थी,किंतु घटना को देखते हुए अब जाली को हटाकर लोहे का चादर लगवाने की बात कही है।

**थाने को आवेदन देने की कही बात :-** जीविका कार्यालय में मौजूद रही जीविका दीदी अजय लक्ष्मी,लीला देवी,चम्पा देवी,सुलेखा देवी,सोनी देवी,सरोज देवी एवं कालो देवी ने बताई कि घटना को लेकर जीविका के वरीय पदाधिकारियों को इसकी सूचना दी गई है। उन्होंने कहा कि घटना को लेकर थाने में लिखित आवेदन दिया जाएगा। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि जीविका दीदी द्वारा लिखित आवेदन मिलने पर अग्रतर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

## जनजातीय परिवारों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने को विशेष अभियान शुरू




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल**। कौआकोल प्रखंड के जनजातीय परिवारों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार से विशेष अभियान की शुरुआत की गई। जनभागीदारी अभियान "सबसे दूर–सबसे पहले" कार्यक्रम के तहत प्रखंड के महुडर, लालपुर तथा सोखोदेवरा पंचायत के विभिन्न 12 टोलों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत संबंधित पंचायतों के विकासमित्रों द्वारा सर्वेक्षण कर जनजातीय परिवारों को चिन्हित किया जा रहा है तथा उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। इसके तहत अनुसूचित जनजाति परिवारों को राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन,स्वास्थ्य जांच,बैंकिंग सेवाएं सहित अन्य लाभ उपलब्ध कराए जाएंगे। शिविर केंद्रों पर बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार द्वारा प्रतिनियुक्त कर्मियों के द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। साथ ही जनसुनवाई के माध्यम से लोगों की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निष्पादन भी किया जाएगा। पदाधिकारी जनजातीय परिवारों की समस्याओं को समझने एवं उनकी आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए गांवों एवं टोलों का भ्रमण भी करेंगे। यह विशेष अभियान 25 मई तक संचालित किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोखोदेवरा पंचायत में मनरेगा पीओ असलम हुसैन को नोडल पदाधिकारी, लालपुर में कृषि समन्वयक अनिल कुमार को जबकि महुडर में आवास पर्यवेक्षक जितेंद्र कुमार को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। मौके पर प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी लोकेश नाथ चौधरी,विकासमित्र लालपुर के शोभी मांझी,सोखोदेवरा के जितेंद्र मांझी एवं महुडर के चमेली कुमारी समेत सभी संबन्धित विभाग के कर्मी व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हरदिया में लगे सहयोग शिविर में पहुंचे 64 आवेदन, 33 का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

◆ **जीविका सीईओ ने ग्रामीणों एवं जीविका दीदियों से की बातचीत, पदाधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश**

**रजौली**। रजौली प्रखंड क्षेत्र के हरदिया पंचायत सरकार भवन में मंगलवार की सुबह 10 बजे सहयोग शिविर का अयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता नवादा डीटीओ नवीन कुमार पाण्डेय ने किया। शिविर में बिहार जीविका के सीईओ आईएएस हिमांशु शर्मा भी पहुंचे। इस दौरान बीडीओ संजीव झा एवं सीओ गुफरान मजहरी के अलावे हरदिया पंचायत के मुखिया पिंटू साव भी मौजूद रहे। आईएएस हिमांशु शर्मा का स्वागत मुखिया पिंटू साव ने फूलों का गुलदस्ता देकर किया। शिविर में पूर्व से विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राप्त 34 आवेदनों में 33 का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। वहीं शिविर में कुल 20 आवेदन मिले हैं,जिन्हें संबंधित विभाग को भेजा गया है,ताकि उसका निष्पादन एक सप्ताह के भीतर कर लिया जाए। आईएएस हिमांशु शर्मा ने कहा कि सहयोग शिविर सरकार की सराहनीय पहल है। इसमें प्रशासन लोगों के द्वार तक जाकर उनके समस्याओं का समाधान करते हैं। साथ ही बताया कि हरदिया के ग्रामीणों द्वारा सुदूरवर्ती क्षेत्र डेलवा समेत दो जगहों पर विद्यालय की मांग की गई है,जिसपर उन्होंने ग्रामीणों को सकारात्मक आश्वासन दिया है। साथ ही उन्होंने रजौली नगर पंचायत के कचरा निस्तारण को लेकर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए हैं। वहीं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर कहा कि पहले प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों पर एक या दो प्रकार के चिकित्सक हुआ करते थे,अब वहां चिकित्सकों की संख्या बढ़ाई जा रही है,जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था में काफी सुधार देखने को मिल रहा है। वहीं अनुमंडल स्तर पर भी आंख, ईएनटी एवं आर्थो के चिकित्सकों की बहाली की संभावना जताई है। उन्होंने बेहतर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि हरदिया में विभिन्न सेक्टरों के विस्थापितों की भी 20 से 25 वर्षों पुरानी कई समस्याएं सामने आई,जिसका निपटारा जल्द ही राज्य स्तर पर किया जाएगा। हरदिया में आयोजित शिविर में लोगों के सुविधा के लिए कुल 9 काउंटर बनाए गए थे। इन काउंटरों पर प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भी की गई थी। लोग अपनी समस्याओं को संबंधित काउंटर पर जाकर लिखित आवेदन देते दिखाई दिए। इस मौके पर बीपीआरओ हरिमोहन कुमार,एमओ अजीत कुमार,सीडीपीओ सीता कुजूर,विद्युत विभाग के कनीय अभियंता भुवनेश्वर प्रसाद,जीविका बीपीएम मनीष कुमार समेत दर्जनों पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# जनजातीय गौरव उत्सव 2026: रजौली के 3 पंचायतों में चला जनभागीदारी अभियान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली**। जनजातीय गौरव उत्सव 2026 के अंतर्गत रजौली प्रखंड की 3 पंचायतों में मंगलवार को जनभागीदारी अभियान चलाया गया। प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और पंचायत कर्मी अनुसूचित जनजातीय परिवारों के घर-घर जाकर सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ जरूरतमंदों को लाभ दिलवाने पहुंचे। अभियान के तहत हरदिया पंचायत के हरदिया टोला व चितरकोली के दुधीमाटी टोला तथा सवैयाटांड़ पंचायत के चटकरी टोला में विशेष रूप से कार्यक्रम चलाया गया। अधिकारियों ने योजना से वंचित परिवारों को चिन्हित कर मौके पर ही लाभ दिलवाया।

## 11 परिवारों को मिला योजना का लाभ



जनजाति समुदाय से बातचीत करते बीडब्लूओ

**11 परिवारों को मिला लाभ :-** जनभागीदारी अभियान के आयोजन में 5 परिवारों का आयुष्मान कार्ड , 3 परिवारों का राशन कार्ड और 3 परिवारों का जॉब कार्ड को उपलब्ध कराए गए। कुल 11 परिवारों को विभिन्न योजनाओं से आच्छादित किया गया।

प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि सरकार का उद्देश्य विशेष अभियान के जरिए अनुसूचित परिवारों को सभी योजनाओं से जोड़ना है, जिससे इन परिवारों का सामाजिक स्तर में बदलाव आ सके। अधिकारियों ने लाभुकों को योजनाओं के फायदे बताए और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी। इस दौरान पदाधिकारियों ने ग्रामीणों की अन्य समस्याएं भी सुनीं और त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों ने घर तक पहुंचकर योजना का लाभ देने की इस पहल की सराहना की।

# "सहयोग शिविर" के माध्यम से आमजनों की समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधान : प्रभारी मंत्री

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा**। बिहार सरकार के मंत्री मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, सह-नवादा जिला प्रभारी मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन द्वारा जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश, पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव धीमान एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में हिसुआ प्रखंड अंतर्गत सोनसा पंचायत, नारदीगंज प्रखंड अंतर्गत कहुआरा पंचायत तथा नवादा सदर प्रखंड अंतर्गत समाय पंचायत में आयोजित "सहयोग शिविर" का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर माननीय मंत्री ने आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार द्वारा आयोजित "सहयोग शिविर" का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तथा प्रत्येक घर तक पहुंचाना है, ताकि आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु दूर-दूर तक भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है तथा इसी उद्देश्य से "सहयोग शिविर" का नियमित आयोजन किया जा रहा है।

माननीय मंत्री ने कहा कि "सहयोग शिविर" का आयोजन प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को विभिन्न पंचायतों में किया जाएगा। शिविर के माध्यम से राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, जन वितरण प्रणाली, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, भूमि विवाद, पेंशन, आवास एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा "सहयोग शिविर" हेतु पोर्टल भी जारी किया गया है, जिसके माध्यम से आमजन अपनी शिकायत अथवा आवेदन ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों पर 30 दिनों के भीतर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा।




माननीय मंत्री ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता, संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ आमजनों की समस्याओं का निष्पादन करें, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर लोगों तक पहुंच सके। उक्त शिविरों में माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा राशन कार्ड, शौचालय प्रोत्साहन राशि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत स्वीकृति पत्र, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र तथा स्कूली बच्चों के बीच बैग एवं पुस्तक का वितरण किया गया। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच पोशाक वितरित की गई। शिविर में स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण का कार्य भी किया गया तथा आयुष्मान कार्ड योजना से संबंधित लाभ भी उपलब्ध कराए गए।शिविर के दौरान माननीय मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को गृह प्रवेश हेतु चाभी प्रदान की गई तथा दिव्यांगजनों को मोटर ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई।

इसके अतिरिक्त मेसकौर प्रखंड के सहबाजपुर सराय, रजौली प्रखंड के हरदिया तथा सिरदला प्रखंड के उपरडीह पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर का निरीक्षण प्रभारी जिला सचिव श्री हिमांशु शर्मा द्वारा किया गया। इसके साथ ही गोविंदपुर प्रखंड के बनिया बिगहा, पकरीबरावां प्रखंड के ढोंढा, कौआकोल प्रखंड के देवगढ़, अकबरपुर प्रखंड के नेमदारगंज, वारिसलीगंज प्रखंड के चकवाय, नरहट प्रखंड के वभनौर, रोह प्रखंड के कुंज एवं काशीचक प्रखंड के खखरी पंचायतों में भी सहयोग शिविर आयोजित कर निष्पादित आवेदनों से संबंधित स्वीकृति पत्र लाभुकों के बीच वितरित किए गए। कार्यक्रम में वरीय पदाधिकारी, संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ढोढ़ा पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित, जन समस्याओं से जुड़े आवेदन का निराकरण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पकरीबरावां**। समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में मंगलवार को पकरीबरावां प्रखंड के ढोढ़ा पंचायत मुख्यालय स्थित पंचायत सरकार भवन के सभागार में सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम सबका सम्मान जीवन आसान के तहत बीडीओ मृत्युंजय कुमार के देख रेख में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों का निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

शिविर में बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अनिल कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, अंचलाधिकारी निशांत कुमार, बीपीआरओ अमरजीत कुमार सावरी, एमओ कुमारी अलका, बीईओ, मनरेगा पीओ सहित तमाम प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अलग-अलग विभागों से संबंधित शिकायतों एवं आवेदनों को गंभीरता से सुना तथा उनके त्वरित निष्पादन का प्रयास किया।



शिविर के दौरान ग्रामीणों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, लेबर कार्ड, पीएचईडी, नल-जल योजना, बिजली आपूर्ति, राशन कार्ड, पेंशन एवं अन्य जनसमस्याओं से जुड़े आवेदन दिए गए। कई लाभुकों ने सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की, जिसपर संबंधित विभागीय अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। कुछ मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया गया, जिससे ग्रामीणों में संतोष देखा गया। वहीं शेष लंबित मामलों के जल्द निबटारे का आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर मिले तथा उनकी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही किया जा सके। सहयोग शिविर का उद्देश्य आम लोगों को प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाने से राहत देना और एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

बीडीओ मृत्युंजय कुमार ने बताया कि सहयोग शिविर का अगला आयोजन आगामी दो जून को प्रखंड के बुधौली में किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा करें, ताकि समयबद्ध तरीके से उनका समाधान किया जा सके। शिविर के दौरान पंचायत की मुखिया रेखा यादव एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# जनता की चौखट पर प्रशासन : चकवाय पंचायत में सहयोग शिविर में 41 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)**। बिहार सरकार की जनहितकारी योजनाओं और प्रशासन को गांव-गांव तक पहुंचाने की पहल के तहत वारिसलीगंज प्रखंड की चकवाय पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर की अध्यक्षता वरीय समाहर्ता ने किया।शिविर में लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। शिविर में कुल 41 आवेदकों ने अपनी समस्याएं आवेदन के माध्यम से अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनमें अधिकांश मामले जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) और राशन कार्ड से जुड़े थे। अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर लोगों को राहत प्रदान की।

शिविर में जिले के वरीय भूमि सुधार उप समाहर्ता की मौजूदगी में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने प्राप्त आवेदनों की सुनवाई कर उनका समाधान कराया। कई उपभोक्ताओं ने राशन कार्ड से नाम कट जाने, अनाज नहीं मिलने तथा अन्य तकनीकी त्रुटियों से संबंधित शिकायतें दर्ज कराईं, जिनका जांचोपरांत त्वरित निपटारा किया गया।




इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि आम लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए सरकारी दफ्तरों का चक्कर न लगाना पड़े। इसी उद्देश्य से पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित कर विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। सरकार की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का प्रशासन पर भरोसा बढ़ा है और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

शिविर में अंचलाधिकारी राजेश कुमार, थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी, पंचायत मुखिया मृत्युंजय कुमार, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड पार्षद समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार गांव स्तर पर सुशासन और त्वरित सेवा उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही है, जिसका सकारात्मक असर अब ग्रामीण इलाकों में स्पष्ट दिखने लगा है।मौके पर पंचायत के विभिन्न गावों के सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### गयाजी में शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, चपेट में आने से एक महिला की मौत, घटना के समय सेकंड फ्लोर पर थी



**गयाजी।** गयाजी में शॉर्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई। चंद मिनटों ने विकराल रूप धारण कर लिया। लपटें चारों ओर फैल गई। आग की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। घटना बांकेबाजार प्रखंड के रौशनगंज थाना क्षेत्र की है। मृतका की पहचान कुबड़ी गांव निवासी कैलाश साव की पत्नी चमेली देवी(52) के रूप में हुई है। हादसे के समय घर के ऊपरी मंजिल पर थी। जान बचाने की काफी कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। आग इतनी भयावह थी कि गांव के कोई भी शख्स दूसरी मंजिल पर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के सहयोग से एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक महिला की जान जा चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### 'जंग हुई तो लोग जय श्रीराम बोलना भूल जाएंगे'



**गयाजी।** जहानाबाद से आरजेडी सांसद सुरेंद्र यादव ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। गयाजी केदारनाथ मार्केट स्थित कॉपरेटिव बैंक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि अगर अमेरिका में लड़ाई छिड़ गई तो भारत में हालात इतने बिगड़ जाएंगे कि लोग 'जय श्रीराम' बोलना भी भूल जाएंगे। हालात इतने खराब हो जाएंगे कि परलोक सिधार गए बाप-दादा का नाम याद करने लगेंगे। मंच से सांसद सुरेंद्र यादव ने सीधे तौर पर देश की आर्थिक हालत पर सवाल उठाए। कहा कि देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है। आम आदमी की कमर टूट चुकी है। सहकारिता व्यवस्था कमजोर होती जा रही है। अगर समय रहते आर्थिक स्थिति नहीं संभाली गई तो हालात और भयावह हो सकते हैं। अभी तो लोग साइकिल से चल रहे हैं, लेकिन आने वाले दिनों में न तो साइकिल से और न ही पैदल चलने लायक रहेंगे। संसद में बैठकर देश की असली तस्वीर देख रहे हैं। हालात ऐसे बन चुके हैं कि बड़े-बड़े नेता भी अब ऑटो, साइकिल और पैदल चलने को मजबूर दिख रहे हैं। आरजेडी सांसद ने आर्थिक संकट की तुलना कैंसर जैसी बीमारी से करते हुए कहा कि अगर सही समय पर इलाज नहीं हुआ तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो सकती है। देश में सिर्फ नारों से काम नहीं चलेगा। जनता को रोजगार, महंगाई से राहत और मजबूत आर्थिक व्यवस्था चाहिए। को-ऑपरेटिव सेक्टर को मजबूत किए बिना गांव और गरीब की अर्थव्यवस्था नहीं संभल सकती।

### गयाजी में छात्राओं को नर्सिंग सेवा की शपथ दिलाई हेड मास्टर ने कहा- ये सिर्फ नौकरी नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम

**गयाजी।** गयाजी शहर के प्रभावती अस्पताल सह एएनएम स्कूल परिसर में आज कैपिंग सेरिमनी, लैंप लाइटिंग और ओथ टेकिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्राओं में उत्साह देखने को मिला। समारोह में सेवा, समर्पण व मानवता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभावती अस्पताल की सुपरिटेंडेंट डॉ सुषमा वर्मा और एएनएम स्कूल के हेड मास्टर भूरी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। इस मौके पर अस्पताल के कर्मी, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं। समारोह के दौरान नई छात्राओं को नर्सिंग सेवा की शपथ दिलाई गई। छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे मरीजों की सेवा पूरी ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण के साथ करेंगी। साथ ही बिना किसी भेदभाव के जरूरतमंदों की मदद करेंगी। शपथ ग्रहण के दौरान पूरा माहौल भावुक और प्रेरणादायक बना रहा। प्राचार्य भूरी सिंह ने कहा कि कैपिंग और लैंप लाइटिंग कार्यक्रम नर्सिंग शिक्षा का अहम हिस्सा माना जाता है। यह सिर्फ एक परंपरा नहीं, बल्कि सेवा की जिम्मेदारी को समझाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि छात्राओं को पहले थ्योरी की पढ़ाई कराई जाती है। इसके बाद उन्हें प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी जाती है, ताकि अस्पताल में मरीजों की बेहतर तरीके से सेवा कर सकें। उन्होंने कहा कि नर्सिंग सिर्फ नौकरी नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। इस क्षेत्र में अनुशासन, धैर्य और संवेदनशीलता बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में नर्सिंग सेवा की जननी मानी जाने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगल को भी याद किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। रंगारंग कार्यक्रमों ने पूरे माहौल को उत्सव में बदल दिया। तालियों की गूंज के बीच छात्राओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।



### गयाजी के नागोबार जंगल में बम बरामद, बम निरोधक दस्ते ने किया डिफ्यूज

**गयाजी।** गयाजी के लुटुआ थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ के जवानों ने मंगलवार को छिपाकर रखे गए 5 किलोग्राम के आईईडी बम को बरामद किया। आईईडी बम जंगल-पहाड़ी इलाके में सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए लगाया गया था। आईईडी बम बरामद किए जाने के बाद क्षेत्र में सर्च अभियान और तेज कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, 215 बटालियन सीआरपीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि नागोबार इलाके के जंगलों में नक्सलियों ने विस्फोटक छिपाकर रखा है। सूचना मिलते ही कमांडेंट विनोद कुमार मोहराली के निर्देशन में मंगलवार सुबह करीब 5 बजे संयुक्त सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। अभियान का नेतृत्व कंपनी कमांडर बासुमतारी कर रहे थे। सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस की टीम "साडो अभियान" के तहत जंगल और पहाड़ी इलाकों में लगातार तलाशी ले रही थी। इसी दौरान जवान एक पहाड़ी क्षेत्र में पहुंचे तो अचानक डीएसएमडी की बीप जैसी आवाज सुनाई दी। आवाज सुनते ही जवान सतर्क हो गए और आसपास की बारीकी से जांच शुरू की गई। तलाशी के दौरान जमीन के अंदर दबाकर रखा गया करीब पांच किलो वजन का शक्तिशाली आईईडी बरामद हुआ। बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के इरादे से इसे प्लांट किया था। अगर समय रहते इसका पता नहीं चलता तो बड़ा नुकसान हो सकता था। आईईडी मिलने के बाद तुरंत सीआरपीएफ की बीडीएस टीम को बुलाया गया। टीम ने सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए मौके पर ही विस्फोटक को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। इसके बाद पूरे इलाके की दोबारा सघन जांच की गई। अधिकारियों का कहना है कि नक्सली लगातार जंगल क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की गतिविधियों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि जवान पूरी सतर्कता के साथ अभियान चला रहे हैं। फिलहाल इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। सुरक्षा बल जंगल और पहाड़ी इलाकों में लगातार कॉम्बिंग कर रहे हैं ताकि किसी भी तरह की नक्सली गतिविधि पर पूरी तरह लगाम लगाई जा सके।

# औरंगाबाद से किडनैप्ड 4 साल का बच्चा गयाजी से बरामद सीसीटीवी फुटेज के जरिए पुलिस आरोपी महिला तक पहुंची

## पूजा करने के दौरान किया था अगवा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** औरंगाबाद के ओबरा से किडनैप किए गए 4 साल के बच्चे को गयाजी से बरामद किया गया है। मामले में गयाजी पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। पूरे मामले का खुलासा मगध रेंज के आईजी विकास वैभव ने गयाजी स्थित मगध रेंज कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया। जानकारी के मुताबिक, 4 साल के बच्चे को शनिवार को वट सावित्री पूजा के दौरान उस समय किडनैप किया गया था, जब उसकी मां पूजा कर रही थी। महिला ने पूछताछ में बताया कि उसने बच्चे को उसका आंटी बताया था और उसे उठा लिया था। आईजी विकास वैभव ने बताया कि वट सावित्री पूजा के दिन ओबरा मंदिर परिसर से 4 साल का बच्चा अचानक गायब हो गया था। घटना के बाद परिवार ने पुलिस को मामले की जानकारी दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत विशेष जांच टीम का गठन किया और कई स्तर पर जांच शुरू की गई।

**जांच के दौरान पुलिस ने मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले:** जांच के दौरान पुलिस ने मंदिर परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में एक महिला को बच्चे को बहला-फुसलाकर साथ ले जाते हुए देखा गया। इसके बाद पुलिस ने रेलवे स्टेशन और आसपास के इलाकों के कैमरों की भी जांच शुरू की। शुरुआती दौर में रेलवे स्टेशन का स्पष्ट फुटेज नहीं मिलने से पुलिस को काफी परेशानी हुई। इसके बाद मगध क्षेत्र के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच की गई। इसी दौरान गयाजी जंक्शन के फुटेज में महिला बच्चे के साथ दिखाई दी। आगे की जांच में महिला को टेंपो से जाते देखा गया। इसके बाद तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी। मामले के खुलासे के लिए गठित विशेष टीम का नेतृत्व दाउदनगर एसडीपीओ कर रहे थे। वहीं, गयाजी के एसएसपी सुशील कुमार और औरंगाबाद एसपी अंबरीष राहुल के निर्देश पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया गया। आखिरकार गयाजी शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र स्थित डेल्हा ब्रिज इलाके से बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया।

पुलिस ने इस मामले में रंजू देवी नाम की महिला को गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि महिला पहले भी इस तरह की घटनाओं में शामिल रही है या नहीं। महिला के पास से एक और बच्चा बरामद हुआ है। उसकी भी पुलिस जांच कर रही है। हालांकि महिला का दावा है कि वो बच्चा उसका है। आईजी ने बताया है कि महिला के पीछे किसी गिरोह का हाथ है, इस प्वाइंट पर भी महिला से पूछताछ चल रही है। पुलिस भी अपने स्तर से इस पहलू पर गहनता से जांच कर रही है। आईजी विकास वैभव ने कहा कि बच्चों के गायब होने के मामलों को पुलिस बेहद गंभीरता से ले रही है। उन्होंने पुलिस टीम की सराहना करते हुए कहा कि लगातार मेहनत और तकनीकी जांच के कारण मासूम को सुरक्षित बरामद किया जा सका।






### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बीकोपुर पंचायत में लगा सहयोग शिविर, 78 प्रतिशत मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट समाधान



बीकोपुर पंचायत सरकार भवन में आयोजित सहयोग शिविर में आवेदन लेते अधिकारी।

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**इमामगंज।** बिहार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने और आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से मंगलवार को इमामगंज प्रखंड के बीकोपुर पंचायत सरकार भवन में विशेष सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में चलाए जा रहे जनसहयोग अभियान के तहत आयोजित किया गया। शिविर की निगरानी अपर समाहर्ता विभागीय जांच रविशंकर शर्मा ने की, जबकि कार्यक्रम का नेतृत्व स्थानीय मुखिया मेंहरे अंगेज खानम ने किया। वहीं शिविर की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने की। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 297 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से करीब 78 प्रतिशत मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। अधिकारियों ने लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की। इस संबंध में बीडीओ संजय कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदनों में राजस्व विभाग से सर्वाधिक 196 आवेदन शामिल थे। इसके अलावा ग्रामीण विकास विभाग से 69, पीएचईडी से 8, आरडब्ल्यूडी से 7, बाल विकास परियोजना से 6, बिजली विभाग से 4, स्वास्थ्य विभाग से 3, शिक्षा विभाग से 3 तथा पेंशन योजना से 1 आवेदन प्राप्त हुआ। इस मौके पर इमामगंज सीओ सुकेश कुमार, प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, मुखिया मेंहरे अंगेज खानम, मुखिया प्रतिनिधि छोटन खान सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जनभागीदारी कार्यक्रम के तहत चटकरी गांव में चला पशु चिकित्सा शिविर, 27 पशुओं का हुआ इलाज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** जनभागीदारी योजना के सबसे दूर,सबसे पहले कार्यक्रम के तहत पशुपालन विभाग रजौली द्वारा दूरस्थ एवं आदिवासी क्षेत्रों में पशु स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का कार्य जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट (एमभीयू) को सवैयाटांड़ पंचायत के चटकरी गांव में भेजा गया।एमभीयू की टीम ने गांव में पहुंचकर पशु चिकित्सा सेवा के साथ कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार भी किया। इस दौरान 11 आदिवासी पशुपालकों के कुल 27 पशुओं का मौके पर उपचार किया गया। टीम ने पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों से बचाव, समय पर टीकाकरण, साफ-सफाई और संतुलित आहार के महत्व के बारे में पशुपालकों को विस्तार से जानकारी दी।

**टीम ने दी जरूरी जानकारी :-** मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट में कार्यरत पशु चिकित्सक डॉ. बिपिन बिहारी प्रसाद, पारा वेट पप्पू कुमार और वाहन चालक विद्या सागर कुमार ने शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। टीम ने पशुपालकों को बताया कि बारिश के मौसम से पहले खुरपका-मुंहपका, गलघोंटू जैसी बीमारियों का टीका जरूर लगवाएं। साथ ही पशुशाला की नियमित सफाई और हरा चारा के साथ खनिज मिश्रण देने की सलाह दी।

**ग्रामीणों ने सराही पहल :-** स्थानीय पशुपालकों ने विभाग की इस पहल की सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि दूरस्थ आदिवासी क्षेत्र होने के कारण पशुओं के बीमार पड़ने पर समय से इलाज नहीं मिल पाता था। मोबाइल यूनिट के गांव तक पहुंचने से अब पशुओं का मुफ्त इलाज और जरूरी सलाह एक साथ मिल रही है। यह योजना ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के लिए बेहद लाभकारी है। पशुपालन विभाग ने बताया कि 'सबसे दूर, सबसे पहले' के तहत चिन्हित गांवों में आगे भी नियमित रूप से एमभीयू भेजी जाएगी, ताकि अंतिम व्यक्ति तक पशु स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच सकें।



शिविर में पशुओं का इलाज करते चिकित्सक

### घरवासडीह मठाधीश्वर परम पूज्य श्री श्री 1008 श्री नारायणाचार्य स्वामी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित छह दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट /रोहतास ।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देव मार्कण्डेय निज धाम स्थित गौरी शंकर महादेव मंदिर परिसर सोमवार संध्या से भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो उठा । घरवासडीह मठाधीश्वर परम पूज्य श्री श्री 1008 श्री नारायणाचार्य स्वामी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित छह दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं स्वस्तिवाचन के साथ श्रद्धा और उल्लासपूर्ण माहौल में हुआ । यज्ञ के शुभारंभ के साथ ही मंदिर परिसर में भक्ति,आस्था और सनातन संस्कृति की अलौकिक छटा बिखर गई । दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर कथा श्रवण का पुण्य लाभ लिया ।आयोजन के प्रथम दिन बसांव से पधारे कथावाचक श्री श्री 1008 श्रीधर दास जी महाराज ने संध्या पांच बजे से रात्रि आठ बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया । कथा के दौरान भगवान की महिमा,धर्म,भक्ति एवं मानव कल्याण से जुड़े प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे । आयोजन समिति ने बताया कि 19 मई से प्रारंभ हुआ यह श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ 24 मई तक प्रतिदिन संध्या पांच बजे से रात्रि आठ बजे तक चलेगा । वहीं 25 मई को दोपहर 12 बजे से विशाल प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा,जिसमें आसपास के गांवों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है । पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है । श्रद्धालुओं का कहना है कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना,संस्कार और आपसी भाईचारा मजबूत होता है ।



### शाहरुख और जोएल की किताब का नालंदा के कुलपति ने किया विमोचन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नारदीगंज।** जिले के युवा फोटोग्राफर शाहरुख दावर खान और उनकी सहपाठी जोएल गुहा की किताब का विमोचन अंतरराष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने सोमवार को विश्वविद्यालय स्थित विश्वामित्रालय सभागार में किया। यह विमोचन विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत के अंतर्गत हो रहे स्नाकोत्सव कार्यक्रम में किया गया। जोएल और शाहरुख की इस किताब का नाम 'स्केटर' है। इस किताब में जोएल ने कविताएं लिखी हैं, वहीं उसके पूरक के रूप में शाहरुख की तस्वीरें मौजूद हैं।

शाहरुख ने बताया कि जोएल पहले से ही किताबें लिखती आ रही हैं और यह उनकी तीसरी किताब है। जोएल ने नालंदा विश्वविद्यालय से विश्व साहित्य में मास्टर्स की पढ़ाई की है। उन्होंने बताया कि फोटोग्राफी और कविता दोनों भावनाओं को व्यक्त करने के अलग-अलग माध्यम हैं। जोएल की कविताएं स्त्री जीवन के कठिन और विभिन्न आयामों से गुजरते हुए खुद को पहचानने के सफर को दर्शाती हैं, जबकि खान की तस्वीरें उन्हीं कविताओं के भावार्थ को अलग तरीके से प्रस्तुत करती हैं। यह सीधे तौर पर कविताओं का अनुवाद नहीं है।

किताब का प्रकाशन कोलकाता स्थित भारत की सबसे पुरानी किताब दुकानों में शुमार, वर्ष 1886 में स्थापित दास गुप्ता एंड कंपनी ने किया है। वरिष्ठ मराठी साहित्यकार संजय पावर, जोधपुर निवासी वरिष्ठ फोटोग्राफर प्रोफेसर शिवनारायण जोशी 'शिवजी', लाइफस्टाइल फोटोग्राफर रवि ढींगरा और लेखक चेतनानंद सिंह जैसे लोगों की टिप्पणियों को भी किताब में जगह दी गई है।

किताब के कवर पेज और अंदर कई जगहों पर नवादा की बिटिया माही राज की तस्वीरें लगी हैं। किताब में आंखों में आंसू भरी माही की एक तस्वीर दो पन्नों में फैली हुई है। यह कृत्रिम नहीं, बल्कि माही के अपने सबसे बुरे वक्त को याद करते हुए रोने के दौरान की तस्वीर है। विदित हो कि माही 'मिस नवादा 2023' के खिताब से सम्मानित हो चुकी हैं।

माही के माता-पिता वर्षा रानी और सुमन कुमार ने बताया कि माही हमेशा कुछ अलग करने वाली रही है। ऐसे प्रतिष्ठित प्रकाशन से छपी किताब के कवर पेज पर माही को देखना एक सुखद एहसास है। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि शाहरुख ने अपनी किताब के लिए नवादा के हुनर को मुख्य चेहरा बनाया।

किताब के विमोचन के मौके पर कुलपति ने कहा कि नालंदा के छात्र हर विधा में नाम रौशन कर रहे हैं। अपने विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई इस किताब का विमोचन कर उन्हें काफी खुशी हुई। जोएल ने बताया कि यह किताब किताब दुकानों के अलावा अमेजन पर भी उपलब्ध रहेगी।

किताब के विमोचन के दौरान माननीय कुलपति के अलावा प्रोफेसर सच्चिदानंद मिश्रा (सदस्य सचिव, भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद), डॉ मयंक शेखर (मिशन डायरेक्टर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र), प्रोफेसर डी वेंकट राव, प्रोफेसर गोदावरीश मिश्रा, वरिष्ठ इतिहासकर करमतेज सिंह सराओ, डॉ. मीर इस्लाम, डॉ श्रीशा उडुपा, डॉ पूजा डबराल, डॉ. तोसाबंता पधान , डॉ स्मिता, डॉ एलोरा, समेत विश्वविद्यालय के अन्य प्रोफेसर, स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# ज्योति मांझी के काफिले पर हमले का विरोध, थानाध्यक्ष के निलंबन की मांग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गया।** गयाजी स्थित सर्किट हाउस में आज हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) पार्टी के सात सदस्यीय शिष्टमंडल ने पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) और वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) से मुलाकात की। शिष्टमंडल ने केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की समधन ज्योति मांझी के काफिले पर हुए हमले के मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी नेताओं ने घटना में शामिल सभी दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी और मोहनपुर थाना अध्यक्ष को निलंबित करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि स्थानीय पुलिस की कार्रवाई संतोषजनक नहीं रही है, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में असंतोष है।

हम पार्टी नेताओं के अनुसार, बीते दिनों ज्योति मांझी के काफिले पर हुए हमले ने असामाजिक तत्वों की ओर से कानून व्यवस्था को चुनौती दी है। उन्होंने जोर दिया कि जनप्रतिनिधियों और उनके परिजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

**पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी:** शिष्टमंडल ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कठोर कदम नहीं उठाए, तो पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी। शिष्टमंडल में जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी, सांसद प्रतिनिधि नंदलाल मांझी, कार्यकारिणी सदस्य सुधीर यादव, शंकर मांझी, दिवाकर कुमार, दिना मांझी और संतोष साव शामिल थे।

## ♦ हम पार्टी ने दी प्रशासन को आंदोलन की चेतावनी

नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि ऐसी घटनाएं लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं और इनसे आम जनता में भय का माहौल बनता है। उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच और सभी शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। नेताओं ने मोहनपुर थाना अध्यक्ष की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए उनके तत्काल निलंबन और विभागीय जांच की शुरुआत की भी मांग की।

**सामाजिक न्याय और वंचितों की आवाज उठाती रही:** पार्टी नेताओं ने दोहराया कि हम पार्टी हमेशा सामाजिक न्याय और वंचितों की आवाज उठाती रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से नहीं लेता है तो राज्यव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा।

7 सदस्यीय शिष्टमंडल ने कहा कि यह केवल एक परिवार पर हमला नहीं बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और कानून व्यवस्था पर हमला है। सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बड़ी संख्या में हम पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने युवती भगाने के मामले में एक आरोपी किया गिरफ्तार भेजा जेल

**दिनारा /रोहतास।** थाना की पुलिस ने युवती भगाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । थानाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि स्थानीय थाना में दर्ज कांड संख्या 29/26 के तहत लड़की भगाने के मामले में पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही थी । इसी क्रम में बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के धनगाई गांव निवासी संदीप कुमार को गिरफ्तार किया गया । थानाध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं और युवतियों से जुड़े मामलों में पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई कर रही है । किसी भी आरोपी को कानून से बचने नहीं दिया जाएगा और ऐसे मामलों में लगातार सख्त अभियान जारी रहेगा ।

### करीब 35 लीटर अंग्रेजी शराब किया बरामद किया हालांकि पुलिस की भनक लगते ही धंधेबाज मौके से फरार

**बिक्रमगंज /रोहतास।** नटवार थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करहंसी गांव के समीप से ब्लू लाइन कंपनी का करीब 35 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है । हालांकि पुलिस की भनक लगते ही धंधेबाज मौके से फरार होने में सफल रहा ।थानाध्यक्ष रंजय कुमार ने बताया कि पुलिस ने करहंसी के समीप से करीब 35 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है । उन्होंने बताया कि पुलिस की भनक मिलते ही कारोबारी भागने में सफल रहा । हालांकि उसकी पहचान को लेकर पुलिस लगातार जांच में जुटी हुई है और संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है । मामले में नटवार थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है । थानाध्यक्ष ने कहा कि जिले में शराब तस्करी पर पूरी तरह नकेल कसने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है । अवैध कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और फरार तस्कर को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

### एनडीए कार्यकर्ताओं ने राज्य सभा सांसद का किया भव्य स्वागत



**कोचस (रोहतास)।** एनडीए कार्यकर्ताओं ने कोचस चौक पर राज्य सभा सांसद शिवेश राम का भव्य स्वागत किया।इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें फ़ूल मालाओं से लादकर एनडीए सरकार के समर्थन में जमकर नारेबाजी की।इस अवसर पर राज्य सभा सांसद ने चौक स्थित राष्ट्र पिता महात्मा गांधी व संविधान निर्माता बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्य सभा सांसद पटना से कैमुर जा रहे थे इसी क्रम में कोचस चौक पर कार्यकर्ताओं से मुखातिब थे।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पूर्वी, संतोष तिवारी मंडल अध्यक्ष पश्चिमी,जद यू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर सिंह, नरेंद्र जोशी आदि उपस्थित

### चोरी की घटना से इलाके में दहशत , चोरी की घटना में हो रही बढ़ोतरी से जनता चिंतित



**काराकाट / रोहतास** ।थाना क्षेत्र के सखवां गांव में अज्ञात चोरों ने रविवार रात को एक घर में प्रवेश कर वहां रखे 15,000 नगद और करीब 7 लाख कीमत के गहने पार कर दिए। सोमवार सुबह घर के लोग जागे तो घर का सामान बिखरा मिला। परिजनों ने तुरंत डायल 112 व थाना को सूचित किया। घटना की सूचना पर थाना अध्यक्ष विवेक कुमार व पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गहन जांच-पड़ताल की। पुलिस ने डॉग स्क्वायड बुलाकर पूरे घर व आसपास का सर्वे किया, लेकिन देर संध्या तक मौके से कोई ठोस सुराग नहीं मिला। गोरख पारसी के सखवां गांव निवासी उदय तिवारी ने थाने में लिखित आवेदन देकर बताया कि चोर संभवतः बगल खपड़े वाले मकान से प्रवेश कर घर में चोरी की वारदात को अंजाम दे गए। उनके अनुसार गायब हुए गहनों में सोने का मंगलसूत्र, झुमका, चेन, अंगूठी और कुछ कपड़े शामिल हैं। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच हर पहलू से की जा रही है। उन्होंने कहा कि डॉग स्क्वायड की टीम ने गहनता से साइट की तलाशी ली है और जल्दी ही चोरों तक पहुंचने के लिये प्रयास जारी हैं।

### दिवंगत पत्रकार समरेश पांडेय की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**कारकाट /रोहतास** । प्रखंड के संसार डिहरी में दिवंगत पत्रकार समरेश पांडेय हिन्दुस्तान की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन उनके परिवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में परिवार के सदस्यों ने समरेश पांडेय की प्रतिमा व चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। एक वर्ष पूर्व 19 मई को दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। उन्हें अंतिम संस्कार स्थान पर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई थी। श्रद्धांजलि सभा में पिता रजनीकांत पांडेय, पत्नी प्रियंका पांडेय, दो छोटे बेटे समर्थ कुमार व प्रियांश कुमार, माता सारधा पांडेय व भाई विकाश पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। मानवता सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण दुब्बे, सचिव अखिलेश तिवारी, संतोष उपाध्याय, गुड्डू उपाध्याय, दशरथ मिश्रा, योगेंद्र तिवारी व रवि कान्त तिवारी सहित सामाजिक व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी सभा में शामिल हुए।

### वोल्टेज दुरूस्त करने हेतु ट्रांसफार्मर से जोड़ा गया नया अर्थींग



**राजपुर।** क्षेत्र अन्तर्गत लो अथवा हाई वोल्टेज सप्लाई बिजली विभाग सिस्टम का सबसे कमजोर कडी बना हुआ है.जरा सा आंधी तूफान व बारिश होने पर सप्लाई प्रभावित हो जाता है. राजपुर निवासी उपभोक्ता श्याम जी तिवारी, अनिल कुमार समेत अन्य ने बताया कि विद्युत कटिंग उपरांत इतना अधिक वोल्टेज सप्लाई आता है कि लोगों के घर में लगे सभी उपकरणों में खराबी आ जा रही है अथवा सप्लाई इतना कमजोर होता है कि उपकरण सही तरीके से काम नहीं करते.दोनों स्थिति में उपभोक्ताओं को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड रहा है. मामले में विभाग के कनीय अभियन्ता शनि कुमार ने बताया कि वोल्टेज दुरूस्त रखने हेतु सभी ट्रांसफार्मरों को नये अर्थींग पाईप से जोड़ा जा रहा है. हाई वोल्टेज सप्लाई से उपभोक्ताओं के नुकसान की खबर अक्सर विभाग को मिलता रहता है.इसे दुरूस्त करने के हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं.

# कोचस में अवैध वसूली का शिलसिला जारी, वाहन चालक परेशान

## अवैध वसूली से नाराज वर्षों पूर्व चालकों ने सड़क जाम कर किया था विरोध

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**कोचस (रोहतास)** नगर पंचायत क्षेत्र से गुजरने वाले राजमार्गों पर मालवाहक वाहनों से टैक्स वसूली को लेकर विवाद गहराता जा रहा है.कोचस नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी ओमप्रकाश सिंह ने स्पष्ट कहा है कि राजमार्ग से गुजरने वाले वाहनों से किसी भी प्रकार का टैक्स वसूलना अवैध व गैरकानूनी है.हालांकि,इसके विपरित सासाराम-चौसा पथ (स्टेट हाइवे 17) और आरा-मोहनियां पथ(एनएच 319) पर नगर पंचायत क्षेत्र में वाहनों से टैक्स वसूली की जा रही है.ऐसा ही नजारा सोमवार की देर शाम सासाराम-चौसा पथ (स्टेट हाइवे 17)पर नगर पंचायत क्षेत्र में गंगा पासवान उच्च माध्यमिक विद्यालय के समीप देखने को मिला. जहां,नगर पंचायत का कर्मचारी द्वारा बड़ा बाबू के नाम पर खाद्य पदार्थ लदे पिकअप वाहन से जबरन वसूली की जा रही थी.इओ के हस्ताक्षर युक्त गले में पहचान पत्र लगाये कर्मचारी से जब पूछा गया,तो उन्होंने कहा कि बाहरी वाहनों से जबरन वसूली करने का आदेश बड़ा बाबू ने दिया है.हालांकि,वह बड़ा बाबू के संबंध में स्पष्ट जानकारी देने से परहेज़ कर रहा था.बताया जाता है कि सैरातों की बंदोबस्ती नहीं होने के कारण यह वसूली नगर पंचायत के नाम पर की जा रही है.सोमवार की देर शाम गंगा पासवान उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास स्टेट हाइवे 17 और महात्मा गांधी चौक के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर कुछ युवकों द्वारा अन्य राज्यों के मालवाहक वाहनों से नगर पंचायत शुल्क के नाम पर वसूली की जा रही थी.

पूछे जाने पर युवकों ने स्वयं को नगर पंचायत से जुड़ा बताया, हालांकि उन्होंने अपनी पहचान स्पष्ट नहीं की.गौरतलब हो कि इससे पहले 21 जनवरी 2026 को सदर एसडीएम डॉ नेहा कुमारी और तत्कालीन एसडीपीओ टू कुमार वैभव ने 319 पर हाट-बाजार और सैरात के नाम पर बाहरी वाहनों से वसूली करते कोचस थाना क्षेत्र के खैरी गांव निवासी अयोध्या सिंह के पुत्र कलेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा था.इसके अलावा वर्ष 2024 में इसी तरह की वसूली का विरोध करने पर ट्रक चालकों द्वारा सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन भी किया गया था.इसके बावजूद यह विवादित वसूली का मामला लगातार जारी रहने से स्थानीय लोगों और चालकों में नाराजगी बनी हुई है.

इस संबंध में नगर इओ ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र से अब तक इस संबंध में कोई लिखित शिकायत नहीं आयी है.यदि शिकायत मिलती है तो उसकी जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी.

### मुड़ियार में सहयोग शिविर: DM ने बांटे राशन कार्ड व ट्राईसाइकिल, कई समस्याओं का मौके पर समाधान



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

- सहयोग शिविर का हुआ आयोजन
- रोहतास के एसपी एवं डीएम ने किया वृक्षारोपण

**अकोढ़ी गोला(रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के मुड़ियार पंचायत सरकार भवन पर मंगलवार को DM उदिता सिंह की अध्यक्षता में सहयोग शिविर आयोजित हुआ। DM और SP ने वृक्षारोपण कर शिविर की शुरुआत की।

मंच पर मौजूद रोहतास डीएम उदिता सिंह और रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार तथा डेहरी एसडीएम निलेश कुमार, अकोढी गोला प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि रंजन कुमार, अंचलाधिकारी निधि ज्योत्सना, पंचायत के मुखिया वीरेंद्र तिवारी, सरपंच उदय कुमार सिंह आदि लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मंच का उद्घाटन किया। शिविर में लाभुकों को राशन कार्ड, प्रमाण पत्र, शौचालय निर्माण की राशि और दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल वितरित की गई। कई शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में डेहरी विधायक राजीव रंजन सिंह भी मौजूद रहे। DM उदिता सिंह ने कहा कि सरकार का उद्देश्य पंचायत स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान करना है ताकि नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन करने का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर शिविर आयोजन की सराहना की।

## सहयोग शिविर का किया गया आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट /रोहतास** । प्रखंड की जयश्री पंचायत में मंगलवार को एक सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएँ अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कीं। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राहुल कुमार सिंह ने बताया कि शिविर में कुल 123 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 117-18 आवेदनों का 15 दिनों के भीतर ही निष्पादन कर दिया गया। जिन लाभार्थियों की समस्याओं का समाधान हुआ, उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

आवेदनों में आवास संबंधी शिकायतें सर्वाधिक (21) थीं। इसके अतिरिक्त, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित 16, पेंशन से जुड़ी 6, शौचालय से 1 और चापाकल की मरम्मत के 3 मामले सहित अन्य कई प्रकार की समस्याएँ भी दर्ज की गईं।

शिविर में बीडीओ राहुल कुमार सिंह के साथ अंचलाधिकारी डॉ. रितेश कुमार, श्रम परिवर्तन पदाधिकारी देवाशीष कुमार, पंचायत राज पदाधिकारी रेणुका कुमारी, आरओ ध्रुव कुमार, एमओ राहुल कुमार, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी और कनीय अभियंता (बिजली) संजीत कुमार सहित अन्य प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय कर्मी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान में सक्रिय भूमिका निभाई।

प्रखंड प्रशासन की योजना के अनुसार, यह सहयोग शिविर अब हर महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य प्रखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा जनता की समस्याओं की सुनवाई करना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। स्थानीय लोगों ने इस पहल पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुँचने में मदद मिलेगी।

### प्रज्ञा प्रवाह चित्ति के बैनर तले आयोजित मासिक व्याख्यानमाला कार्यक्रम को पर्यावरण चेतना का सशक्त मंच बन गया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज / रोहतास** : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खैरा भूधर स्थित भाजपा नेत्री किरण प्रभाकर के कार्यालय परिसर में प्रज्ञा प्रवाह चित्ति के बैनर तले आयोजित मासिक व्याख्यानमाला कार्यक्रम सोमवार को पर्यावरण चेतना का सशक्त मंच बन गया । वैदिक मंत्रोच्चारण एवं दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुए कार्यक्रम में जैव विविधता संरक्षण,प्रकृति संतुलन और बढ़ते पर्यावरण संकट पर गंभीर चर्चा की गई । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अंजबित सिंह महाविद्यालय बिक्रमगंज के वनस्पति विभागाध्यक्ष सह चर्चित लेखक,यूथ ग्रीन आइकॉन एवं बिहार गौरव पुरस्कार से सम्मानित डॉ कन्हैया सिंह ने अपने ओजस्वी और चेतावनी भरे संबोधन से उपस्थित लोगों को झकझोर दिया । उन्होंने कहा कि मानव ने विकास के नाम पर प्रकृति का अंधाधुंध दोहन कर पृथ्वी के संतुलन को बुरी तरह बिगाड़ दिया है । जंगलों की कटाई,नदियों का प्रदूषण,बढ़ता तापमान और घटते जलस्रोत अब सीधे मानव सभ्यता के लिए खतरे की घंटी बन चुके हैं । डॉ सिंह ने कहा कि प्रकृति अब चुप नहीं है । वह अपना हिसाब लेना शुरू कर चुकी है । कभी भीषण गर्मी,कभी बाढ़,कभी सूखा और कभी विनाशकारी तूफान ये सब प्रकृति की वही चेतावनियां हैं,जिन्हें इंसान लगातार नजरअंदाज करता आ रहा है । यदि अब भी समाज नहीं जागा तो इंसान खुद अपने हाथों अपना विनाश लिख देगा । उन्होंने कहा कि जैव विविधता केवल विज्ञान का विषय नहीं,बल्कि जीवन की सुरक्षा का आधार है । पेड़-पौधे,वन्यजीव, नदियां और जंगल पृथ्वी की सांसें हैं । यदि यह श्रृंखला टूट गई तो मानव जीवन का अस्तित्व भी खतरे में पड़ जाएगा । उन्होंने कहा कि आज हालात ऐसे बनते जा रहे हैं कि आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध हवा और पानी भी खरीदना पड़ सकता है ।

मौके पर सेवानिवृत शिक्षक राम नरेश पांडेय, डॉ नागेंद्र झा महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अमरेंद्र कुमार मिश्रा,डॉ अरुण कुमार,डॉ दिलीप कुमार,डॉ रविकांत पांडेय,डॉ अभिषेक पांडेय, भाजपा बिहार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मदन प्रसाद वैश्य,इंदु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय के व्याख्याता डॉ रविंद्र कुमार,भाजपा नेता नवीन चंद्र साह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# लहेरी पंचायत सरकार भवन मे सहयोग शिविर आयोजन, फरियादियों की सुनी गई बात

## शिविर मे पड़े 104 आवेदन मे 85 मामलो का ऑन द स्पॉट हुआ निपटारा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कोचस (रोहतास)** प्रखंड क्षेत्र के लहेरी पंचायत सरकार भवन में सहयोग शिविर का आयोजन मंगलवार को लंबित पड़े 80 मामलों का निपटारा ऑन द स्पॉट किया गया.कार्यक्रम का उद्घाटन वरीय उपसमाहर्ता विनिता कुमारी तथा संबंधी अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया. इस दौरान उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में आज लहेरी पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन गया है.इसका मुख्य उदेस्य ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन की समस्याओं का त्वरित निष्पादन,तथा जनता एवं संबंधी पदाधिकारियों के बीच सीधा संवाद होना है.यह शिविर महीने के मंगलवार के पहला तथा तीसरे दिन आयोजित की जाएगी. जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रभूषण गुप्ता ने बताया कि सभी योजनाओं से फरियादियों के द्वारा 104 आवेदन प्राप्त हुए जहां 85 मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया. बाकी प्राप्त आवेदन का अगले दिन निष्पादन किया जाएगा। इस सहयोग शिविर मे सुरक्षा व्यवस्था,जन वितरण प्रणाली, राजस्व पेयजल,विद्युत,स्वास्थ्य,शिक्षा,कृषि,भूमि समस्या,पेंशन,आवास एवं अन्य समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है. सभी विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया गया कि तत्परता के साथ आमजनों की समस्याओं का अविलंब निपटारा किया जाए। वही आयोजित इस शिविर में मामले का हुए निपटारी के बाद फरियादियों ने खूब सराहना की है कहा कि सरकार के द्वारा चलाई गई यह शिविर अत्यंत लाभदायक है और जन हित मे है।शिविर दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी चन्द्रभूषण गुप्ता, अंचलाधिकारी विनीत व्यास,थानाध्यक्ष नीतीश कुमार, पीएचसी बीएचएम मतिऊर रहमान ताज,बीसीओ कुणाल कुमार,बीएसओ सुरभि राज, विद्युत एसडीओ अमन कुमार,जेई(विद्युत)राहुल रंजन, सीडीपीओ सुष्मिता, मुखिया अस्तोरना देवी,मुखिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार सिंह के साथ अन्य संबंधी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### करगहर में खुला सिद्धी विनायक ई-बाइक व स्कूटी शोरूम



मो0शमशाद आलम

- पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के बीच लोगों को मिलेगा किफायती विकल्प
- जदयू नेता गुप्तेश्वर सिंह ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**करगहर (रोहतास)।** बदलते दौर में जहां पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगातार आम लोगों की जेब पर बोझ बढ़ा रही हैं, वहीं अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग तेजी से बढ़ने लगी है। इसी कड़ी में सोमवार को करगहर बाजार के सिरिसिया स्थित सिद्धी विनायक ई-बाइक एवं स्कूटी शोरूम का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन जदयू राज्य परिषद सदस्य सह पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष गुप्तेश्वर सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान शोरूम को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं पुष्पहार देकर किया गया।

इस अवसर पर गुप्तेश्वर सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में इलेक्ट्रिक वाहन लोगों की जरूरत बनते जा रहे हैं। लगातार बढ़ती पेट्रोल कीमतों से आम लोग परेशान हैं, ऐसे में ई-बाइक और ई-स्कूटी एक बेहतर और सस्ता विकल्प साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि देश के बड़े शहरों के साथ अब छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि करगहर में इस तरह के शोरूम के खुलने से स्थानीय लोगों को अब इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। साथ ही सर्विसिंग और रखरखाव की सुविधा भी स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगी।

शोरूम के प्रोपराइटर पूर्व मुखिया रामजी सेठ एवं रौशन कुमार सोनी ने बताया कि शोरूम में विभिन्न मॉडल की ई-बाइक और ई-स्कूटी उपलब्ध रहेंगी। ग्राहकों की जरूरत और बजट को ध्यान में रखते हुए उचित मूल्य पर वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा बेहतर सर्विसिंग सुविधा और कुशल मैकेनिकों की व्यवस्था भी की गई है, ताकि ग्राहकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में सिद्धी विनायक ई-बाइक शोरूम लोगों को आधुनिक और किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार, भाजपा प्रखंड उपाध्यक्ष मनीष कुमार पटेल, संजय पटेल, मुन्ना कुशवाहा, धनंजय पांडेय उर्फ टाइगर बाबा, दीपक रंजन वर्मा दीपू, राजद नेता इश्तियाक आलम, विजय पांडेय, नरेंद्र तिवारी रिंकू, बच्चा सिंह यादव, स्वर्णकार संघ अध्यक्ष कपील सोनी, प्रदीप सोनी, धर्मवीर सोनी, गोलू सोनी, सरोज सोनी पिंटू, परमानंद सोनी, सरोज सेठ, चंदन सोनी, राजू सेठ, मिथलेश सेठ, संतोष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्र में पोशाक वितरण के दूसरे दिन बवाल

## महादलित बच्चों से ड्रेस उतरवाने का आरोप, ग्रामीणों ने किया हंगामा





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**करगहर।** प्रखंड क्षेत्र के सिरिसियां स्थित महादलित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-27 में मंगलवार को उस समय हंगामा मच गया, जब महादलित परिवारों ने सेविका पर बच्चों का ड्रेस उतरवाकर उन्हें केंद्र से बाहर निकालने का आरोप लगाया। घटना के बाद केंद्र पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। बताया जाता है कि सोमवार को केंद्र पर नामांकित बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया गया था। आरोप है कि मंगलवार सुबह जब बच्चे वही ड्रेस पहनकर केंद्र पहुंचे तो 14 महादलित बच्चों से पोशाक उतरवा दी गई। इस दौरान बच्चियां रोने और चिल्लाने लगीं। बच्चों की आवाज सुनकर परिजन केंद्र पहुंचे तो बच्चों को बिना कपड़ों के बाहर खड़ा देखा। इसके बाद महादलित टोला के लोग आक्रोशित हो गए और केंद्र पर जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों बिंदु मुसहर, राजू मुसहर, उपेंद्र मुसहर, सरपंच मुसहर, संतोष मुसहर, भीम मुसहर, कमलेश मुसहर, चंदन मुसहर, मौलवी मुसहर, टमाटर मुसहर, फिरोज मुसहर एवं कृष्ण मुसहर ने बताया कि केंद्र में कुल 40 बच्चे नामांकित हैं, जिनमें 14 बच्चे महादलित समुदाय से हैं। उनका आरोप है कि 31 बच्चों के बीच ड्रेस बांटा गया, जबकि नौ बच्चे अब भी वंचित हैं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि केंद्र पर बच्चों के साथ बराबरी का व्यवहार नहीं किया जाता। भोजन की जगह कई बार केवल बिस्किट देकर बच्चों को घर भेज दिया जाता है। साथ ही पिछले दो माह से केंद्र पर भोजन बंद रहने की बात भी कही गई। ग्रामीणों का कहना है कि इसकी शिकायत बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से की गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो वे बाल विकास परियोजना कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करेंगे। वहीं आंगनबाड़ी सेविका सुनैना कुमारी ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने साजिश के तहत बच्चों का ड्रेस उतरवाकर वीडियो बनाया है ताकि उन्हें फंसाया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले दो माह से चावल का आवंटन नहीं होने के कारण भोजन व्यवस्था प्रभावित है।

## संक्षिप्त समाचार

### मंडल कारा कक्षपाल की इलाज के दौरान मौत

**अररिया।** अररिया मंडल कारा में तैनात कक्षपाल राकेश कुमार यादव (55) का मंगलवार को इलाज के दौरान निधन हो गया। उनकी मौत हार्ट अटैक से होने की आशंका जताई जा रही है। उन्हें तबीयत बिगड़ने के बाद अररिया सदर अस्पताल ले जाया गया था, जहां से पूर्णिया रेफर किया गया था। कारा अधीक्षक सुजीत कुमार झा ने बताया कि मंगलवार सुबह राकेश कुमार यादव की तबीयत अचानक खराब हो गई। जेल के डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद भी सुधार न होने पर उनके साथी कक्षपाल उन्हें करीब 11 बजे अररिया सदर अस्पताल ले गए। वहां उन्होंने सीने में तेज दर्द की शिकायत की।

**तबीयत अचानक फिर बिगड़ गई:** प्रारंभिक जांच के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पूर्णिया रेफर कर दिया। रेफरल प्रक्रिया के दौरान दोपहर करीब 2 बजे उनकी तबीयत अचानक फिर बिगड़ गई और वे गिर पड़े। उन्हें तुरंत वापस अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोपहर 2:15 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक राकेश कुमार यादव मूल रूप से मुंगेर जिले के जमालपुर प्रखंड के रहने वाले थे। वे 2015 बैच के सिपाही और पूर्व सैनिक थे। जेल विभाग में उन्हें अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सख्त पहरेदारी के लिए जाना जाता था।

**निधन को पूरे जेल परिवार के लिए दुखद बताया:** उनके आकस्मिक निधन से जेल प्रशासन, पुलिस विभाग और परिजनों में शोक का माहौल है। जेल अधीक्षक सुजीत कुमार झा ने राकेश यादव को एक समर्पित कर्मचारी बताते हुए उनके निधन को पूरे जेल परिवार के लिए दुखद बताया। उन्होंने कहा कि विभाग उनके परिजनों के साथ खड़ा है। जेल प्रशासन ने घटना की सूचना तुरंत परिजनों को दे दी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

### पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर शुरू

**बांका।** बांका जिले में पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर कार्यक्रम का बुधवार को शुभारंभ किया गया। भागलपुर प्रमंडल के कमिश्नर डॉ. प्रेम सिंह मीणा ने बांका जिले के अमरपुर प्रखंड के फतेहपुर पंचायत में इसका उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उद्घाटन के दौरान जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कमिश्नर ने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता:** डॉ. मीणा ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सहयोग शिविर के माध्यम से लोगों को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, क्योंकि उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। फतेहपुर पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान कमिश्नर ने कठेल गांव निवासी लखिया देवी को राशन कार्ड सौंपा। लखिया देवी ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि लंबे समय से राशन कार्ड न होने के कारण उन्हें सरकारी अनाज योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। शिविर में आवेदन की जांच के बाद अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई कर उन्हें राशन कार्ड उपलब्ध कराया।

**मामलों का मौके पर ही निष्पादन भी किया गया:** इन सहयोग शिविरों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व संबंधित मामले, बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और भूमि विवाद से जुड़ी समस्याओं की सुनवाई की जा रही है। कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन भी किया गया। प्रशासन द्वारा जिले के सभी 11 प्रखंडों में पंचायतवार सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें बांका सदर, अमरपुर, शंभूगंज, कटोरिया, बौंसी, बाराहाट, बेलहर, चांदन, धोरैया, फुल्लीडुमर और रजौन प्रखंड की पंचायतें शामिल हैं। प्रशासन का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना और जनसमस्याओं का त्वरित निवारण करना है।

### अचानक गिरा बिजली का पोल

**बेगूसराय।** बेगूसराय में शिफ्टिंग के दौरान अचानक बिजली का पोल गिर गया। पोल के नीचे दबकर एक बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। संयोग से पोल गिरने से मात्र 30-40 सेकंड पहले घटनास्थल के पास चाय दुकान पर मौजूद 8-10 लोग मौके से हट गए थे। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। नगर क्षेत्र में सड़क पर मौजूद बिजली के पोल को हटाया जा रहा है। पोल को हटाने के लिए बगैर किसी सुरक्षा व्यवस्था के दो कर्मी पहुंचे और तार काटा जा रहा था। घटना नगर थाना से मात्र डेढ़ सौ मीटर दूर स्थित स्वर्ण जयंती पुस्तकालय के सामने की है।

**बिना सेफ्टी के काम हो रहा था:** भीड़-भाड़ वाले जगह पर नीचे लोगों को हटाने के लिए कोई भी स्टाफ मौजूद नहीं थे। तार काटे जाने के दौरान लोहे का एक पोल अचानक गिर गया। जिसमें सीहमा गांव के रहने वाले दूध विक्रेता धीरज कुमार का बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। धीरज ने बताया कि गाड़ी से उतरते ही पोल गिर गया, अगर 10-15 सेकंड की देरी किए होते तो पोल मेरे शरीर पर गिर जाता।

# 38 पंचायतों में सहयोग शिविर मंत्री के जाते ही स्टॉल हटा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की पहल पर आज से शुरू हुए "सहयोग शिविर" के पहले दिन लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। जिले के 38 पंचायतों में आयोजित शिविरों में ग्रामीण अपनी सालों पुरानी समस्याओं को लेकर पहुंचे। सबौर प्रखंड के ममलखा हाई स्कूल परिसर में आयोजित शिविर का उद्घाटन बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास मंत्री सह भागलपुर प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा ने किया। इस दौरान जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी, सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह, नाथनगर विधायक मिथुन यादव सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से जुड़े आवेदन जमा किए। DM ने बताया कि केवल ममलखा पंचायत शिविर में करीब 200 आवेदन हासिल हुए। इनमें सबसे अधिक शिकायतें गंगा कटाव, भूमि विवाद, आवास योजना, राशन कार्ड और पेंशन से जुड़ी रहीं। कई ग्रामीणों ने बताया कि वे महीनों से प्रखंड और जिला कार्यालय का चक्कर लगा रहे थे, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था।

**गंगा किनारे होने वाले कटाव को लेकर चिंता जताई:** कटाव प्रभावित ग्रामीणों ने गंगा किनारे होने वाले कटाव को लेकर चिंता जताई। लोगों ने आवेदन देकर तटबंध निर्माण और कटावरोधी कार्य तेज कराने की मांग की। इस पर जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी और विधायक मिथुन यादव ने आश्वासन दिया कि कटाव प्रभावित क्षेत्रों में जल्द तेजी से काम कराया जाएगा। अधिकारियों ने फरियादियों से आवेदन लेकर जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिया। हालांकि किसी भी मामले का मौके पर निष्पादन नहीं हो सका। शिविर में पहुंची महिला जूली देवी ने कहा कि पहले उन्हें छोटी-छोटी समस्याओं के लिए कई बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन गांव में शिविर लगने से उम्मीद जगी है कि अब उनकी समस्याओं का समाधान होगा। कई लोगों को आवेदन जमा करने की रसीद भी दी गई और बताया गया कि संबंधित विभागों के माध्यम से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**ग्रामीणों को निराश होकर लौटना पड़ा:** वहीं, सहयोग शिविर के पहले दिन जिला प्रशासन की लापरवाही भी सामने आई। मंत्री नीतीश मिश्रा के कार्यक्रम स्थल से निकलते ही अधिकांश विभागीय स्टॉल बंद होने लगे, जबकि शिविर को कार्यालय अवधि तक संचालित करने का निर्देश था। इससे कई ग्रामीणों को निराश होकर लौटना पड़ा।

## सास को मिट्टी देने जा रहा दामाद घायल



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर के नाथनगर थाना क्षेत्र स्थित पश्चिमी केबिन के पास आज ट्रेन पकड़ने जा रहा एक युवक तेज रफ्तार मालगाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। दरअसल, सुल्तानगंज की ओर से भागलपुर की तरफ जा रही मालगाड़ी पश्चिमी केबिन के पास से गुजर रही थी, तभी अचानक युवक ट्रेन के बेहद करीब पहुंच गया और धक्का लगने से पटरी किनारे गिर पड़ा। हादसे में युवक के सिर में गंभीर चोट आई है और उसका दाहिना हाथ टूट गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। लोगों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायल युवक को इलाज के लिए नाथनगर रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी लोगों की ओर से स्टेशन पर मौजूद परिजनों को दी गई। बताया जा रहा है कि युवक अपने परिवार के साथ मुंगेर जाने के लिए निकला था और ट्रेन पकड़ने के क्रम में यह हादसा हो गया।

**सास को मिट्टी देने जा रहे थे:** घायल युवक की पहचान मोहम्मद आरजू के रूप में हुई है, जो अपने परिवार के साथ मुंगेर जा रहा था। घायल के पिता मोहम्मद नौशाद ने बताया कि उनकी सास यानी आरजू की नानी का निधन हो गया था, जिसके कारण पूरा परिवार मुंगेर जाने के लिए नाथनगर स्टेशन पहुंचा था।

## 30 दिन में समस्या का समाधान नहीं तो अधिकारी सस्पेंड

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय में मंगलवार को आयोजित 'सहयोग शिविर' में पहुंचे मंत्री रामकृपाल यादव ने 113 मामलों का निष्पादन किया। मंत्री के हाथों आपदा के एक चेक, दो जॉब कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र एवं म्यूटेशन सर्टिफिकेट का वितरण कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामकृपाल यादव ने कहा कि जनता के लिए सरकार ने बेहतरीन पहल की है। पत्रकारों से बात करते हुए रामकृपाल यादव ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की ओर से एक नया अभियान जनता की सुविधा और उनकी समस्या के समाधान के लिए शुरू किया गया है, जिसमें हर पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया है। बेगूसराय का प्रभारी मंत्री होने के नाते मैं शामिल हुआ। DM श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि सहयोग शिविरों के माध्यम से 2036 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1360 मामलों का निष्पादन किया गया और 669 शिकायतों पर कार्रवाई चल रही है। प्राप्त शिकायतों के ऑफलाइन निस्तारण की कार्रवाई पूरी की जा चुकी है। सामान्य प्रशासन विभाग के 156, राजस्व विभाग के 400 तथा पेंशन एवं जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित 151 मामलों का निष्पादन कर लाभुकों के बीच प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। बेगूसराय के 18 प्रखंड के 24 पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम बरौनी प्रखंड के पिपरा देवस पंचायत में आयोजित था। यहां भरथो भरत हाई स्कूल में आयोजित सहयोग शिविर का उद्घाटन बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री और बेगूसराय के प्रभारी मंत्री राम कृपाल यादव, डीएम श्रीकांत शास्त्री, एसपी मनीष, तेवड़ा विधायक रजनीश कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा एवं बरौनी नगर परिषद अध्यक्ष बबिता देवी आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया।

**'सरकार की प्रतिबद्धता है कि सरकार जनता के दरवाजे पर जाएगी':** बिहार सरकार के मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि समस्यों को लेकर प्रशासन के पास जो भी आवेदन दिए गए थे, उसमें से 113 आवेदन का निष्पादन किया गया है। हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है कि सरकार जनता के दरवाजे पर जाएगी। जितने भी अधिकारी हैं, सभी पंचायत में जाएंगे। सभी अधिकारी पंचायतों का भ्रमण लगातार करते रहेंगे। जनता से समस्या की जानकारी लेकर समाधान किया जाएगा। इसके लिए 30 दिन का समय सीमा तय किया गया है। 30 दिन में समस्या का समाधान करना ही होगा। अन्यथा संबंधित आधिकारिक सस्पेंड समझे जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनता को अपनी समस्या कहने के लिए टॉल फ्री नंबर एवं ई-मेल जारी किया गया है। उस पर कोई भी समस्या रखा सकते हैं।

काफिले में 15 से अधिक गाड़ी रहने के सवाल पर रामकृपाल यादव ने कहा कि मेरे काफिले में मात्र दो गाड़ी है। जिला के अधिकारी, विधायक, जनप्रतिनिधि साथ में थे, जिसके कारण काफिला बड़ा हुआ।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-आरएन-इन्फ्रा-एचडब्ल्यूएच-26, दिनांक: 18.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीएसटीई-आरएन-इन्फ्रा-एचडब्ल्यूएच-26** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के तहत रेलनेट इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रावधान। **बोली प्रणाली :** दो पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 11,49,95,364.54, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 22,99,900/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 90 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 15.05.2026 को 18.38 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 25.05.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 08.06.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। HWH-78/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-04-26, दिनांक 14.05.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के लिए निविदा क्रमांक **ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-04-26** के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में एसएसई/टीआरडी/नबद्वीपधाम के कार्यक्षेत्र में 12 लेवल क्रॉसिंग गेटों (11ए/1, 8/1, 7/5, 5/4, 12/ए, 6/3, 5/3, 18/02, 7/1, 5/2, 12/ए/3 एवं 7/सी)के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के संबंध में 25 केवी ओएचई कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 2,24,35,191.25, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 4,48,700/-, **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 16.06.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। HWH-79/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-09, दिनांक: 15.05.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा अपेक्षित निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस है और निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं. : टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-09, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल-ओएचई की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए लार्ज स्पैन वायर का उन्नयन । **निविदा मूल्य :** रु. 5,03,22,155.04, **बयाना राशि:** रु. 10,06,400/-, **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तिथि से 60 दिन। **खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 30.06.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-93/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**बिहार सरकार**

**जिला परिवहन कार्यालय, औरंगाबाद**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सभी वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि सभी वाहन स्वामी अपने वाहन में HSRP Affixed करा लें तथा जिन वाहन स्वामियों के वाहन में HSRP Affixed है, परन्तु उन्हे HSRP लगाने हेतु NIC से SMS प्राप्त हो रहे है, वे जिला परिवहन कार्यालय, औरंगाबाद में सम्पर्क कर अपने HSRP Affixation का डाटा अनिवार्य रूप से अपडेट करा लें।

जिला परिवहन पदाधिकारी,
औरंगाबाद।

PR. No. 003618 (Transport) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 18.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. : 1, निविदा सं.: टीएन-24-26-27, कार्य का नाम:** सियालदह ऑफिसर्स कॉलोनी में: सहायक अभियंता (कार्य)/I/सियालदह के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एसएसई (कार्य)/सियालदह के अधीन ऑफिसर्स कॉलोनी के विभिन्न ब्लॉकों में छत के रिसाव और पाइपलाइन की मरम्मत और नवीनीकरण, खराब दरवाजों और खिड़कियों को बदलना, सैनिटरी फिटिंग्स के साथ आधुनिक शौचालय, मॉड्यूलर किचन की व्यवस्था, कॉलोनी की नालियाँ आदि। **निविदा मूल्य :** रु. 82,09,290.97, **बयाना राशि :** रु.1,64,200/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **क्रम सं. : 2, निविदा सं.: टीएन-25-26-27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में बड़ानगर रोड, दक्षिणेश्वर, बाली घाट, बाली हॉल्ट और श्यामनगर में सीमेंट कंक्रीटिंग तथा सभी सहायक कार्यों सहित प्लेटफॉर्म को ऊँचा करना। **निविदा मूल्य :** रु. 3,71,29,097.74, **बयाना राशि :** रु.7,42,600/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **क्रम सं. : 3, निविदा सं.: टीएन-26-26-27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में बाली हाल्ट, बिधाननगर रोड स्टेशन, पालपाड़ा, पलता, पायराडांगा, श्यामनगर, सिमुराली में प्लेटफॉर्म शेड का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 9,90,66,751.64, **बयाना राशि :** रु.19,81,300/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **क्रम सं. : 4, निविदा सं.: टीएन-27-26-27, कार्य का नाम:** दमदम/ईआई के एमएसडीएसी ट्रैक सेक्शन के समानांतर में डीसी ट्रैक सर्किट प्रदान करते हुए ट्रेन डिटेक्शन सिस्टम का विस्तार। **निविदा मूल्य :** रु. 1,34,06,797.73, **बयाना राशि :** रु.2,68,100/-, **कार्य की समापन अवधि:** 08 (आठ) माह। **क्रम सं. : 5, निविदा सं.: टीएन-28-26-27, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/सियालदह के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता (पी.वे)/सियालदह में सभी सहायक कार्यों के साथ विभिन्न ट्रैक रखरखाव कार्य (01 वर्ष के लिए)। **निविदा मूल्य :** रु. 1,03,24,000.73, **बयाना राशि :** रु.2,06,500/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **क्रम सं. : 6, निविदा सं.: टीएन-29-26-27, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/सियालदह के कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता (पी.वे)/बैरकपुर में सभी सहायक कार्यों के साथ विभिन्न ट्रैक रखरखाव कार्य (01 वर्ष के लिए)। **निविदा मूल्य :** रु. 1,38,10,694.02, **बयाना राशि :** रु.2,76,200/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 10.06.2026 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 10.06.2026 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं विवरण वेबसाइट: **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। SDAH-48/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग
पशुपालन निदेशालय

पशुधन द्वारा
जीवन में गुणात्मक सुधार

**क्लासिकल स्वाईन फीवर**

राज्य के सभी जिलों के प्रत्येक गाँव/वार्ड में सूकरों में क्लासिकल स्वाईन फीवर रोग के विरूद्ध

**दिनांकः 19 मई, 2026 से निःशुल्क टीकाकरण अभियान**
**(प्रतिदिन 8 बजे पूर्वाह्न से 4 बजे अपराह्न तक)**

पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत राज्य के सभी जिलों में क्लासिकल स्वाईन फीवर रोग नियंत्रण हेतु टीकाकरण कराया जाना है। इस कार्य हेतु मानक संचालन प्रक्रिया का निर्धारण किया गया है। राज्य के सभी जिलों के प्रत्येक गाँव/वार्ड में क्लासिकल स्वाईन फीवर रोग नियंत्रण हेतु टीकाकरण निर्धारित है।



- पशुपालकों से अनुरोध है कि कार्यक्रम का भरपूर लाभ उठायें, अपने सूकरों को क्लासिकल स्वाईन फीवर रोग से बचायें।
- सभी जनप्रतिनिधियों से इस टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आग्रह है।
- किसी भी योग्य सूकरों का टीकाकरण नहीं होने अथवा टीकाकरण के दौरान राशि की मांग करने की शिकायत पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना के दूरभाष संख्या: 0612-2230942 पर की जा सकती है।



विशेष जानकारी हेतु पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना के नियंत्रण कक्ष का सम्पर्क सूत्र 0612-2226049 अथवा पशुपालन निदेशालय के आपदा नियंत्रण कक्ष के सम्पर्क सूत्र 0612-2230942 पर सम्पर्क किया जाय।

**पशुपालन निदेशालय**
**डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार**

@BiharDFARD

PR No.- 003726 (Animal)D. 2026-27

# आठवीं तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर में भीषण गर्मी और लू के मद्देनजर जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जिलाधिकारी साहिला ने जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों, प्री-स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा कोचिंग संस्थानों में कक्षा एक से आठवीं तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश 19 मई 2026 से 31 मई 2026 तक प्रभावी रहेगा। जारी आदेश में बताया गया है कि जिले में तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। दोपहर के समय भीषण गर्मी और लू की स्थिति बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। मौसम विभाग की चेतावनी और स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को देखते हुए प्रशासन ने यह एहतियाती कदम उठाया है।



**आठवीं से ऊपर की कक्षाओं का संचालन सुबह 11 बजे तक:** जिलाधिकारी द्वारा जारी नए आदेश के अनुसार, इससे पहले 16 मई को जारी निर्देश में सुबह 11:30 बजे तक कक्षाओं के संचालन की अनुमति दी गई थी। हालांकि, मौसम की गंभीर स्थिति को देखते हुए अब कक्षा एक से आठवीं तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। कक्षा आठवीं से ऊपर की कक्षाओं का संचालन सुबह 11 बजे तक जारी रहेगा। यह आदेश जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों, प्री-स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा कोचिंग संस्थानों पर समान रूप से लागू होगा। प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

**अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दी:** जिला प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने दें। गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त पानी, हल्का भोजन और अन्य सावधानियां बरतने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों को दोपहर के समय बाहर निकलने से बचने, धूप में सिर ढंककर रहने और अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दी है। बक्सर में पिछले कुछ दिनों से तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा है और गर्म हवाओं से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन का यह निर्णय महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## दस-दस मिनट के अंतराल पर आती-जाती रही बिजली

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। भीषण गर्मी और उमस के बीच शहर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह वेंटिलेटर पर आ गई। रविवार की रात उपभोक्ताओं के लिए किसी सजा से कम नहीं रही। पूरी रात बिजली विभाग उपभोक्ताओं के सब्र का इम्तिहान लेता रहा। हालत यह थी कि हर दस मिनट के अंतराल पर बिजली आती और जाती रही। इस आंख-मिचौनी के खेल ने उपभोक्ताओं को पूरी रात जागकर काटने पर विवश कर दिया।बीती रात तापमान और उमस का ग्राफ चढ़ा हुआ था, ऊपर से बिजली की ट्रिपिंग ने आग में घी का काम किया। रात लगभग 11 बजे से शुरू हुआ बिजली कटने का सिलसिला भोर तक बदस्तूर जारी रहा। जैसे ही लोग थोड़ी देर के लिए आंख मूंदते, वैसे ही बत्ती गुल हो जाती थी। उमस और मच्छरों के प्रकोप के कारण बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और मरीज रात भर छटपटाते रहे। सिविल लाइंस, मेन रोड, शिवपुरी और मृत नहर एरिया में लोग घरों की छतों और सड़कों पर टहलकर सुबह होने का इंतजार करते दिखे। विभाग की लापरवाही ने बढ़ाई मुसीबत स्थानीय काशी प्रसाद, नंद किशोर, संतोष पाण्डेय, पूनम देवी, ब्रह्मेश्वर प्रसाद,नेहरू नगर के वार्ड 32 के निवासी दीपक कुमार आदि उपभोक्ताओं ने कहा कि रातभर जगने के चलते बीमार पड़ गए हैं। बिजली आने पर भी वोल्टेज इतना कम था कि पंखे और कूलर सिर्फ शो-पीस बने रहे। बार-बार आ-जा रही बिजली के कारण बच्चे सो नहीं पाएं। सुबह में सोने के कारण स्कूल छूट गया। केबल जल जाने से हुई समस्या : कार्यपालक अभियंता

बिजली कंपनी के कार्यपालक अभियंता सूर्य प्रकाश सिंह ने कहा कि बाइपास रोड में बिजली का केबल जल जाने के कारण इस तरह की समस्या उत्पन्न हो गई थी।

## प्रा. वि. घुरहूपुर में वर्षों से हैंडपंप खराब

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**ब्रह्मपुर**। प्रखण्ड के हरनाथपुर पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय घुरहूपुर में पीएचईडी विभाग द्वारा लगाया गया चापाकल वर्षों से खराब पड़ा हुआ है। भीषण गर्मी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों एवं अभिभावकों का कहना है कि मध्याह्न भोजन करने के बाद बच्चे पानी की खोज में इधर-उधर भटकने लगते हैं। विद्यालय परिसर में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण छात्र अन्य स्थानों पर जाकर प्यास बुझाने को विवश हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच बच्चों का बाहर जाना उनके स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बना हुआ है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविन्द्र प्रसाद ने बताया कि पिछले कई वर्षों से पीएचडी विभाग द्वारा लगाया गया चापाकल खराब पड़ा है। इसकी सूचना कई बार संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को दी गई, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि बच्चों को प्यास बुझाने में काफी परेशानी होती है। विद्यालय में घड़ा भर पानी रखा जाता है, लेकिन गर्मी अधिक होने के कारण वह भी कम पड़ जाता है। प्रधानाध्यापक ने यह भी बताया कि विद्यालय का कक्षा भवन भी जर्जर हो चुका है। इधर, शिक्षा पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि खराब हैंड चापाकल को ठीक कराने के लिए पीएचईडी विभाग के कनीय अभियंता को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। वहीं जर्जर भवन के संबंध में प्रधानाध्यापक को ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने को कहा गया है, जिसके बाद संबंधित विभाग पटना स्तर से आवश्यक कार्रवाई करेगा। ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने प्रशासन से विद्यालय में पेयजल व्यवस्था बहाल कराने तथा जर्जर भवन की मरम्मत या नए भवन निर्माण की मांग की है।

## सीआरपीएफ इंस्पेक्टर मो. असलम को राजकीय सम्मान से अंतिम विदाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर जिले के केसठ गांव निवासी सीआरपीएफ इंस्पेक्टर मो. असलम को सोमवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनके निधन की सूचना से गांव सहित पूरे इलाके में शोक व्याप्त हो गया। 57 वर्षीय मो. असलम स्वर्गीय लतीफ मियां के पुत्र थे। वे वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के अंकुर सेक्टर में सीआरपीएफ इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थे। जनवरी माह में अत्यधिक ठंड के कारण उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी।

**पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटा केसठ गांव पहुंचा:** प्रारंभिक इलाज जम्मू में कराया गया, लेकिन स्थिति गंभीर होने पर उन्हें दिल्ली के वेंकटेश्वर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान रविवार शाम करीब पांच बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। सोमवार को उनका पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटा केसठ गांव पहुंचा। इस दौरान परिजनों का क्रंदन देखकर उपस्थित सभी लोगों की आंखें नम हो गईं। उनकी पत्नी पति का शव देखते ही अचेत हो गईं, जबकि बच्चे लगातार रो रहे थे।

**राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक किया गया:** गांव की गलियों में "भारत माता की जय" और "मो. असलम अमर रहें" के नारे गूंज उठे। अंतिम दर्शन के लिए आसपास के गांवों से भी हजारों लोग पहुंचे और अपने वीर सपूत को श्रद्धांजलि अर्पित की। गांव के कब्रिस्तान में उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द-ए-खाक किया गया। सीआरपीएफ के जवानों ने सलामी देकर अपने साथी को अंतिम विदाई दी।

**देश सेवा करते हुए इलाज के क्रम में वीरगति प्राप्त की:** शव के साथ पहुंचे 114 बटालियन के डिप्टी कमांडेंट अरविंद कुमार ने बताया कि इंस्पेक्टर मो. असलम ने देश सेवा करते हुए इलाज के क्रम में वीरगति प्राप्त की है। उन्होंने मो. असलम को एक कर्तव्यनिष्ठ और बहादुर जवान बताया, जिनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी।

## भोजपुरी में बढ़ती अश्लीलता के खिलाफ कला संस्कृति मंत्री से की पांच बड़ी मांगें

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर**। भोजपुरी गीत-संगीत और मंचीय कार्यक्रमों में बढ़ती अश्लीलता के खिलाफ बक्सर के महदह निवासी सामाजिक कार्यकर्ता तथा राष्ट्रवादी अटल सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नन्द कुमार तिवारी ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार को पत्र भेजकर भोजपुरी में परोसी जा रही अश्लीलता पर रोक लगाने की मांग की है। तिवारी ने कहा कि कुछ कलाकारों और आयोजकों की वजह से भोजपुरी भाषा और संस्कृति की छवि लगातार खराब हो रही है। नन्द कुमार तिवारी ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों और स्टेज शो के नाम पर खुलेआम अश्लील गीत, अभद्र भाषा और अशोभनीय नृत्य प्रस्तुत किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई कार्यक्रमों में मां-बहनों को अपमानित करने वाले शब्दों का प्रयोग हो रहा है और मंचों पर पोर्न जैसी हरकतें दिखाई जा रही हैं, जिससे समाज में गलत संदेश जा रहा है। भोजपुरी संस्कृति को बचाने के लिए तिवारी ने सरकार के सामने पांच प्रमुख मांगें रखी हैं। उन्होंने स्टेज शो के लिए प्रशासनिक अनुमति अनिवार्य करने, आयोजकों से शपथ-पत्र लेने, भोजपुरी कलाकारों और रिकॉर्डिंग कंपनियों का रजिस्ट्रेशन करने तथा अश्लील कंटेंट पर रोक लगाने की मांग की है। इसके अलावा भोजपुरी गीतों और नृत्यों की जांच के लिए विशेष सेंसर बोर्ड बनाने तथा सार्वजनिक स्थानों, शादी-विवाह और पूजा पंडालों में अश्लील गीत बजाने पर प्रतिबंध लगाने की भी अपील की गई है। तिवारी ने मांग की है कि भक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आड़ में अश्लीलता फैलाने वाले कलाकारों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उनकी इस पहल को सोशल मीडिया पर भी समर्थन मिल रहा है। लोगों का कहना है कि भोजपुरी भाषा कबीर, भिखारी ठाकुर और महेंद्र मिसिर जैसी विभूतियों की विरासत है और इसकी गरिमा बनाए रखना जरूरी है।

## हेडमास्टर नीरज पाल हत्याकांड में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा**। भोजपुर में हेडमास्टर नीरज पाल हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। करीब एक माह से फरार चल रहे मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान तुलसी छपरा गांव निवासी कन्हैया पाल के रूप में हुई है। गिरफ्तारी टाउन थाना क्षेत्र से की गई। 23 अप्रैल की सुबह सिन्हा थाना क्षेत्र के तुलसी छपरा गांव स्थित बधार में नीरज कुमार पाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अपराधियों ने उन्हें काफी नजदीक से गोली मारी थी। एक गोली सीने के दाहिने हिस्से में, जबकि दूसरी गर्दन के नीचे कंधे के पास लगी थी। मौके पर ही मौत हो गई थी।

**छह लोगों पर FIR:** प्रारंभिक जांच में नाली विवाद को लेकर हत्या किए जाने की बात सामने आई थी। घटना के बाद मृतक के भाई अनिल पाल ने गांव के ही कन्हैया पाल, उसके भाई शिवजी पाल समेत छह लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसके बाद से मुख्य आरोपी फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। आखिरकार पुलिस ने तकनीकी और गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया।

## रिसर्च के लिए आई स्पेन की मेराया बनीं भारतीय सुहागिन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा**। भोजपुर की लोक संस्कृति, पारंपरिक पहनावा और भारतीय संस्कार अब विदेशी मेहमानों को पूरी तरह आकर्षित कर रहा हैं। स्पेन और पुर्तगाल से भोजपुर पहुंचीं विदेशी महिलाओं पर यहां की संस्कृति इतनी पसंद आ रही है कि भारतीय पारंपरिक लुक में फोटो और वीडियो शूट काफी शौक से करवा रही हैं। स्पेन से आई मेराया रविवार को भारतीय सुहागिन रूप में दिखी। आरा के महुली घाट पर मेराया को लाल साड़ी, चूड़ी, सिंदूर और पारंपरिक श्रृंगार के साथ पूरी तरह भारतीय सुहागिन का रूप दिया गया। घाट के प्राकृतिक और सांस्कृतिक माहौल में हुआ यह शूट भोजपुर की परंपरा और भारतीय नारी की छवि को खूबसूरती से दर्शाता नजर आया। स्थानीय लोगों ने भी विदेशी मेहमान को भारतीय वेशभूषा में देखकर उत्सुकता दिखाई। बताया जा रहा है कि मेराया भोजपुर जिले में एक रिसर्च कार्य के सिलसिले में आई हैं। यहां की संस्कृति और परंपराओं से प्रभावित होकर पहले स्पेन से आई ब्लांका ने अप्सरा लुक में फोटोशूट कराया था। उसके बाद मेराया ने भी भारतीय लुक में तैयार होने की इच्छा जताई। मुस्कान मेकअप आर्टिस्ट की गुड़िया जी ने उन्हें भारतीय सुहागिन का मेकअप कर लुक दिया। जिसका फोटो शूट अमित मिश्रा ने किया। उन्होंने बताया कि भोजपुर की संस्कृति को नए अंदाज में दुनिया तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।

## सुरक्षा : अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरों से लैस हुआ डुमरांव का स्टेशन परिसर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर**। पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल ने यात्री सुरक्षा को नई ऊंचाई देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए डुमरांव रेलवे स्टेशन को हाईटेक सुरक्षा प्रणाली से लैस कर दिया है। अब स्टेशन परिसर का चप्पा-चप्पा अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेगा। प्लेटफॉर्म, टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय, फुटओवर ब्रिज, प्रवेश और निकास द्वार समेत पूरे स्टेशन परिसर में लगाए गए हाई-डेफिनिशन कैमरे यात्रियों की सुरक्षा पर चौबीसों घंटे पैनी नजर रखेंगे। रेलवे की इस पहल से यात्रियों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में सुरक्षा का भरोसा और मजबूत हुआ है। रेलवे प्रशासन के अनुसार स्टेशन पर लगाए गए कैमरे आधुनिक फेसियल रिकॉग्निशन तकनीक से लैस हैं। ये कैमरे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के चेहरे को स्कैन कर पहले से मौजूद डाटाबेस से उसका मिलान करेंगे। जैसे ही कोई संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति सिस्टम की नजर में आएगा, सुरक्षा एजेंसियों को तत्काल अलर्ट मिल जाएगा।




इससे अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी पहले से कहीं अधिक तेज और आसान हो सकेगी।

**360 डिग्री निगरानी से स्टेशन का हर कोना रहेगा सुरक्षित:** स्टेशन परिसर में लगाए गए कैमरे 360 डिग्री कवरेज देने में सक्षम हैं। इन्हें इस तरह से स्थापित किया गया है कि स्टेशन का कोई भी हिस्सा निगरानी से बाहर न रहे। टिकट काउंटर से लेकर प्लेटफॉर्म और वेटिंग रूम तक हर गतिविधि सीधे कंट्रोल रूम में रिकॉर्ड होगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इससे स्टेशन परिसर में होने वाली चोरी, छिनतई और नशाखुरानी जैसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकेगा। एआई और मोशन डिटेक्शन तकनीक से बढ़ी निगरानी की ताकत इन हाईटेक कैमरों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मोशन डिटेक्शन तकनीक का भी इस्तेमाल किया गया है। यह स्मार्ट प्रणाली भीड़भाड़ के बीच किसी भी असामान्य गतिविधि, लावारिस वस्तु या अपराध की आशंका को तुरंत पहचान सकती है। जैसे ही कोई संदिग्ध हलचल दर्ज होगी, आरपीएफ और जीआरपी को तुरंत सूचना मिल जाएगी और सुरक्षा बल तत्काल कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंच जाएंगे। रेलवे द्वारा लगाए गए कैमरों में हाई-डेफिनिशन और नाइट विजन तकनीक भी मौजूद है। इससे रात या कम रोशनी में भी स्पष्ट तस्वीरें और वीडियो रिकॉर्ड किए जा सकेंगे। रेलवे प्रशासन का मानना है कि इस तकनीक से रात के समय होने वाली आपराधिक घटनाओं पर भी प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा। दानापुर मंडल के पीआरओ तनबीरुल हक ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पूरे मंडल में 48 स्टेशनों को आधुनिक सुरक्षा प्रणाली से जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पांडेय पट्टी में बिजली संकट से हाहाकार

**बक्सर**। पांडेय पट्टी इलाके में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। रविवार रात से लेकर सोमवार सुबह तक और दिन में कई बार हो रहे पावर कट ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हर बार बिजली कटने के बाद 15 मिनट से लेकर 45 मिनट तक आपूर्ति ठप रह रही है, जिससे भीषण गर्मी में आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। इलाके के लोगों का कहना है कि लगातार हो रही बिजली कटौती ने उनकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त कर दी है। गर्मी के मौसम में पंखे और कूलर बंद पड़ जाने से घरों में रहना मुश्किल हो गया है। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई लोगों ने इस समस्या को लेकर नाराजगी भी जताई है और बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग की है। स्थानीय निवासी अभय पांडेय के अनुसार रविवार रात से शुरु हुआ यह सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा। दिन के समय भी कई बार अचानक बिजली गुल हो जाती है और लंबे समय तक बहाल नहीं होती। वहीं बिजली मैकेनिक नीरज सिंह ने बताया कि बिजली से जुड़ी समस्याओं के सामने आने पर मरम्मत कार्य के लिए आपूर्ति बाधित करनी पड़ती है। उनके अनुसार तकनीकी खराबी या लाइन में आई दिक्कत को ठीक करने के लिए बिजली काटना आवश्यक हो जाता है।

### सोन नदी में डूबने से युवक की मौत

**आरा**। अरवल के पूरा कोठी गांव स्थित सोन नदी में डूबे युवक का शव तीसरे दिन बरामद हुआ है। शव भोजपुर के इमादपुर थाना क्षेत्र में सोन नदी से मिला है। मृतक देव कुमार(32) कलेर थाना क्षेत्र का रहने वाला था। पेशे से किसान था। मृतक के चाचा विजेन्द्र पासवान ने बताया कि शनिवार की शाम नदी के किनारे स्नान करने गया था। तेज बहाव के कारण गहरे पानी में चला गया। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चला। काफी मशक्कत के बाद तीसरे दिन सोमवार को बॉडी मिली। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

**घर में मचा कोहराम:** मृतक पांच भाई-बहन में दूसरे स्थान पर था। परिवार में पत्नी सोनी देवी, दो पुत्र स्वार्थी, सोनम और एक पुत्र सिंटू कुमार है। मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### शहरी विकास योजना की प्रगति की समीक्षा

**आरा**। डीएम तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में सोमवार को मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना की प्रगति समीक्षा बैठक की गयी। बैठक के दौरान परियोजना निदेशक, बुडको ने जानकारी दी कि वर्ष 2024-25 के अंतर्गत सूचीबद्ध 17 योजनाओं में से 12 योजनाओं का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने शेष 5 योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, बुडको को कलेक्ट्रेट तालाब के जीर्णोद्धार कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश दिया। साथ ही वर्ष 2025-26 के अंतर्गत सूचीबद्ध 20 योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश भी दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर आयुक्त, नगर निगम आरा, परियोजना निदेशक बुडको भोजपुर, उप परियोजना निदेशक बुडको भोजपुर, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, नगर पंचायत व अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

### आज से बीएड फाइनल ईयर परीक्षा की परीक्षा शुरू

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने बी.एड. फाइनल ईयर परीक्षा 2026 (सत्र, 2024-26) की तैयारी पूरी कर ली है। यह परीक्षा 19 मई से शुरू होगी जो कि 21 मई तक ली जाएगी। विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार यह परीक्षा 19 और 20 मई को दो पालियों और 21 मई को एक पाली में ली जाएगी। जारी अधिसूचना के अनुसार भोजपुर, रोहतास, बक्सर एवं कैमूर जिले में परीक्षा केंद्र बनाया गया है। भोजपुर जिले में एच.डी. जैन कॉलेज, आरा तथा एम.एम. महिला कॉलेज, आरा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। एच.डी. जैन कॉलेज केंद्र पर शिक्षा विभाग, वीकेएसयू आरा, बिहार कॉलेज ऑफ एजुकेशन गीधा, डॉ. अरविंद टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज दुलारपुर एवं धरीक्षण सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज कुल्हाड़ियां के परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं एम.एम. महिला कॉलेज केंद्र पर माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, दुलौर तथा अप्सम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, जगदीशपुर के छात्र परीक्षा देंगे।

### ऑक्सीजन बंद और मारपीट मामले में एफआईआर दर्ज, पुलिस की जांच शुरू

**बक्सर**। नगर के चर्चित पार्वती मेमोरियल अस्पताल मामले में अब नया मोड़ सामने आया है। 12 मई को हुए इस पूरे विवाद में जहां एक ओर परिजन अस्पताल पर लापरवाही और ऑक्सीजन बंद करने का गंभीर आरोप लगा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अस्पताल प्रशासन ने इसे डॉक्टरों और स्टाफ पर हमला बताते हुए पलटवार किया है। मामला अब और तूल पकड़ चुका है क्योंकि नगर थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस FIR दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों का आरोप: "ऑक्सीजन के बदले मांगे गए 1 लाख रूपये, नहीं देने पर मौत" मृतका निर्मला देवी के बेटे अमित कुमार ने आरोप लगाया है कि 12 मई की शाम वे अपनी मां को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे। उनका कहना है कि इलाज के दौरान ऑक्सीजन सपोर्ट बंद था और जब इसे चालू करने की बात कही गई तो अस्पताल प्रबंधन द्वारा कथित रूप से 1 लाख की मांग की गई। परिजनों का आरोप है कि पैसे नहीं देने पर ऑक्सीजन चालू नहीं किया गया और विरोध करने पर अस्पताल प्रबंधक अनिल कुमार सिंह सहित अन्य लोगों ने उनके साथ मारपीट की। इस घटना में उनके भतीजे पुष्कर राज के सिर पर धारदार हथियार से हमला हुआ, राजेश कुमार की उंगली टूट गई और प्रफुल्ल राज के गले से सोने की चेन छीनने का भी आरोप है। परिजनों का कहना है कि बाद में वे मरीज को दूसरे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनका आरोप है कि अगर समय पर ऑक्सीजन और इलाज मिलता तो उनकी मां की जान बच सकती थी। पुलिस जांच में जुटी, सीसीटीवी फुटेज बनी अहम कड़ी नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच जारी है। पुलिस अब अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, जिससे घटना की असल सच्चाई सामने आ सके। 27 अप्रैल को भी महिला की मौत के बाद चर्चा में आया था अस्पताल बीते 27 अप्रैल को भी इस अस्पताल में प्रसव के बाद इलाजरत एक महिला को तबीयत खराब होने पर दूसरे अस्पताल में रेफर किया गया था, जहां पहुंचने के कुछ घंटे बाद ही उनकी मौत हो गई। उसके बाद इस अस्पताल की महिला चिकित्सक पर लापरवाही के आरोप लगे थे।

### पुस्तक ज्ञान ही नहीं, छात्रों में नेतृत्व क्षमता भी जरूरी

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के भोजपुरी विभाग में शिक्षा सेतु अभियान के अंतर्गत विकसित भारत इंटर स्कूल प्रतियोगिता हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक, मानसिक, सामाजिक एवं रचनात्मक विकास को प्रोत्साहित करना था, ताकि वे भविष्य में एक जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बन सकें। प्रतियोगिता में चार विद्यालयों के कुल 81 छात्र-छात्राओं ने प्रारंभिक स्तर पर भाग लिया। इनमें से चयनित 25 प्रतिभागियों ने इंटर स्कूल प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने भाषण, चित्रकला, रंगोली, लेखन एवं अन्य ज्ञानवर्धक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं सामाजिक सोच की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन के निदेशक प्रो. डी.एन. चौधरी ने विद्यार्थियों को शिक्षा, कौशल विकास एवं उज्ज्वल भविष्य को लेकर प्रेरणादायक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि आज के समय में केवल पुस्तक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं निरंतर सीखने की प्रवृत्ति का होना भी आवश्यक है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### अवैध बालू भंडारण पर बड़ी कार्रवाई : 10,000 घनफुट बालू जब्त, 1.50 लाख रुपये जुर्माना

**मसौढ़ी** ! अवैध बालू खनन और भंडारण के खिलाफ खनन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई तेज कर दी है.इसी कड़ी में मसौढ़ी थाना क्षेत्र के इस्लामपुर एवं पूरनचक गांव में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध बालू जब्त किया गया है.खनन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर इस्लामपुर एवं पूरनचक में छापेमारी की,जहां करीब 10,000 घनफुट बालू अवैध रूप से भंडारित पाया गया. इस मामले में मसौढ़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी.बताया जाता है।कि इलाके में अवैध बालू भंडारण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है.इसी अभियान के तहत की गई इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है. जानकारी के अनुसार, बालू माफिया नियम-कायदों की अनदेखी करते हुए सोन नदी से पीली बालू अवैध उत्खनन कर खेतों या अन्य स्थानों पर जमा कर रहे थे, जिससे सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है.इस अभियान में खान निरीक्षक उत्तम मणि और मसौढ़ी थाना थानाध्यक्ष विवेक भारती की महत्वपूर्ण भूमिका रही.खान निरीक्षक उत्तम मणि ने बताया कि भगवमगज थाना क्षेत्र के ढलकोचक गांव निवासी वीरेंद्र कुमार एवं मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पूरनचक गांव निवासी शैलेश कुमार द्वारा अवैध रूप से भंडारित बालू को जब्त करते हुए 22 लाख पचास हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है.जब्त बालू को मसौढी थाना के हवाले कर दिया गया है.

### लंबे समय से फरार वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल



**मसौढ़ी** !लहसुना थाना की पुलिस ने मंगलवार की सुबह एक लंबे समय से फरार वारंटी को गुप्त सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।गिरफ्तार वारंटी लहसुना थाना क्षेत्र के घोड़ाहुआ गांव निवासी किरण कुमार सिंह के पुत्र ओमकार नाथ सिंह बताया गया है। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि वह एक मामले के आरोपित हैं तथा लंबे समय से फरार चल रहा था।न्यायालय द्वारा उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### दाखिल खारिज में गड़बड़ी, सीओ के निलंबन की 'रिकमेंडेशन'

**हाजीपुर**। वैशाली में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा शुरू किए गए 'सहयोग शिविर' के पहले ही दिन बड़ी कार्रवाई हुई है। तिरहुत प्रक्षेत्र के कमिश्नर गिरिवर दयाल ने ग़ोरौल अंचल के सीओ (अंचल अधिकारी) के निलंबन की अनुशंसा की है। यह कार्रवाई जमीन परिमार्जन और दाखिल खारिज (म्यूटेशन) में अनियमितताओं की शिकायतें मिलने के बाद की गई। कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि यह शिविर केवल शिकायतें लेने के लिए नहीं, बल्कि उनके तत्काल समाधान के लिए लगाए गए हैं। आयुक्त गिरिवर दयाल ने कहा कि यदि कहीं भी कोई शिकायत मिलती है, तो उस पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी और लोगों की शिकायतों का तुरंत निपटारा किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पूरे बिहार में आज से 'सहयोग शिविर' की शुरुआत हुई है, जिसके तहत वैशाली जिले के सभी 18 प्रखंडों की पंचायतों में शिविर लगाए गए। इन शिविरों में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। कमिश्नर ने बताया कि शिविर में कई गंभीर मामले और शिकायतें सामने आई हैं, जिनके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। ग़ोरौल प्रखंड के कटरमाला पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में तिरहुत रेंज के कमिश्नर गिरिवर दयाल और आईजी चंदन कुशवाहा मौजूद थे। उन्होंने लोगों की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को उनके शीघ्र निपटारे का आदेश दिया। शिविर के पहले ही दिन अधिकारियों की लापरवाही उजागर हुई, जिस पर तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यह मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देशों का अधिकारियों पर दिख रहा असर माना जा रहा है।

### बस ने कंडक्टर को रौंदा, मौत, रामाशीष चौक पर हुआ एक्सीडेंट, 20 साल से कर रहा था काम

**हाजीपुर**। वैशाली में एक बस कंडक्टर की अपनी ही बस से कुचलकर मौत हो गई। यह घटना सोमवार शाम करीब 4 बजे सदर थाना क्षेत्र के रामाशीष चौक पर हुई। मृतक की पहचान लालगंज थाना क्षेत्र के एतबारपुर सिसौला निवासी विनोद राय (45) के रूप में हुई है। विनोद राय स्वर्गीय जगदीश राय के पुत्र थे। वह पिछले 20 वर्षों से 'रौशन बस' में कंडक्टर के पद पर कार्यरत थे। बताया जा रहा है कि जिस बस में वह ड्यूटी कर रहे थे, उसी बस की चपेट में आने से उनकी जान चली गई। विनोद राय अपने तीन भाइयों और दो बहनों में तीसरे नंबर पर थे। उनके परिवार में दो बेटे और एक बेटी है। इस दुखद घटना के बाद से पूरे परिवार में शोक का माहौल है। मृतक विनोद राय पूर्व RJD विधायक मुकेश कुमार रौशन की 'रौशन ट्रैवल्स' में काम करते थे। मृतक के भतीजे ने बताया कि उनके चाचा महुआ के पूर्व विधायक की बस में काम करते थे और रामाशीष चौक के पास सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई। उन्होंने पुष्टि की कि जिस बस में चाचा ड्यूटी करते थे, उसी बस से यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों से उन्हें घटना की सूचना मिली। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### गैस सिलेंडर ब्लैकमार्केटिंग का खुलासा, पुलिस ने मौना गांव से 15 सिलेंडर और अवैध कार्ड जब्त किए

**हाजीपुर**। वैशाली में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी का बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने बेलसर थाना क्षेत्र के मौना गांव में छापेमारी कर भारी मात्रा में गैस सिलेंडर और अवैध गैस कार्ड बरामद किए हैं। एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गई है।यह मामला वैशाली जिले के बेलसर थाना क्षेत्र के मौना गांव का है, जहां घरेलू गैस सिलेंडरों की खुलेआम कालाबाजारी की जा रही थी। बताया जा रहा है कि गरीब और जरूरतमंद लोगों को मिलने वाले गैस सिलेंडरों को अवैध तरीके से ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा था। वैशाली एसपी विक्रम सिहाग को गुप्त सूचना मिली थी कि मौना गांव में गैस सिलेंडर 2100 रुपये से लेकर 5100 रुपये तक में बेचे जा रहे हैं। सूचना मिलते ही एसपी के निर्देश पर महुआ एसडीपीओ गोपाल मंडल के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ग्राहक बनकर मौना गांव निवासी लुट्टू चौधरी के घर पहुंची। टीम ने जब गैस सिलेंडर की मांग की, तो उन्हें अलग-अलग कीमतें बताई गईं। कालाबाजारी की पुष्टि होते ही टीम ने तुरंत घर में छापेमारी कर दी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 6 भरे हुए और 9 खाली गैस सिलेंडर बरामद किए। इसके अतिरिक्त, भारी मात्रा में अवैध गैस कार्ड भी जब्त किए गए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस ने बेलसर प्रखंड के अंचल अधिकारी और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को सूचित किया। इसके बाद, जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। आशंका जताई जा रही है कि यह मामला केवल एक घर तक सीमित नहीं है, बल्कि गैस सिलेंडर की कालाबाजारी का एक बड़ा नेटवर्क इलाके में सक्रिय हो सकता है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इतने बड़े पैमाने पर गैस सिलेंडर और गैस कार्ड कहां से लाए जा रहे थे और इस रैकेट में कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस और जिला प्रशासन संयुक्त रूप से इस पूरे मामले की गहन जांच कर रहे हैं।

### फुलार घाट पर बुजुर्ग की डूबने से मौत

**हाजीपुर**। वैशाली थाना क्षेत्र के फुलार घाट पर रविवार शाम करीब 5 बजे एक वृद्ध व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर वैशाली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। मृतक की पहचान वैशाली थाना क्षेत्र के धनवारी टोला गांव निवासी स्वर्गीय जुलम पासवान के 55 वर्षीय पुत्र गणेश पासवान के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के बेटे पवन पासवान ने बताया कि उनके पिता का दिमागी संतुलन ठीक नहीं था, जिसके कारण वे कभी-कभी घर से भटक जाते थे। रविवार को भी वे घर से कब निकले, परिवार को इसकी जानकारी नहीं मिली। शाम करीब 5 बजे पुलिस से ही उनके डूबने से मौत होने की सूचना मिली।

# आज देश भर में बंद रहेंगे मेडिकल स्टोर, ऑल - इंडिया है केमिस्ट ने किया हड़ताल का ऐलान

## मेडिकल स्टोर के अस्तित्व पर संकट, ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने की मांग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**मसौढ़ी** !अखिल भारतीय ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट संगठन के आह्वान पर देशभर के दवा व्यापारी 20 मई को अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। यह राष्ट्रव्यापी बंद ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने की मांग को लेकर किया जा रहा है।इसमें खुदरा और थोक दवा व्यापारी शामिल होंगे।मसौढ़ी में दवा विक्रेताओं ने आम जनता को 20 मई से पहले आवश्यक दवाइयां खरीदने की सूचना सोशल मीडिया एवं अखबार के माध्यम से दी है।मसौढ़ी केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश कुमार एवं सचिव अनिल कुमार ने बताया किऑनलाइन ई-फार्मेसी पर रोक लगाने की मांग को लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है. उनका आरोप है कि बिना वैध प्रिस्क्रिप्शन के दवाओं की बिक्री हो रही है,जिससे नशाखोरी और नकली दवाओं का खतरा बढ़ रहा है. दूसरा बड़ा मुद्दा कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा दी जा रही भारी छूट (प्रिडेटर प्राइसिंग) है,जिससे छोटे और स्थानीय दवा दुकानदारों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है.तीसरा कारण सरकारी नीतियों में बदलाव और अवैध ई-फार्मेसी के खिलाफ सख्त कानून की मांग है. संगठन ने सरकार से इस दिशा में ठोस कार्रवाई की मांग की है.ऑनलाइन दवा व्यापार न केवल दवा व्यापारियों के लिए खतरा बन गया है, बल्कि मरीजों की सुरक्षा पर भी सवालिया निशान खड़े कर रहा है। उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट कंपनियां भारी छूट देकर दवा व्यवसाय पर कब्जा करने की कोशिश कर रही हैं।इसके चलते फुटकर दवा व्यापारियों के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है।दवा व्यापारियों ने बताया कि आज संगठन के आह्वान पर देशभर के व्यापारी अपना कारोबार बंद रखकर केंद्र सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त रोक लगाने और दवा व्यापार के अवैध तरीकों को बंद करवाने की मांग करेंगे।ऑनलाइन ई-फार्मेसी पर रोक लगाने की मांग को लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है. उनका आरोप है कि बिना वैध प्रिस्क्रिप्शन के दवाओं की बिक्री हो रही है,जिससे नशाखोरी और नकली दवाओं का खतरा बढ़ रहा है. दूसरा बड़ा मुद्दा कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा दी जा रही भारी छूट (प्रिडेटर प्राइसिंग) है, जिससे छोटे और स्थानीय दवा दुकानदारों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है.

तीसरा कारण सरकारी नीतियों में बदलाव और अवैध ई-फार्मेसी के खिलाफ सख्त कानून की मांग है. संगठन ने सरकार से इस दिशा में ठोस कार्रवाई की मांग की है.इस मौके पर चंदन कुमार सचिन कुमार टिंकू कुमार आयुष कुमार पिंकू सत्यपाल बेचन सूरज सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# पीयू के इकबाल हॉस्टल से 2 सुतली बम बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। पटना यूनिवर्सिटी के इकबाल हॉस्टल से 2 जिंदा सुतली बम बरामद किए गए हैं। पीरबहोर थाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हॉस्टल के छात्र आपसी रंजिश में बमबाजी की घटना को अंजाम देने की तैयारी में हैं। दो गुटों की लड़ाई के बीच कभी भी बमबाजी की जा सकती है। इसी सूचना के आधार पर इकबाल हॉस्टल की तलाशी ली गई। जहां हॉस्टल के पीछे खंडहरनुमा भवन से 2 जिंदा सुतली बम मिले। दोनों बम प्लास्टिक में लपेटकर रखे गए थे। फिलहाल पटना यूनिवर्सिटी के सभी हॉस्टल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। देर रात तक सर्च ऑपरेशन चलाया गया। भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे। पुलिस ने समय रहते कैंपस के अंदर हिंसक झड़प को टाल दिया है।

**एफआईर दर्ज कर कार्रवाई कर रही पुलिसः** टाउन डीएसपी 1 राजेश रंजन के नेतृत्व में इकबाल, जैक्सन, नदवी, कैंडविश, Minto हॉस्टल में रात 2:00 तक सर्च किया गया है। हालांकि इस दौरान 2 सुतली बम के अलावा अन्य कुछ बरामद नहीं हुआ। फिलहाल पुलिस की ओर से बम स्क्वॉड की टीम को डिफ्यूज के लिए यूनिवर्सिटी के कैंपस में बुलाया गया है। डिफ्यूज करने के बाद एफएसएल में भेजा जाएगा। दूसरी तरफ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज करके पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। टाउन डीएसपी 1 राजेश रंजन ने बताया कि बम डिटेक्शन और डिस्पोजल टीम बुलाई गई थी। खंडहरनुमा भवन से 2 जिंदा सुतली बम मिले हैं। इस तरह की आपराधिक गतिविधि में लगे शरारती तत्वों के बारे में पता लगाया जा रहा है। फिलहाल अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# एमपी में बैंक लूटने वाले 3 बदमाश पटना में धराए



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। मध्य प्रदेश के सिंगरौली के बैंक ऑफ महाराष्ट्र की बैढ़न शाखा से तकरीबन 15 करोड़ के गहने और कैश लूटे गए थे। मामले में पटना से 3 बदमाश पकड़े गए हैं। टाउन डीएसपी-1 राजेश रंजन ने बताया कल मध्य प्रदेश की पुलिस आई थी। मध्य प्रदेश पुलिस, पटना पुलिस और एसटीएफ के सहयोग से कुमकुम सिंह लेन से हर्ष (संडलपुर), प्रभाकर (सुल्तानगंज) और रवि नन्दन कुमार (सुल्तानगंज) को अरेस्ट किया गया है। तीनों पटना के रहने वाले हैं। हाल में अपना ठिकाना परसा बाजार बनाया था। प्रभाकर की गिरफ्तारी पीरबहोर इलाके से हुई से हुई है। इनके बारे में और पता लगाया जा रहा है। इनके ऊपर मध्य प्रदेश के सिंगरौली में 9 केजी सोना और 20 लाख रुपए बैंक से लूटने के आरोप हैं।

**17 अप्रैल को की थी वारदातः** 17 अप्रैल को दोपहर करीब 12:50 बजे बैढ़न स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा में 5 बदमाशों ने धावा बोलकर लगभग 15 करोड़ रुपए की लूट की थी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

# स्वाभिमान साहित्यिक मंच के 45वें राष्ट्रीय कवि दरबार में गूंजीं ग़ज़लें और गीत, साहित्यिक रंग में डूबा पटना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटनाः** स्वाभिमान साहित्यिक मंच के तत्वावधान में 45वें राष्ट्रीय कवि दरबार का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े कवियों और साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से साहित्य प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। काव्य, गीत, शायरी और आज़ाद ग़ज़लों से सजी इस साहित्यिक संध्या में श्रोताओं की बड़ी उपस्थिति देखने को मिली। कार्यक्रम ने साहित्य और संस्कृति के प्रति लोगों की गहरी रुचि को एक बार फिर उजागर किया। कार्यक्रम की शुरुआत मंच के संयोजक नरेश कुमार आष्टा द्वारा अतिथियों एवं आमंत्रित कवियों के स्वागत से हुई। उन्होंने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि स्वाभिमान साहित्यिक मंच निरंतर साहित्यिक गतिविधियों के माध्यम से रचनात्मक सोच और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने देशभर से आए साहित्यकारों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन साहित्यिक संवाद और रचनात्मक अभिव्यक्ति को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं।

कवि दरबार की अध्यक्षता पटना के वरिष्ठ साहित्यकार सिद्धेश्वर ने की। उनके मार्गदर्शन और साहित्यिक अनुभव ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। उन्होंने अपने संबोधन में साहित्य को समाज का दर्पण बताते हुए कहा कि कविता और ग़ज़ल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और संवेदनाओं की अभिव्यक्ति भी हैं। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन पटियाला की कवयित्री जागृति गौड़ ने किया। अपनी सहज और प्रभावशाली शैली, मधुर आवाज़ तथा शेरो-शायरी के अंदाज़ से उन्होंने पूरे आयोजन को जीवंत बनाए रखा। उनके संचालन ने कार्यक्रम में उत्साह और आत्मीयता का माहौल बनाए रखा।

कवि सम्मेलन में पंजाब के पटियाला से आए कवि संजय दर्दी चोपड़ा ने अपनी खूबसूरत ग़ज़लों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी। वहीं छत्तीसगढ़ से आईं सम्पति चौरे और पटना की राज प्रिया रानी ने अपनी भावपूर्ण कविताओं और गीतों से माहौल को संवेदनशील और भावनात्मक बना दिया। उनकी प्रस्तुतियों ने श्रोताओं के दिलों को छू लिया। इस अवसर पर साहिबाबाद से सुरेन्द्र कुमार अरोड़ा, नई दिल्ली से संतोष पुरी, पटना से अरुण चंदर रॉय, संतोष मालवीय, हजारी सिंह रशीद गौरी तथा भूपिंदर देव सिंह ने भी अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को साहित्यिक रस से सराबोर कर दिया। गीतों और आज़ाद ग़ज़लों की प्रस्तुतियों ने देर रात तक कार्यक्रम में उत्साह और तालियों की गूंज बनाए रखी।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने कहा कि स्वाभिमान साहित्यिक मंच साहित्य और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। मंच का यह 45वां राष्ट्रीय कवि दरबार साहित्य प्रेमियों के लिए एक यादगार आयोजन साबित हुआ, जिसने रचनात्मक अभिव्यक्ति और साहित्यिक संवाद को नई दिशा देने का काम किया।

# रेलकर्मियों की समस्याओं को लेकर महाप्रबंधक से मिले कर्मचारी, त्वरित समाधान का दिया निर्देश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**हाजीपुर**। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में मंगलवार को रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के समाधान को लेकर विशेष पहल देखने को मिली। इस दौरान तीन रेलकर्मियों एवं आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात कर अपनी विभागीय एवं व्यक्तिगत समस्याओं से अवगत कराया।

मुलाकात के दौरान रेलकर्मियों ने सेवा संबंधी विभिन्न मामलों को महाप्रबंधक के समक्ष रखा। महाप्रबंधक ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि प्राप्त शिकायतों एवं लंबित मामलों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि कर्मचारियों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

महाप्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रेलकर्मियों की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता बनाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि रेलवे कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान होने से कार्य क्षमता और कार्यस्थल का वातावरण भी बेहतर होता है।

पूर्व मध्य रेल प्रशासन की ओर से बताया गया कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को महाप्रबंधक से सीधी मुलाकात का दिन निर्धारित किया गया है। इस व्यवस्था के तहत रेलकर्मी एवं उनके आश्रित पूर्व में कार्मिक विभाग में अपना नाम पंजीकृत कराकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मिल सकते हैं और अपनी समस्याएं सीधे उनके समक्ष रख सकते हैं।

रेल प्रशासन की इस पहल को कर्मचारियों के हित में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। इससे रेलकर्मियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उच्च अधिकारियों तक सीधे पहुंचने का अवसर मिल रहा है, जिससे मामलों के निष्पादन में तेजी आने की उम्मीद है।

# 21 मई को शहर का कचरा नहीं उठाएंगे सफाईकर्मी

## स्वच्छता सर्वेक्षण में गिर सकती सिटी की रैंकिंग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना**। पटना में अभी स्वच्छता सर्वेक्षण चल रहा है। इस बीच शहर में कचरे का अंबार लगने वाला है। 21 मई को पटना नगर निगम के 8000 कर्मी एक दिवसीय हड़ताल पर जाएंगे। इसमें मजदूर, सफाई कर्मी, ड्राइवर, स्वीपर शामिल हैं। पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के प्रवक्ता जितेंद्र कुमार ने कहा कि हड़ताल को लेकर आयोजित बैठक में इस बात पर रोष व्यक्त किया गया कि तात्कालीन नगर आयुक्त के जाते ही नगर निगम कर्मचारियों का वेतन, पेंशन समय पर नहीं मिल पा रहा है। कर्मचारियों के वेतन वृद्धि के बकाया का भुगतान नहीं हुआ है।

**होगा अनिश्चितकालीन हड़तालः** सफाई कर्मियों ने चेतावनी दी है कि अगर मांगें पूरी नहीं हुई तो जुलाई में अनिश्चितकालीन हड़ताल होगी। वेतन भुगतान को लेकर विभिन्न स्तरों पर अनावश्यक विलंब, टालमटोल और उपेक्षापूर्ण प्रशासनिक रवैया अपनाया जा रहा है। हड़ताल में सड़क पर कचरा फैल जाएगा। दुर्गन्ध के चलते सड़कों पर चलना मुश्किल हो जाएगा। बारिश का भी सीजन आने वाला है। ऐसे में शहर के गली-मोहल्ले और मुख्य सड़कों पर कूड़ा-कचरा सड़ने लगेगा।

◆ **पटना में 8000 जाएंगे हड़ताल पर**

# 45° डिग्री के करीब पहुंचा 3 जिलों का तापमान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। कुछ दिनों की राहत के बाद पटना सहित पूरे राज्य में एक बार फिर गर्मी बढ़ गई है। सोमवार को प्रदेश के 3 जिलों का तापमान 45°C के करीब पहुंच गया, जो इस साल बिहार में मौसम का सबसे गर्म दिन रहा। 44.6°C के साथ गयाजी सबसे गर्म जिला रहा। रोहतास का तापमान 44.5°C , जबकि बक्सर का तापमान 44.4°C दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने आज रोहतास, कैमूर और बक्सर में हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है।

भीषण गर्मी को देखते हुए बक्सर डीएम ने क्लास 1 से 8 तक के सभी निजी और सरकारी स्कूल 31 मई तक के लिए बंद करने का आदेश दिया है। वहीं समस्तीपुर में सुबह 11 बजे तक ही क्लास चलेंगे। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

दिन में तेज धूप और उमस लोगों को परेशान करेगी। शाम के समय कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हो सकती है। वहीं, बिहार में 25 मई से नौतपा की शुरुआत हो रही है, जो 2 जून तक रहेगा। इस दौरान लगातार 9 दिनों तक भीषण गर्मी और लू का असर देखने को मिलेगा। इस अवधि में तापमान अपने चरम पर पहुंच सकता है।

# दानापुर में पंचायत स्तर पर 'सहयोग शिविर'

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



❒ **डिप्टी सीएम ने किया उद्घाटन, समस्या लेकर पहुंची महिला बोली, क्या करना है बताया ही नहीं जा रहा**

**पटना**। बिहार सरकार ने आम लोगों की समस्या के समाधान के लिए पंचायत स्तर पर पहल की जा रही है। पटना जिला प्रशासन की ओर से दानापुर प्रखंड में 'सहयोग शिविर' की शुरुआत हुई है, जिसका उद्घाटन उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने किया। यह शिविर दानापुर प्रखंड की सरारी पंचायत के दरियापुर गांव में लगा है। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से की गई है। मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को उनकी छोटी-बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए प्रखंड और जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने से राहत दिलाना है। शिविर में पहुंची रिंकू देवी ने कहा कि मेरी जमीन का जबरन कब्जा किया जा रहा है। 7 मई की रात को बाउंड्री तोड़ दी गई। केस हुआ, पर कार्रवाई नहीं हुई है। शिकायत लेकर शिविर में आई हूं। यहां करना है बताया ही नहीं जा रहा है।

**लापरवाही करने वाले अधिकारी पर कार्रवाई होगीः** डिप्टी सीएम विजय चौधरी ने कहा कि ये बहुत ही जनउपयोगी कार्यक्रम है। जिन लोगों ने जिस विभाग की शिकायतें पहले की थी, उन सब की जांच कर निदान कर दिया गया है। आज भी अलग-अलग विभाग के स्टॉल बने हैं। जितने भी आवेदन आएंगे। सब को ऑनलाइन भी रखा जाएगा। समय पर 30 दिन के अंदर निष्पादन होगा। जो अधिकारी लापरवाही करेंगे उनपर कार्रवाई होगी।

**आवास योजना घर की चाबी सौंपीः** लाभार्थी रीमा कुमारी ठाकुर, हेमंती देवी को लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार का चेक दिया गया है। लाभार्थी सुषमा देवी को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर की चाबी दी गई। लाभार्थी रूबी देवी को लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तरह 1100 का चेक दिया गया। लाभार्थी सिम्मी देवी को राशन कार्ड का लाभ दिया गया। इसके साथ ही एक अन्य महिला को भूबंदोबस्ती का लाभ दिया गया।

शिविर में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, मनरेगा, बिजली, जलापूर्ति, सड़क, आपूर्ति और पंचायत विभाग सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद हैं। ग्रामीण अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं से जुड़े आवेदन सीधे इन अधिकारियों को सौंप सकेंगे। प्रशासन का लक्ष्य है कि प्राप्त शिकायतों का निष्पादन 30 दिनों अंदर किया जाए। कई मामलों का मौके पर ही समाधान करने का भी प्रयास किया जाएगा।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण पर कांग्रेस का हमला, कहा- योग्य मतदाताओं के नाम हटाना लोकतंत्र के लिए खतरा

एजेंसी। रांची




झारखंड कांग्रेस ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल उठाए हैं। मंगलवार को रांची स्थित कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग मतदाता सूची से योग्य लोगों के नाम हटाकर "मतदाता चोरी" कर रहा है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस एसआईआर प्रक्रिया का स्वागत करती है, लेकिन इसकी कार्यप्रणाली पर पार्टी को गंभीर आपत्ति है। केशव महतो कमलेश ने कहा कि लोकतंत्र में हर पात्र नागरिक को मतदान का अधिकार मिलना चाहिए और किसी भी योग्य मतदाता को उसके अधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर बड़े पैमाने पर लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं, जो चिंताजनक है। कमलेश ने बताया कि कांग्रेस पार्टी पूरे झारखंड में बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति कर रही है। राज्य के कुल 29 हजार बूथों में से अब तक 17,281 बीएलए की नियुक्ति की जा चुकी है। पार्टी स्तर पर मतदाताओं की मैपिंग का काम भी चल रहा है। राज्य में करीब 2 करोड़ 64 लाख मतदाताओं की मैपिंग की जानी है, लेकिन अभी तक लगभग 70 लाख मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया कि देश में एसआईआर के पहले दो चरणों में लगभग छह करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा चुके हैं और अगले चरण में करीब चार करोड़ और नाम हटाए जाने की आशंका है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग नए मतदाताओं को जोड़ने और मृत लोगों के नाम हटाने के साथ-साथ योग्य नागरिकों के नाम भी काट रहा है। उन्होंने कहा कि पहले प्रक्रिया के दौरान गलती से नाम कटते थे, लेकिन अब सुनियोजित तरीके से नाम काटे जा रहे हैं। प्रेस वार्ता में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने केंद्र सरकार पर महंगाई और बेरोजगारी को लेकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि महज पांच दिनों के भीतर पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में दो बार बढ़ोतरी की गई है। महंगाई को सामान्य बताने की कोशिश की जा रही है, जबकि रुपये का लगातार अवमूल्यन हो रहा है। उन्होंने कहा कि छात्र और युवा निराशा में आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। प्रदीप यादव ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी केंद्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2024 की नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में संसदीय समिति द्वारा दिए गए सुझावों को नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि शैक्षणिक संस्थानों में संघ विचारधारा से जुड़े लोगों को उच्च पदों पर बैठाया जा रहा है, ताकि शिक्षा व्यवस्था में वैचारिक हस्तक्षेप किया जा सके। प्रदीप यादव ने जातिगत जनगणना और सरना धर्म कोड के मुद्दे पर भी कांग्रेस की लड़ाई जारी रखने की बात कही। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सरकार जातिगत जनगणना नहीं करा रही है, तो मकान गणना के दौरान मकान मालिक की जाति का उल्लेख 12वें कॉलम में क्यों किया जा रहा है। जातिगत जनगणना समाज का "एक्सरे" है, जिससे यह पता चलता है कि कौन-सा वर्ग किस स्थिति में है और उसी आधार पर विकास योजनाएं बननी चाहिए। प्रदीप यादव ने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल और बिहार में एसआईआर के दौरान जो स्थिति बनी, वैसा झारखंड में नहीं होने दिया जाएगा। कांग्रेस हर जनहित के मुद्दे पर संघर्ष करती रहेगी। प्रेस वार्ता में राकेश सिन्हा, सोनाल शांति, सूर्यकांत शुक्ला, कमल ठाकुर और राजन वर्मा सहित कई कांग्रेस नेता मौजूद थे।

# डॉ. इरफ़ान अंसारी ने दिल्ली में राहुल गांधी से की मुलाक़ात, स्वास्थ्य और विकास के मुद्दों पर हुई चर्चा

एजेंसी। रांची



झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने मंगलवार को नई दिल्ली में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। इस मुलाकात को लेकर मंत्री ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसे अपने लिए प्रेरणादायक और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला बताया। मंत्री डॉ. अंसारी के अनुसार, राहुल गांधी के साथ हुई यह बातचीत पूरी तरह से राज्य के विकास, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और जनता से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर केंद्रित रही। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी ने उन्हें लगातार जनता के बीच सक्रिय रहने और सामाजिक मुद्दों को मजबूती से उठाने की सलाह दी। मुलाकात के दौरान राहुल गांधी ने महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती सामाजिक असमानता और गरीब वर्गों की समस्याओं जैसे मुद्दों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इन विषयों पर और अधिक प्रभावी तथा जनसरोकार आधारित संघर्ष की आवश्यकता है, ताकि आम लोगों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती मिल सके। झारखंड सरकार के कार्यों पर भी इस बैठक में विस्तार से चर्चा हुई। स्वास्थ्य मंत्री ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी राहुल गांधी को दी। उन्होंने राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों, अस्पतालों के विस्तार और चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रयासों का भी उल्लेख किया। डॉ. इरफान अंसारी ने विशेष रूप से राज्य में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए चल रही योजनाओं की जानकारी साझा की। इसमें रिम्स-2 के निर्माण की योजना, नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और चिकित्सा व्यवस्था को आधुनिक बनाने के प्रयास शामिल रहे। बैठक के दौरान राहुल गांधी ने यह भी कहा कि आने वाले समय में देश को कई सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में जनता को जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से अल्पसंख्यक, पिछड़े और कमजोर वर्गों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने और समाज के हर वर्ग की आवाज बनने की बात कही। मुलाकात के अंत में राहुल गांधी ने डॉ. अंसारी को सलाह दी कि वे जनता के बीच लगातार सक्रिय रहें, निडर होकर अपनी बात रखें और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखें। उन्होंने यह भी कहा कि वह इस प्रयास में उनके साथ हैं और किसी भी तरह की राजनीतिक दबाव या धमकियों से डरने की आवश्यकता नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### हनुमान मंदिर की वर्षगांठ पर निकली कलश यात्रा



**खूंटी**। जिला अंतर्गत ग्राम सोसोटोली में हनुमान मंदिर की वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान गांव में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरूष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और जयघोष के साथ कलश यात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष काशी नाथ महतो और खूंटी प्रखण्ड के पूर्व उप प्रमुख जितेंद्र कश्यप उपस्थित रहे। इस अवसर पर काशीनाथ महतो ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारा और आपसी प्रेम को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी लोगों के सुख-समृद्धि एवं समाज पर भगवान की कृपा बने रहने की कामना की। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीणों एवं समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### किसानों की दुश्मन है राज्य की हेमंत सरकार : कोचे मुंडा

**खूंटी**। झारखंड सरकार की किसान विरोधी नीतियों और वादा खिलाफी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को तोरपा में रैली निकाली और धरना प्रदर्शन किया। रैली का नेतृत्व तोरपा मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार और तपकरा मंडल अध्यक्ष मुस्कु स्वासी ने किया। धरना प्रदर्शन के बाद मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार किसानों की दुश्मन है। उन्होंने कहा कि जब से राज्य में यह सरकार आई है, तब से किसानों का शोषण कर रही है। पूर्व विधायक ने कहा कि यह सरकार अपना एक भी वादा पूरा नहीं कर सकी है। इंडी गठबंधन ने वादा किया था कि सरकार बनने के बाद धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3200 रुपये देगी, पर इस वादा को भी सरकार पूरा नहीं कर सकी। कोचे मुंडा ने कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। राज्य में लूट खसोट का बोलबाला है। बिना घूस दिए सरकारी कार्यालयों में कोई का नहीं होता। पूर्व विधायक ने ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों का अविलंब मुआवजा देने की मांग की। मौके पर किसानों को खरीदे गए धान का भुगतान करने की भी मांग की गई। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जायसवाल, जिला महामंत्री निखिल कंडुलना, विनोद भगत, रामानंद साहू शशांक शेखर राय, भगीरथ राय, कृपा सिंधु बेहरा,गंदौरी गुड़िया, कैलाश कांशी, पवन जायसवाल, मुकेश गुप्ता आदि उपस्थित शामिल थे।

### खूंटी जिले की सभी दवा दुकानें 20 मई को रहेंगी बंद

**खूंटी**। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट, मुंबई की ओर से आहूत एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंदी के समर्थन में खूंटी केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने (20 मई)बुधवार को जिले की सभी थोक एवं खुदरा दवा दुकानों को बंद रखने का निर्णय लिया है। इस संबंध में एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कुमार मिश्र एवं सचिव रवि प्रकाश ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के आह्वान पर जिले भर के दवा व्यवसायी बंदी में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि बंदी के दौरान आम मरीजों को होने वाली संभावित परेशानियों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दवा सेवाएं आंशिक रूप से जारी रखी जाएंगी। उन्होंने बताया कि मरीजों की सुविधा के लिए खूंटी स्थित डीएवी रोड का दिनेश मेडिकल हॉल तथा तोरपा स्थित रवि मेडिकल एजेंसी को खुला रखा जाएगा, ताकि आपातकालीन स्थिति में लोगों को दवाइयां उपलब्ध हो सकें। एसोसिएशन ने आम लोगों से आवश्यक दवाओं की खरीदारी पूर्व में ही कर लेने की अपील की है।

### जमशेदपुर में हुरलुंग पुल के पास चलती हाईवा में लगी आग, चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा



**पूर्वी सिंहभूम**। बिरसानगर थाना क्षेत्र स्थित हुरलुंग पुल के समीप मंगलवार सुबह एक चलती हाईवा वाहन में अचानक आग लग जाने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना सुबह करीब पांच बजे की बताई जा रही है। आग लगने के बाद वाहन से तेज धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते लपटें उठने लगीं, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। हाईवा वाहन संख्या जेएच02एएक्स-2778 बहरागोड़ा से जमशेदपुर की ओर आ रहा था। जब वाहन हुरलुंग पुल के पास पहुंचा, तभी उसमें अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। शॉर्ट सर्किट के कारण वाहन के इंजन हिस्से में आग लग गई, जो धीरे-धीरे फैलने लगी। हाईवा चालक दिलीप गोप ने समय रहते स्थिति को भांप लिया। उन्होंने तुरंत वाहन को सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर रोक दिया और खुद बाहर निकल गए। चालक की सूझबूझ और तत्परता के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। यदि वाहन को समय पर नहीं रोका जाता, तो आग अधिक फैल सकती थी और आसपास के लोगों के लिए भी खतरा उत्पन्न हो सकता था। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों ने चालक की समझदारी की सराहना करते हुए कहा कि उसकी सतर्कता के कारण संभावित बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद कुछ समय के लिए इलाके में यातायात प्रभावित रहा, लेकिन बाद में स्थिति सामान्य हो गई। पुलिस को भी घटना की सूचना दे दी गई है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

# रांजाबुरु में फिर भड़का स्थानीय रोजगार आंदोलन, सेल प्रबंधन को ग्रामीणों की अंतिम चेतावनी

एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम



पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा स्थित रांजाबुरु माइंस में स्थानीय रोजगार को लेकर ग्रामीणों का आंदोलन मंगलवार को फिर उग्र हो गया। खदान प्रभावित गांवों के मुंडा-मानकी, ग्रामीणों और सारंडा विकास समिति ने सेल प्रबंधन के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान करते हुए चेतावनी दी है कि यदि 20 मई तक पूर्व में हुए लिखित समझौते को लागू नहीं किया गया, तो गुवा खदान, लौह अयस्क डिस्पैच और ट्रांसपोर्टिंग को अनिश्चितकालीन बंद कर दिया जाएगा। गंगदा पंचायत के मुखिया राजू शांडिल ने कहा कि स्थानीय लोगों की जमीन और संसाधनों पर बाहरी लोगों का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि आंदोलन और समझौते के बावजूद ठेका कंपनी "मां सरला" द्वारा ड्राइवर, खलासी, झंडा कर्मी समेत अन्य पदों पर बाहरी लोगों की नियुक्ति की जा रही है, जबकि स्थानीय युवा बेरोजगार हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में आंदोलन के दौरान मंत्री दीपक बिरुवा, प्रशासनिक अधिकारियों, सेल के मुख्य महाप्रबंधक और ग्रामीण प्रतिनिधियों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता हुई थी। इसमें खदान प्रभावित 18 गांवों के युवाओं को 75 प्रतिशत रोजगार देने, स्थानीय समिति को कार्य आवंटित करने तथा ट्रांसपोर्टिंग और रैक लोडिंग में स्थानीय भागीदारी सुनिश्चित करने पर सहमति बनी थी। सारंडा विकास समिति और ग्रामीणों का आरोप है कि समझौते को अब तक लागू नहीं किया गया। प्रशासन और मंत्री के पीए की ओर से वार्ता का आश्वासन मिलने के बाद आंदोलन फिलहाल स्थगित है, लेकिन ग्रामीणों ने स्पष्ट कर दिया है कि 20 मई की वार्ता में ठोस निर्णय नहीं होने पर आंदोलन और अधिक उग्र होगा।

# थाईलैंड में गोल्ड जीतने वाली युवा शूटर देवासी हेंब्रम को बाबूलाल मरांडी ने किया सम्मानित

एजेंसी। रांची




झारखंड की युवा निशानेबाज देवासी हेंब्रम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य और देश का नाम रोशन किया है। थाईलैंड में आयोजित थर्ड इंटरनेशनल राइफल शूटिंग चैंपियनशिप-2026 में गोल्ड मेडल जीतने पर मंगलवार को झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने देवासी की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने जो सफलता हासिल की है, वह पूरे झारखंड के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें उचित अवसर और सहयोग देने की है। जामताड़ा जिले की रहने वाली देवासी हेंब्रम बेहद साधारण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आती हैं। उनके पिता मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आर्थिक तंगी के कारण परिवार के लिए खेल से जुड़ी महंगी ट्रेनिंग, उपकरण और प्रतियोगिताओं का खर्च उठाना आसान नहीं था। इसके बावजूद देवासी ने अपने हौसले और मेहनत के दम पर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। सम्मान समारोह के दौरान बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देवासी जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव मदद की जानी चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अपने स्तर से वे हर संभव सहयोग करेंगे, ताकि देवासी भविष्य में और बड़ी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर देश का नाम रोशन कर सकें। मरांडी ने राज्य सरकार और खेल विभाग से भी आग्रह किया कि ग्रामीण और गरीब परिवारों से आने वाले खिलाड़ियों के लिए बेहतर प्रशिक्षण, आर्थिक सहायता और खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि प्रतिभाएं संसाधनों के अभाव में पीछे न रह जाएं।

## डालसा ने की लू राहत केंद्रों की शुरुआत



एजेंसी। खूंटी

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर लू राहत केंद्रों की शुरुआत की गई। यह पहल झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश पर और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष डीएलएसए रसिकेश कुमार के पर्यवेक्षण में की गई। शहरी क्षेत्र में तीन स्थानों पर लू राहत केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें खूंटी थाना के समीप बस स्टॉप, भगत सिंह चौक और बिरसा कॉलेज खूंटी के प्रवेश द्वार के पास बाजार टांड़ शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर समाहर्ता परमेश्वर मुंडा ने बस स्टॉप स्थित राहत केंद्र का फीता काटकर किया। इस अवसर पर डीएलएसए के सचिव, नगर पंचायत के नगर प्रबंधक मोनिश, डीएलएसए और नगर पंचायत के कर्मचारी भी उपस्थित थे। डीएलएसए की ओर से बताया गया कि भीषण गर्मी और लू के दौरान आम लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से इन केंद्रों की स्थापना की गई है। यहां यातायात पुलिसकर्मियों, दैनिक मजदूरों, फुटपाथ पर रहने वाले लोगों, छोटे दुकानदारों और राहगीरों के लिए पेयजल, ओआरएस और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की गई है। यह सुविधा जिला प्रशासन खूंटी के सहयोग से संचालित की जा रही है और ग्रीष्म ऋतु की समाप्ति तक जारी रहेगी। साथ ही सदर अस्पताल खूंटी की ओर से सहियाओं को भी इस कार्य में प्रतिनियुक्त किया गया है, ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर सहायता मिल सके।

# बनामगुटू स्कूल में मिड डे मील में निकला कीड़ा, बच्चों ने भोजन छोड़ किया विरोध







एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम

पश्चिम सिंहभूम जिले के खुंटपानी प्रखंड स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बनामगुटू में मंगलवार को मिड डे मील की गुणवत्ता को लेकर गंभीर मामला सामने आया। विद्यालय में बच्चों को परोसे गए मध्यान्ह भोजन में कीड़ा मिलने के बाद छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के बीच हड़कंप मच गया। भोजन की स्थिति देखकर कई बच्चों ने खाना फेंक दिया और बिना भोजन किए ही पूरे दिन स्कूल में पढ़ाई करनी पड़ी। घटना की जानकारी विद्यालय की शिक्षिका एंजिला हेम्ब्रम ने खुंटपानी प्रखंड प्रमुख सिद्धार्थ होनहागा को दी। सूचना मिलते ही प्रखंड प्रमुख सिद्धार्थ होनहागा और जिला परिषद सदस्या यमुना तियू विद्यालय पहुंचे और मामले की जांच की। दोनों जनप्रतिनिधियों ने बच्चों एवं शिक्षकों से बातचीत कर भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। जांच के दौरान यह आरोप सामने आया कि विद्यालय में सेंट्रलाइज्ड किचन के माध्यम से लगातार खराब और निम्न स्तर का भोजन भेजा जा रहा है। प्रखंड प्रमुख सिद्धार्थ होनहागा ने कहा कि बच्चों को पौष्टिक भोजन देने के बजाय बेहद घटिया खाना परोसा जा रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब किसी अधिकारी के निरीक्षण की सूचना मिलती है, तब उस दिन बेहतर गुणवत्ता का भोजन भेज दिया जाता है, जबकि सामान्य दिनों में बच्चों को खराब भोजन दिया जाता है। उन्होंने कहा कि खाने में हरी सब्जियां नहीं रहतीं और कई बार सड़े-गले आलू तक इस्तेमाल किए जाते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो मिड डे मील व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों में भी नाराजगी है। लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# झारखंड में फिर बढ़ने लगी गर्मी, डाल्टनगंज में तापमान 43 डिग्री के पार

एजेंसी। रांची

झारखंड में मौसम एक बार फिर करवट लेता नजर आ रहा है। पिछले कुछ दिनों तक बारिश और बादलों के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली थी, लेकिन अब राज्य में तापमान फिर बढ़ने लगा है। मंगलवार को पलामू जिला मुख्यालय डाल्टनगंज राज्य का सबसे गर्म इलाका रहा, जहां अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं राजधानी रांची में भी तेज धूप और उमस के कारण लोगों को गर्मी का एहसास हुआ और यहां अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

हालांकि मौसम विभाग के अनुसार राज्य में तापमान अभी सामान्य से दो डिग्री से अधिक नहीं पहुंचा है। इसके बावजूद दिन में तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर, मौसम विभाग ने आगामी दिनों को लेकर चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार 20 मई और 23 मई को राज्य के पूर्वी और इससे सटे मध्यवर्ती जिलों में बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही कई स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया गया है। संभावित खराब मौसम को देखते हुए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश भी दर्ज की गई। सबसे अधिक वर्षा गुमला जिले के ठेठईटांगर में 50.3 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा सिमडेगा जिले के बानो में 30.6 मिलीमीटर, सिमडेगा में 14.6 मिलीमीटर, नामकुम में 7.7 मिलीमीटर, बंदगांव में 7.2 मिलीमीटर और चंदनकियारी में 4.6 मिलीमीटर बारिश हुई। राज्य के कई अन्य जिलों में भी हल्की बारिश दर्ज की गई। तापमान की बात करें, तो मंगलवार को जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री और न्यूनतम 27.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो में अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री और न्यूनतम 25.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं चाईबासा में अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री और न्यूनतम 25.4 डिग्री सेल्सियस रहा। गुमला राज्य का सबसे ठंडा इलाका रहा, जहां न्यूनतम तापमान 21.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मंगलवार सुबह से रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। तेज धूप निकलने के कारण दिन चढ़ने के साथ गर्मी बढ़ती गई और लोगों को उमस का भी सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम और आकाशीय बिजली को लेकर सतर्क रहने की अपील की है।

कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(अनु0जनजाति, अनु0जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)
E-mail- dwo-palamau@jharkhandmail.gov.in

18 मई 2026 से 25 मई 2026 तक पलामू जिला अन्तर्गत
जनजातीय गरिमा उत्सव (जन भागीदारी अभियान) के लिए प्रेस विज्ञप्ति

भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय (पीएम जनमन प्रभाग), के द्वारा 18 मई 2026 से 25 मई 2026 तक जनजातीय गरिमा उत्सव (जन भागीदारी अभियान) सबसे पहले, सबसे दूर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अनुसूचित जनजातियों के लिए विशेष शिविर के माध्यम से बुनियादी सुविधा यथा स्वास्थ्य, चिकित्सा परामर्श, सिकल सेल रोग का परीक्षण, सक्रिय टीबी मामले का पता लगाना स्वास्थ्य शिविर एवं पारम्परीक चिकित्सकों, मुखियाओं, ग्राम पंचायत सरपंच, पीआरआई सदस्यों और अन्य स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों, जैसे उपलब्धियों हासिल करने वाले आदिवासीयों की पहचान कर उन्हें शिविर में सम्मिलित कर उनके अनुभव को साझा किया जाएगा। केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसेः– 1. Aadhar Card 2. Ayushman Bharat Card 3. PM Kisan 4. PM Ujjwala Yojana 5. PM Jan Dhan Yojana 6. Caste Certificate 7. Domicile Certificate 8. Forest Rights Act Pattas 9. Ration Card 10.Kisan Credit Card 11.MGNREGA 12.Mission Indra dhanush 13.Mudra Yojana 14.Pension Yojana 15.PM Garib Kalyan Anna Yojana 16.PM Jeevan Jyoti Bima Yojana 17.PM Matru Vandana Yojna 18.PM Suraksha Bima Yojana 19.PM Vishwakarma 20.Poshan Abhiyan 21.Sickle Cell Testing 22.Active case Finding for TB 23.Sukanya Samriddhi Yojna 24.Stand Up India Scheme 25.Van Dhan Yojana 26.Selfie Point at camp venue 27.Wall Paintings at Habitation level 28.Distribution of Card in House holds आदि से लाभ दिया जायेगा एवं इन योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों का अनुभव शिविर में साझा कर अनुसूचित जनजातीय समुदाय के व्यक्तियों को प्रेरित किया जायेगा। आदि सेवा केन्द्र में जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा, जिसमें ब्लॉक/ग्राम स्तर के अधिकारियों के द्वारा उनके समस्याओं का समाधान किया जायेगा। उक्त के आलोक में उपायुक्त महोदय के द्वारा सप्ताहिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया, जिसमें समाहरणालय में उपायुक्त महोदय के द्वारा ब्लॉक/ग्राम स्तर के अधिकारियों के लिए उन्मुखीकरण अभियान का शुभारंभ किया गया।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR 380169 (District) 26-27 (D)

## संक्षिप्त समाचार

### राजीव कॉलोनी में 85 लाख की लागत से बिछेगी सीवर और पेयजल लाइन

**फरीदाबाद, एजेंसी।** राजीव कॉलोनी में पिछले काफी समय से चली आ रही सीवर



और पेयजल लाइन की समस्या का समाधान करने की तैयारी है। निगम की ओर से 85 लाख की लागत से सीवर और पानी की लाइन डाली जाएगी। स्थानीय विधायक सतीश फागना और पार्षद मुकेश डागर की ओर से जल्द काम शुरू करने के निर्देश दिए है। राजीव कॉलोनी के कुछ हिस्से में लंबे समय से सीवर व पानी की समस्या बनी हुई है। सीवर लाइन नहीं होने से कई जगहों पर गंदा पानी सड़कों पर आ जाता है, जिससे आने – जाने वाले लोगों को परेशानी होती है। कॉलोनी के कुछ क्षेत्र में पानी सप्लाई लाइन भी नहीं है, जिससे कॉलोनी के सभी हिस्सों में पर्याप्त पानी सप्लाई नहीं हो पाती है। लोग टैंकर से पानी लेकर प्रयोग करते हैं। निगम की ओर से सीवर और पानी की लाइन के टेंडर लगा दिए गए हैं।

### हिमाचल में गर्मी के तीखे तेवर, मैदानों के साथ तपे पहाड़

**शिमला, एजेंसी।** प्रदेश में सोमवार को कड़क धूप ने गर्मी के कड़े तेवर दिखाए। मैदानों के साथ पहाड़ भी अब तपने लगे हैं। दिन के तापमान में करीब तीन डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। शिमला और सुंदरनगर में मई में 2025 की अपेक्षा सोमवार ज्यादा गर्म दिन रहा। शिमला का अधिकतम तापमान 2.5 डिग्री बढ़ने के साथ 28.6 डिग्री दर्ज किया गया जबकि 2025 में 19 मई को सबसे अधिक 28.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था। सुंदरनगर में 1.5 डिग्री की वृद्धि के साथ



अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री दर्ज किया गया जबकि 17 मई 2025 को अधिकतम तापमान 38 डिग्री दर्ज किया गया था। धर्मशाला में बीते वर्ष के बराबर 35 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। प्रदेश में 10 स्थानों पर दिन का तापमान 35 डिग्री व उससे अधिक दर्ज किया गया है। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान ऊना और नेरी में 39.7 डिग्री किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने मंगलवार को प्रदेश के ऊंचे क्षेत्रों में एक–दो स्थानों पर हिमपात या वर्षा की संभावना जताई है, जबकि अधिकतर स्थानों पर मौसम साफ रहेगा। आगामी दो दिनों में गर्मी के तेवर और कड़े रहने का अनुमान है। 21 मई से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। हालांकि इसका ज्यादा असर नहीं रहेगा। चंबा, कांगड़ा और मंडी में 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलने का अनुमान है।

### तत्कालीन प्रिंसिपल संदीप घोष के खिलाफ अभियोजन को बंगाल सरकार की मंजूरी

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल सरकार ने आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में नौ अगस्त 2024 को महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले में अस्पताल के तत्कालीन प्रिंसिपल डा संदीप घोष के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए ईडी को अभियोजन की मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार रात एक्स पर एक पोस्ट में खुद इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार ने इस मामले की जांच प्रक्रिया को लंबे समय तक दबाने और रोकने का प्रयास किया।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बढ़ीं आईएएस बसंत गर्ग और संदीप कुमार की मुश्किलें

**चंडीगढ़, एजेंसी।** एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी) की और से पूर्व कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा मामले में तलब किए गए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) के सीएमडी बसंत गर्ग और चेंज आफ लैंड यूज (सीएलयू) मामले में ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथारिटी (गमाडा) के मुख्य प्रशासक संदीप कुमार निर्धारित तिथि पर एजेंसी के समक्ष पेश नहीं हो सके। अब दोनों अधिकारियों को 20 मई बुधवार को दोबारा पेश होने के लिए समन जारी किए गए है। बीती 18 मई को ईडी ने बसंत गर्ग को दिल्ली स्थित कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था। वहीं गमाडा के मुख्य प्रशासक संदीप कुमार को न्यू चंडीगढ़ में रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स, जमीन उपयोग परिवर्तन (सीएलयू) और मंजूरियों से जुड़े दस्तावेजों के संबंध में समन जारी किया गया था। दोनों अधिकारी पूछताछ के लिए नहीं गए। हालांकि गमाडा मुख्य प्रशासक संदीप कुमार की ओर से चार गजटेड अफसरों को जालंधर स्थित ईडी कार्यालय भेजा गया जो सीएलयू से संबंधित सारा रिकार्ड जमा करवा कर आए। इस रिकार्ड में न्यू चंडीगढ़ में विभिन्न प्रोजेक्ट्स, सीएलयू मंजूरियों और संबंधित प्रशासनिक फाइलों से जुड़ा रिकार्ड एजेंसी को दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, ईडी ने इन दस्तावेजों के आधार पर कई परियोजनाओं की स्वीकृति प्रक्रिया, फाइल मूवमेंट और विभागीय अनुमोदनों को लेकर जानकारी जुटाई है। बताया जा रहा है कि जांच एजेंसी विशेष तौर पर उन फाइलों की




पड़ताल कर रही है, जिनमें बड़े बिल्डरों को मंजूरी दी गई थी। संजीव अरोड़ा से जुड़ी कारोबारी गतिविधियों को लेकर सबसे पहले 2023 में संदेह पैदा हुआ था, जब उनकी कंपनी एचएसआरएल पर कागजों में 157.12 करोड़ रुपये के मोबाइल बिक्री लेनदेन और दुबई में 102 करोड़ रुपये के कथित फर्जी निर्यात का मामला सामने आया। इसके बाद ईडी ने विदेशी लेनदेन और फंड रूटिंग को लेकर प्राथमिक जांच शुरू की। अप्रैल 2026 में ईडी ने फेमा के तहत पहली बार संजीव अरोड़ा और एचएसआरएल से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की। जांच के दौरान विदेशी लेनदेन और निर्यात दस्तावेजों में कथित गड़बड़ी की बात सामने आई। इसके बाद 5 मई 2026 को दिल्ली की शेल कंपनियों के जरिए गलत जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) लेने के आरोपों के आधार पर ईडी ने प्रिवेंशन आफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत नया केस दर्ज किया। 8 और 9 मई को ईडी ने चंडीगढ़, दिल्ली और गुरुग्राम समेत कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। इसी कार्रवाई के दौरान न्यू चंडीगढ़ से जुड़े रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स और कुछ निजी कंपनियों के दस्तावेज जब्त किए गए। 9 मई को संजीव अरोड़ा को गिरफ्तार किया गया था। 10 मई को विशेष अदालत ने उन्हें ईडी रिमांड पर भेजा। 18 मई को अरोड़ा को न्यायिक में हिरासत में भेज दिया गया। जांच के दौरान कई अधिकारियों व कारोबारियों को समन जारी किए गए। 16 और 17 मई को ईडी ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए पीएसपीसीएल के सीएमडी बसंत गर्ग, पावरकाम की डायरेक्टर (कमर्शियल) हरशरण कौर, कारोबारी हेमंत सूद, चंद्रशेखर अग्रवाल और गमाडा से जुड़े अधिकारियों को तलब किया।

बीकानेर का तापमान 47 डिग्री के पार

# राजस्थान: रेगिस्तान में पानी नहीं मिलने से गायों की मौत



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान भीषण गर्मी की चपेट में है। राज्य के बीकानेर में सोमवार को तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया है। बीकानेर शहर में दिन का तापमान 47 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ,लेकिन अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया है। यह देश का सबसे अधिक तापमान बताया जा रहा है। श्रीगंगानगर में 45.5 डिग्री एवं फलौदी में 45 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। राज्य के एक दर्जन से अधिक जिलों में सोमवार को दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया है। राजधानी जयपुर में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया ।

उधर राज्य के सीमावर्ती बाड़मेर जिले में भीषण गर्मी से हालात बिगड़ने लगे हैं। जिले के देरासर और उसके आसपास के गांवों में पानी की कमी के कारण पिछले एक सप्ताह में दस से अधिक गायों की मौत की बात सामने आई है। बाड़मेर के रेगिस्तान में दूर-दूर तक पानी नहीं मिलने के कारण आवारा विचरण करने वाली दस से अधिक गायों की मौत का दावा ग्रामीणों ने किया है। देरासर गांव में रामदियों की बस्ती का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है,जिसमें पानी के सुखे कुंड (छोटे तालाब )के आसपास मृतक गायों के कई शव दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की तलाश में गायें कुंड के आसपास पहुंची और यहां भी पानी नहीं मिला तो प्यास से उनकी मौत हो गई। गांव की ग्राम पंचायत के प्रशासक अरसद राजड़ ने कहा,नहर का पानी बंद होने से पानी की काफी किल्लत है। गांव में कई गायों की मौत हुई है। रामसर के उपखंड अधिकारी रामलाल मीणा ने कहा, तहसीलदार को गायों की मौत की रिपोर्ट बनाकर देने के लिए कहा गया है। जलदाय विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर पानी के टैंकरों का प्रबंध किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांवों के बाहर रेगिस्तानी क्षेत्रों में पानी की एक-एक बूंद के लिए आम लोग एवं पशु तड़प रहे हैं।

## सैनी सरकार का बड़ा फैसला, गुरुग्राम-फरीदाबाद समेत एनसीआर में सीएनजी-इलेक्ट्रिक गाड़ियों से ही चलेंगी ओला-उबर

**गुरुग्राम, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में प्रदूषण और ट्रैफिक चुनौतियों से निपटने के लिए हरियाणा की सैनी सरकार ने एप आधारित टैक्सी और डिलीवरी सेवाओं पर बड़ा फैसला लिया है। पहली जनवरी 2027 से एनसीआर क्षेत्र में एग्रीगेटर, डिलीवरी सेवा प्रदाता और ई–कामर्स कंपनियां अपने बेड़े में केवल सीएनजी, इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी), बैटरी आपरेटेड व्हीकल (बीओवी) या अन्य स्वच्छ ईंधन आधारित वाहन ही शामिल कर सकेंगी। नए ऑटो रिक्शा भी केवल सीएनजी या इलेक्ट्रिक ही होंगे। कैबिनेट ने सोमवार को हरियाणा मोटर व्हीकल रूल्स– 1993 में संशोधन को मंजूरी दे दी। इसका मुख्य उद्देश्य प्रदूषण कम करना, यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाना और हरियाणा में 'क्लीन मोबिलिटी माडल' को तेजी से लागू करना है। एग्रीगेटर और डिलीवरी सेवा प्रदाताओं के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। ड्राइवर आनबोर्डिंग, वाहन सत्यापन, साइबर सुरक्षा, किराया निर्धारण और शिकायत निवारण से जुड़े सख्त नियम लागू होंगे। एग्रीगेटर कंपनियों को यात्रियों के लिए कम से कम पांच लाख रुपये का बीमा कवर देना होगा। इसके अलावा ड्राइवरों के लिए पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा और दस लाख रुपये का टर्म इंश्योरेंस अनिवार्य किया गया है। नई नीति के तहत वाहनों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी), पैनिक बटन, फर्स्ट एड किट और फायर एक्सटिंग्विशर लगाना जरूरी होगा।




## फरीदाबाद में मेवला अंडरपास से सिद्धदाता आश्रम तक बनेगी नई सड़क, जलभराव से मिलेगी मुक्ति

**फरीदाबाद, एजेंसी।** मेवला अंडरपास से लेकर सूरजकुंड रोड स्थित सिद्धदाता आश्रम तक सेक्टर-45-46 डिवाइडिंग सड़क बनाने के काम की शुरुआत हो गई है। इससे दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग की सूरजकुंड से सीधी और सुगम कनेक्टिविटी होगी, जिसका लाभ दो लाख से अधिक लोगों को होगा। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और बड़खल के विधायक धनेश अदलखा ने सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। इसकी लागत लगभग 3 करोड़ 50 लाख रुपये आएगी। सड़क के साथ दोनों ओर ड्रेनेज और सुरक्षा व्यवस्था भी विकसित की जाएगी। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि सेक्टर-45 की वर्षों पुरानी सीवर समस्या के समाधान के लिए लगभग 2.25 करोड़ रुपये की लागत से नई सीवर लाइन डालने का कार्य अगले दस दिन में शुरू होगा। सेक्टर-46 में लगभग सवा दो करोड़ रुपये की लागत से बरात घर निर्माण का कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा।

मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि मेवला अंडरपास क्षेत्र में ब्लाइंड स्पाट और जलभराव की समस्या दूर करने के लिए सड़क को नीचा



किया जाएगा तथा ड्रेन और जालियां लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के पार्कों में चहारदीवारी, जिम, फुटपाथ और स्ट्रीट लाइट सहित अधिकांश विकास कार्य पूरे हो चुके हैं।

बड़खल विधानसभा क्षेत्र के विधायक धनेश अदलखा ने कहा कि सिद्धदाता आश्रम रोड से अंडरपास तक डिवाइडिंग रोड निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है तथा इसकी एस्टीमेट, टेंडर और वर्क आर्डर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अनखीर चौक से सेक्टर-46 तक सड़क निर्माण कार्य तेजी से जारी है।

सेक्टर-21ए, बी, सी, डी, 45 और 46 के 54 पार्कों में चहारदीवारी, फुटपाथ और सुंदरीकरण का कार्य पूरा कर आधुनिक लाइटें लगाने का काम शुरू किया गया है। 15 जून तक सेक्टर-21, 45, 46, मेवला और अनखीर क्षेत्र में 60 वाट की एलइडी स्ट्रीट लाइटें लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

सेक्टर-45 की सीवर लाइन समस्या के स्थायी समाधान के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द कार्य शुरू होगा। साथ ही ग्रीनफील्ड और सेक्टर-45 को जोड़ने वाले प्रस्तावित एलिवेटेड पुल के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने अपनी निजी संपत्ति से आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

# नोएडा में दहेज लोभियों ने विवाहिता की ले ली जान, पूरे शरीर पर मिले गंभीर चोटों के निशान

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** दहेज लोभियों द्वारा बेटियों की जान लेने का सिलसिला थम नहीं रहा है। पहले सिरसा में निक्की भाटी, फिर घोड़ी बछेड़ा में मोनिका और अब जलपुरा में दीपिका नागर को दहेज लोभियों की हैवानियत का शिकार होकर जान गंवानी पड़ी है। रविवार रात मकान की चौथी मंजिल से संदिग्ध परिस्थितियों में गिरी दीपिका नागर की मौत हो गई। उसके पूरे शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे। पीड़ित पिता ने दहेज में फार्च्यूनर कार और 50 लाख नहीं मिलने पर निर्मम तरीके से बेटी की पिटाई कर छत से फेंक कर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने दहेज हत्या का मामला दर्ज कर पति व ससुर को गिरफ्तार किया है। हालांकि, ससुराल वाले से कूद कर जान देने का दावा कर रहे हैं। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है।



बादलपुर कोतवाली अंतर्गत ग्राम कूड़ी खेड़ा निवासी संजय नागर दिल्ली जल बोर्ड में कर्मी हैं। 11 दिसंबर 2024 को बेटी दीपिका की शादी ईकोटेक तीन क्षेत्र के जलपुरा निवासी मनोज के बेटे ऋतिक के साथ की थी। दान दहेज की सभी शर्तों को पूरा करते हुए नगदी व सामान समेत करीब एक करोड़ रुपये खर्च किए थे। फिर भी ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज के रूप में फार्च्यूनर कार और 50 लाख रुपये की मांग करने लगे।

मांग पूरी नहीं होने पर पति समेत अन्य ससुरालवाले दीपिका को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। संजय ने बताया शनिवार रात भी बेटी के साथ मारपीट की गई थी। रविवार सुबह बेटी ने फोन पर रो-रोकर बताया था। दोपहर में वह बेटी के ससुराल पहुंचे थे। ससुर मनोज, सास व दामाद ऋतिक को समझाया था। शाम करीब सात बजे बेटी के यहां से घर आ गए थे।

रात करीब 12.30 बजे मनोज ने मोबाइल फोन पर सूचना दी कि दीपिका सीढ़ियों से गिर कर गंभीर घायल हो गई है। उसे शारदा अस्पताल ले जा रहे हैं। संजय व अन्य स्वजन अस्पताल पहुंचे तो बेटी का शव मिला। उसके पेट, हाथों, पैरों समेत शरीर के कई हिस्सों पर चोटों के छह से आठ निशान थे, जबकि आरोपितों ने बताया कि मकान की चौथी मंजिल से कूदने से मौत हुई है।

## लखनऊ युवती हत्याकांड: करीबी पर गहराया शक, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

**लखनऊ, एजेंसी।** रायबरेली रोड के एल्डिको उद्यान दो निवासी शिवानी सिंह की हत्या के मामले में करीबी पर पुलिस का शक गहराया है। माना जा रहा है कि किसी परिचित ने ही उसे बहाने से बुलाकर हत्या की है। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसी कैमरों की फुटेज जुटा रही है। घर के पास ही एक प्रापर्टी कम्पनी के आफिस में काम करने वाली शिवानी की पिछले सप्ताह इंगेजमेंट हुई थी। घर में शादी की तैयारी चल रही थी। शनिवार को वह घर से काम पर जाने की बात कहकर निकली लेकिन वापस नहीं आई। खोजबीन करने पर कोई पता नहीं चला। सोमवार को परिवार के लोग पीजीआई थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे। इधर दोपहर में उतरेठिया स्टेशन के पास एक युवती का शव झाड़ियों में मिला। उसका चेहरा ईंट से कूचा गया था।

सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम गृह में रखवाया। परिवारजन पीजीआई थाने में गुमशुदगी की तहरीर लेकर पहुंचे तो पता चला कि एक युवती का शव सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में मिला है। इसके बाद पुलिस की मदद से वह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। उन्होंने शव की



शिनाख्त शिवानी सिंह के रूप में की। पुलिस ने परिवारजन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर हत्यारोपित की तलाश शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अभी तक की जांच में करीबी पर हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस शिवानी के परिचितों की जानकारी जुटा रही है। परिवार के लोगों से भी पुलिस ने जानकारी ली है। इसी आधार पर छानबीन जारी है। डीसीपी दक्षिण अमित कुमार आनंद ने बताया कि सीसी फुटेज की मदद से आरोपित की तलाश चल रही है। सर्विलांस और क्राइम ब्रांच की टीम भी लगाई गई है।

# गाजियाबाद में लू का कहर: हीट स्ट्रोक रिपोर्ट शून्य, पर इमरजेंसी में तीन साल के बच्चे समेत पांच की मौत

**गाजियाबाद, एजेंसी।** लू का प्रकोप बढ़ रहा है। सोमवार सुबह को सात बजे से ही लू चलने लगी। इसका असर सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में देखने को मिला। ओपीडी में लाइन में खड़े खड़े कई मरीजों को चक्कर आने लगे। मरीज खुद ही जमीन पर लेट गये। खास बात यह रही कि इन मरीजों को कोई देखने को नहीं पहुंचा।

इसी क्रम में सोमवार को शासन को भेजी गई हीट स्ट्रोक की रिपोर्ट शून्य है और दोनों अस्पतालों की इमरजेंसी में पहुंचे चार मरीजों को अलग-अलग कारणों से मृत घोषित किया गया है।

आसपास के लोगों ने फोन करके पुलिस और एंबुलेंस को बुलाया

जिला एमएमजी अस्पताल की इमरजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार नंदग्राम थाना क्षेत्र के लेबर चौक निवासी 45 वर्षीय दीपक उर्फ बकरा की काम के दौरान तबीयत खराब हो गई। आसपास के लोगों ने फोन करके पुलिस के अलावा एंबुलेंस को बुलाया। सुबह 10:50 पर भर्ती कराया गया। हालांकि उपचार के दौरान बीस मिनट बाद दीपक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत का कारण पुरानी बीमारी बताया गया है।



### 70 वर्षीय विनोद को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया

इसके अलावा मिशल गढ़ी डासना मसूरी के रहने वाले 20 वर्षीय सचिन को (नशे के कारण अचेत अवस्था में मिलने पर), सुंदरपुरी की रहने वाली 47 वर्षीय पुष्पा (सीओपीडी के कारण) और अर्थला के रहने वाले के असलम साढ़े तीन साल के बेटे नदीम को (फेफड़ों में गंभीर संक्रमण के कारण) और संजयनगर स्थित जिला संयुक्त अस्पताल की इमरजेंसी में मुरादनगर से पहुंचे 70 वर्षीय विनोद को सांस की बीमारी के चलते चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

जिला एमएमजी अस्पताल की इमरजेंसी में 15 बच्चों समेत 148 गंभीर मरीज पहुंचे। तीनों अस्पतालों की ओपीडी में कुल 3703 मरीज पहुंचे। किसी को उल्टी-दस्त,बुखार तो किसी को डिहाइड्रेशन की शिकायत पर भर्ती कराया गया। सीएमएस डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि सोमवार तक कोई हीट स्ट्रोक का मरीज नहीं पहुंचा है। हीट वेव वार्ड में कोल्ड रूप तैयार है। बेहोशी की हालत में पहुंचने वाले मरीजों का चिकित्सकों की निगरानी में उपचार किया जा रहा है। जिला एमएमजी, संयुक्त अस्पताल और डूंडाहेड़ा अस्पताल की ओपीडी में पहुंचे कुल मरीजों में बीमार बच्चों की संख्या 585 रही। बुखार के 371 मरीजों में भी 62 बच्चे शामिल रहे। धूप से बचकर रहें। खूब पानी पीएं। चक्कर आने पर तुरंत अस्पताल में पहुंचकर चिकित्सक को दिखाएं। ओआरएस का घोल जरूर पीएं। 11 बजे से चार बजे तक घर से बाहर न निकलें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### सोने पर सख्ती, क्या आर्थिक दबाव से निपटने की शुरुआत है यह बड़ा संकेत

भारत बहुमूल्य धातुओं का विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। कच्चे तेल के बाद सोने का देश के आयात में दूसरा बड़ा हिस्सा है। इसकी बढ़ती मांग और आयात से विदेशी मुद्रा का इस्तेमाल भी बढ़ा है, जिससे रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर देश की जनता से विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन कम खर्च करने और सोना न खरीदने को कहा है।सरकार के इस कदम का एक पहलू यह भी है कि इससे सोने-चांदी की कालाबाजारी और तस्करी बढ़ने की आशंका है। पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे संकट का फिलहाल कोई स्थायी हल नजर नहीं आने के मद्देनजर भारत में इसके प्रभाव को कम करने के लिए वैकल्पिक उपायों पर अमल शुरू हो गया है। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री की ओर से हाल में जनता से किए गए आग्रह के बाद सोने-चांदी पर आयात शुल्क छह फीसद से बढ़ाकर पंद्रह फीसद कर देने की घोषणा से की गई। इसके बाद इन कीमती धातुओं के दाम में बुधवार को भारी उछाल आया। सरकार का कहना है कि संकट के समय गैर-जरूरी वस्तुओं के आयात से विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ रहे दबाव को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है।दरअसल, भारत बहुमूल्य धातुओं का विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। कच्चे तेल के बाद सोने का देश के आयात में दूसरा बड़ा हिस्सा है। इसकी बढ़ती मांग और आयात से विदेशी मुद्रा का इस्तेमाल भी बढ़ा है, जिससे रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया है। हालांकि, आभूषण कारोबारी सरकार के इस कदम से निराश हैं, लेकिन यह भी सच है कि समय रहते समुचित उपाय नहीं किए गए, तो आने वाले दिनों में जो जटिल परिस्थितियां पैदा होंगी, उनका सबसे ज्यादा असर आम आदमी पर ही पड़ेगा।गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर देश की जनता से विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, भोजन पकाने के तेल के इस्तेमाल में कमी लाने और सोने की खरीद एवं विदेश यात्रा को स्थगित करने जैसे उपाय अपनाने का आह्वान किया था। संदेश स्पष्ट था कि देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है, जिसे कम करने के लिए वैकल्पिक उपायों की ओर बढ़ना होगा।इसमें दोराय नहीं है कि किसी भी बड़े संकट से निपटने के लिए आम नागरिकों की भी अहम भूमिका होती है। जन भागीदारी के बिना न तो कोई योजना सफल हो पाती है और न ही संकट के दौरान आवश्यक उपायों का व्यापक स्तर पर सार्थक परिणाम सामने आता है। सोने-चांदी की खरीद नागरिकों की मूलभूत जरूरतों से परे है और इसे कुछ समय के लिए सीमित कर देने से अगर विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कुछ कम हो जाए, तो यह एक सार्थक पहल साबित हो सकती है।सरकार के इस कदम का एक पहलू यह भी है कि इससे सोने-चांदी की कालाबाजारी और तस्करी बढ़ने की आशंका है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर निगरानी और सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है। जमीनी और तटीय घुसपैठ मार्गों, संगठित तंत्र और वितरण केंद्रों के रूप में काम करने वाले कारोबारियों पर नियमित नजर रखनी होगी। इससे संकट के समय गैर-जरूरी आयात में संतुलित कमी के जरिए समग्र आर्थिक स्थिरता और बाह्य क्षेत्र के विवेकपूर्ण प्रबंधन में महत्त्वपूर्ण मदद मिल सकती है।इसके अलावा भारत के विदेशी मुद्रा संसाधनों के तहत तेल, उर्वरक, औद्योगिक कच्चे माल और रक्षा जरूरतों जैसे आवश्यक आयात को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने लोगों से ईंधन के गैर-जरूरी इस्तेमाल को कम करने का आग्रह भी किया था और बुधवार को उन्होंने खुद अपने काफिले में शामिल वाहनों की संख्या कम कर दी। इसके बाद कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी इसी तरह का कदम उठाया है। मगर इस बात का ध्यान रखने की जरूरत है कि सरकारी स्तर पर यह मुहिम सिर्फ घोषणाओं तक सीमित न रहे। जनता भी तभी इन उपायों को व्यापक रूप से आत्मसात करेगी, जब जनप्रतिनिधि भी इसका हिस्सा बनेंगे।

## इटली और भारत : इंडो-भूमध्यसागरीय क्षेत्र के लिए एक रणनीतिक साझेदारी



नरेंद्र मोदी, भारत के प्रधानमंत्री और जॉर्जिया मेलोनी, इटली गणराज्य मंत्रिपरिषद की अध्यक्ष

भारत और इटली के संबंध अब एक निर्णायक दौर में पहुंच चुके हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तेजी से विस्तार हुआ है। यह संबंध केवल सौहार्दपूर्ण मित्रता तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अब स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों तथा भविष्य के साझा दृष्टिकोण पर आधारित एक विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया की व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है, इटली और भारत की साझेदारी उच्च राजनीतिक और संस्थागत स्तर पर लगातार संवाद से आगे बढ़ रही है। यह संबंध अब एक नए और अधिक व्यापक स्तर पर पहुंच रहा है, जिसमें दोनों देशों की आर्थिक ताकत, सामाजिक रचनात्मकता और हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत विरासत शामिल है। हमारा सहयोग इस साझा समझ को दर्शाता है कि 21वीं सदी में समृद्धि और सुरक्षा इस बात पर निर्भर करेगी कि देश कितनी क्षमता से नवाचार करें, ऊर्जा परिवर्तन का प्रबंधन करें और अपनी रणनीतिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करें। इसी उद्देश्य से हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा तथा विविध बनाने का संकल्प लिया है, ताकि नए लक्ष्यों को हासिल किया जा सके और दोनों देशों की पूरक शक्तियों का बेहतर उपयोग हो सके। हम इटली की डिजाइन क्षमता, बेहतरीन विनिर्माण कौशल और विश्वस्तरीय सुपरकंप्यूटर तकनीक-जो उसे एक औद्योगिक महाशक्ति बनाती है-को भारत की तेज़ आर्थिक वृद्धि, इंजीनियरिंग प्रतिभा, बड़े पैमाने की क्षमता, नवाचार और 100 से अधिक यूनिकॉर्न तथा 2 लाख स्टार्ट-अप वाले उद्यमी इकोसिस्टम के साथ जोड़कर एक शक्तिशाली तालमेल बनाना चाहते हैं। यह केवल दो व्यवस्थाओं का साधारण मेल नहीं है, बल्कि ऐसा साझा मूल्य निर्माण है जिसमें दोनों देशों की औद्योगिक ताकतें एक-दूसरे को और अधिक मजबूत बनाती हैं। यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों दिशाओं में व्यापार और निवेश बढ़ाने का रास्ता खोलता है। हमारा लक्ष्य 2029 तक भारत और इटली के बीच व्यापार को 20 अरब यूरो से आगे ले जाना है। इसमें रक्षा एवं एयरोस्पेस, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, मशीनरी, ऑटोमोबाइल पुर्जे, रसायन, दवाइयां, वस्त्र, कृषि-खाद्य क्षेत्र और पर्यटन समेत कई क्षेत्रों पर विशेष ध्यान रहेगा। "मेड इन इटली" हमेशा से दुनिया भर में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है, और आज इसका स्वाभाविक तालमेल "मेक इन इंडिया पहल के उच्च गुणवत्ता वाले लक्ष्यों के साथ दिखाई देता है। इसी संदर्भ में, भारत के लिए उत्पादन में इतालवी कंपनियों की बढ़ती रुचि और इटली में भारतीय उद्योगों की बढ़ती मौजूदगी - जो अब दोनों पक्षों से मिलाकर 1000 से अधिक हो चुकी है - एक सकारात्मक संकेत है। यह हमारी सप्लाई चेन के एकीकरण को और मजबूत करेगी। तकनीकी नवाचार हमारी साझेदारी का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। आने वाले दशकों में दुनिया एक बड़े तकनीकी बदलाव के दौर से गुजरेगी, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्वांटम कंप्यूटिंग, उन्नत विनिर्माण, महत्वपूर्ण खनिज और डिजिटल बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में तेज प्रगति होगी। भारत का तेज़ी से बढ़ता नवाचार तंत्र और कुशल पेशेवरों की बड़ी संख्या, तथा इटली की उन्नत औद्योगिक क्षमता-इन क्षेत्रों में दोनों देशों के सहयोग को स्वाभाविक और रणनीतिक बनाती है। दोनों देशों के विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के बीच बढ़ती साझेदारी भी इसे मजबूती देगी। भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) पहले से ही दुनिया के कई देशों, खासकर ग्लोबल साउथ के देशों, के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आज हमारे समाज और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डाल रही है। इटली और भारत लंबे समय से इस दिशा में सहयोग कर रहे हैं, ताकि एआई का विकास जिम्मेदार और मानव-केंद्रित हो। भारत और इटली एआई को समावेशी विकास का एक शक्तिशाली माध्यम भी मानते हैं, खासकर ग्लोबल साउथ के देशों के लिए। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और आसान, बहुभाषी तकनीकों के जरिए एआई सामाजिक और डिजिटल खाइयों को कम कर सकता है, न कि उन्हें और बढ़ा सकता भारत के मानव विज़न- यानी तकनीक के केंद्र में मानव को रखने की सोच और इटली की मानव-केंद्रित "एल्गोर-एथिक्स" की अवधारणा, जो उसकी मानवतावादी परंपरा पर आधारित है, पर आगे बढ़ते हुए हमारी साझेदारी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम बने। हमारा दृष्टिकोण भारत की विशाल डिजिटल क्षमता को इटली की नैतिक और औद्योगिक विशेषज्ञता के साथ जोड़ता है, ताकि तकनीक मानव गरिमा की सेवा कर सके।

सुरक्षित डिजिटल सहयोग, क्षमता निर्माण और मजबूत साइबर ढांचे से जुड़ी श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को साझा करके, हम एक ऐसा खुला, भरोसेमंद और समान डिजिटल वातावरण बनाना चाहते हैं, जिसमें हर देश एआई का उपयोग कर सके और उससे लाभ उठा सके। यही सोच इटली की जी7 अध्यक्षता और 2026 में नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के निष्कर्षों का मुख्य आधार है। एआई को इंसानों की ओर से इंसानों के लिए बनाई गई तकनीक मानने का अर्थ है यह स्पष्ट करना कि तकनीक न तो मनुष्य की जगह ले सकती है और न ही उसके मूल अधिकारों को कमजोर कर सकती है। इसका उपयोग जनमत को प्रभावित करने या लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप करने के लिए भी नहीं होना चाहिए। आज की तेजी से जुड़ी हुई दुनिया में स्वतंत्रता और मानव गरिमा की रक्षा का हमारा दृष्टिकोण इसी चुनौती पर आधारित है। हमारा सहयोग अंतरिक्ष क्षेत्र तक भी फैला हुआ है। अंतरिक्ष अनुसंधान और सैटेलाइट तकनीक में भारत की उल्लेखनीय प्रगति तथा इटली की एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता, संयुक्त परियोजनाओं और नई पीढ़ी की तकनीकों के विकास के लिए बड़े अवसर प्रदान करती है। राष्ट्रों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा और स्थिरता बेहद आवश्यक हैं। इसलिए इटली और भारत रक्षा, सुरक्षा और रणनीतिक तकनीकों जैसे क्षेत्रों में अपने सहयोग को और मजबूत करना चाहते हैं। हमारा सहयोग महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, तथा आतंकवाद, अंतरराष्ट्रीय अपराध नेटवर्क, मादक पदार्थों की तस्करी, साइबर अपराध और मानव तस्करी जैसी चुनौतियों के खिलाफ मजबूती बढ़ाने में मदद करेगा। ऊर्जा हमारी साझेदारी का एक और महत्वपूर्ण आधार है। दुनिया में ऊर्जा के विविध स्रोतों की ओर बढ़ रहे बदलाव के लिए नवाचार, निवेश और सहयोग की आवश्यकता है। भारत और इटली नवीकरणीय ऊर्जा से लेकर हाइड्रोजन तकनीक, तथा स्मार्ट ग्रिड से लेकर मजबूत बुनियादी ढांचे तक कई क्षेत्रों में साथ काम कर रहे हैं।ग्रीन हाइड्रोजन निर्यात का वैश्विक केंद्र बनने की भारत की पहल अपार संभावनाएं रखती है। यह इटली की नवीकरणीय ऊर्जा अवसंरचना में उन्नत तकनीक और यूरोप के लिए ऊर्जा प्रवेश द्वार के रूप में उसकी रणनीतिक भूमिका के साथ पूरी तरह मेल खाती है।इस संदर्भ में भारत की अगुवाई वाली प्रमुख पहलों- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए), आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन (सीडीआरआई) और ग्लोबल बायोफ्यूल्स एलायंस (जीबीए) में अन्य देशों के साथ हमारा सहयोग भी बेहद महत्वपूर्ण है। भौतिक, डिजिटल और मानवीय संपर्क ही वह कड़ी है जो हमें एक-दूसरे से जोड़ती है। भारत और इटली दोनों वैश्विक अर्थव्यवस्था के दो महत्वपूर्ण क्षेत्रों-इंडो-पैसिफिक और भूमध्यसागर के केंद्र में स्थित हैं। अब इन क्षेत्रों को अलग-अलग नहीं, बल्कि आपस में जुड़े हुए क्षेत्रों के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, हम एक नए "इंडो-मैडिटेरेनियन" क्षेत्र के उभरने को देख रहे हैं, जो व्यापार, तकनीक, ऊर्जा, डेटा और विचारों का एक महत्वपूर्ण गलियारा बन रहा है और हिंद महासागर को यूरोप से जोड़ता है। इसी आपस में जुड़े हुए क्षेत्र में हमारा संबंध स्वाभाविक रूप से एक विशेष रणनीतिक साझेदारी के रूप में विकसित होता है- ऐसी साझेदारी, जो दो महाद्वीपों को जोड़ती है और नई वैश्विक परिस्थितियों को आकार देती है। इस संदर्भ में भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) एक ऐसी दूरदर्शी योजना है, जिसका उद्देश्य आधुनिक परिवहन और बुनियादी ढांचे, डिजिटल नेटवर्क, ऊर्जा प्रणालियों और मजबूत सप्लाई चेन के माध्यम से हमारे क्षेत्रों को जोड़ना है।

## अभिव्यक्ति की आजादी के आवरण में फैलती ईशनिंदा

(डॉ. रवीन्द्र अरजरिया)

चुनावी बयार के बाद सनातन विरोधियों के स्वर एक बार फिर मुखरित होने लगे हैं। तमिलनाडु विधानसभा में विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को लेकर फिर से विवादित बयान दिया। उन्होंने फिर से सनातन धर्म को खत्म करने की बात कही है। है। इस दौरान राज्य के नए मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय उर्फ जोसेफ विजय चंद्रशेखर भी सदन में मौजूद थे जिन्होंने पूरे भाषण को ध्यान से सुना ही नहीं बल्कि अन्त में हाथ जोडकर अपनी सहमति भी जताई। विगत 2023 के 2 सितंबर को योजनाबद्ध ढंग से सनातन उन्मूलन सम्मेलन आयोजित किया गया था जिसमें द्रविड़ मुनेत्र कड़गम यानी डीएमके के नेता उदयनिधि स्टालिन ने कहा था कि कुछ चीजों का विरोध नहीं किया जा सकता, उन्हें खत्म कर देना चाहिए। हम डेंगू, मच्छर, मलेरिया या कोरोना वायरस का विरोध नहीं कर सकते हैं। हमें इन्हें खत्म करना होगा। इसी तारतम्य में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के तत्कालीन सांसद ए राजा ने भी सनातन धर्म के खिलाफ जमकर जहर उगला था। ए राजा ने कहा था कि सनातन की तुलना एचआईवी और कुष्ठ रोग जैसी सामाजिक कलंक वाली बीमारियों से करनी चाहिए। इसी तरह हम सनातन धर्म का भी विरोध नहीं कर सकते, इसे खत्म करना है। उस समय आपत्तिजनक टिप्पणी से सनातन परम्पराओं को मानने वालों की भावनायें ही आहत नहीं हुई थी बल्कि सम्प्रदायगत संघर्ष की स्थितियां भी निर्मित होने लगीं थी तब विभिन्न राज्यों के उच्च न्यायालयों के 14 पूर्व न्यायाधीशों, 130 पूर्व नौकरशाहों और 118 रिटायर्ड आर्म्ड फोर्सेज ऑफिसर्स सहित देश के 262 प्रतिष्ठित नागरिकों ने सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर तमिलनाडु सरकार में तत्कालीन मंत्री और डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन की सनातन धर्म को खत्म करने वाली टिप्पणी पर संज्ञान लेने का आग्रह किया था। उन्हीं उदयनिधि स्टालिन द्वारा अब विधानसभा में दिये गये वक्तव्य का समर्थन करते हुए सत्ताधारी तमिलगा वेट्री कज़गम यानी टीवीके पार्टी के विधायक वी.एम.एस. मुस्तफा ने आग में घी का काम किया है। उल्लेखनीय है कि वंशवादी परम्परा से जन्मजात नेता बनने वाले उदयनिधि स्टालिन के पिता मुथुवेल करुणानिधि स्टालिन यानी एम.के. स्टालिन तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके हैं। उनके भी पिता मुथुवेल करुणानिधि उर्फ एम करुणानिधि भी राज्य के मुख्यमंत्री रहे हैं। तमिलनाडु के इसाई वेल्लार समुदाय के इस परिवार ने हमेशा ही सनातन का खुला विरोध ही नहीं किया बल्कि धर्मगत युद्ध का धरातल तैयार करने में कोई कोर कसर नहीं छोडी। इतिहास गवाह है कि वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा के आधार पर समूची सृष्टि के प्रति सकारात्मक सोच रखने वाले सनानत धर्म की शाश्वत उपस्थिति के संकेत आदिकाल से ही मिलते रहे हैं जिसे महात्मा मूसा ने 3000 वर्ष पूर्व बाइबल ओल्ड टेस्टामेन्ट में, महात्मा जरथुस्त्र ने 2700 वर्ष पूर्व अवेस्ता में, भगवान महावीर ने 2600 वर्ष पूर्व सूत्रग्रन्थ में, महात्मा बुद्ध ने 2500 वर्ष पूर्व त्रिपिटक में, ईसा मसीह ने 2000 वर्ष पूर्व बाइबल न्यू टेस्टामेंट में, हजरत मुहम्मद साहब ने 1400 वर्ष पूर्व कुरान शरीफ में, आदिगुरु शंकराचार्य ने 1200 वर्ष पूर्व, संत कबीर साहब ने 600 वर्ष पूर्व, गुरु नानक देव ने 500 वर्ष पूर्व, स्वामी दयानन्द सरस्वती ने 200 वर्ष पूर्व तथा स्वामी परमानन्द जी ने लगभग 100 वर्ष पूर्व पुष्ट ही किया है। प्रेम, सौहार्द, अपनत्व और भाईचारा की आधारशिला पर स्थापित सनातन पर संकीर्ण मानसिकता के विभाजनाकारियों द्वारा हमेशा ही आघात किया जाता रहा है। शक्ति, सत्ता और षडयंत्रों का सहारा लेकर हमेशा से ही मीरजाफरों की जमातों ने अपने करतब दिखाने की कोशिशें की हैं।

## सुडोकू पहेली

क्रमांक- 6097

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 6 | | 4 | | | 3 | |
| | 5 | 7 | 8 | 2 | | | | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | 9 | | 1 | | | | 8 |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| 4 | | | | 9 | | 6 | | |
| | | 4 | | | 3 | | | 1 |
| | | | | 7 | 9 | 2 | 6 | |
| | 2 | | | 5 | | 9 | 8 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6096

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 9 | 5 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 6 | 4 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 3 | 9 |

## वर्ग पहेली 6097

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | | 5 |
| 6 | | 7 | | 8 | | ■ | |
| | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| | ■ | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | 13 | ■ | 14 | ■ | 15 | | |
| 16 | | 17 | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | 18 | | ■ | |
| 19 | | | | ■ | 20 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 27 सितंबर 1949 को बीजिंग शहर को इस देदश की नई राजधानी चुना गया (2)
4. जिंदगी, पुरानी फिल्मों के दिवंगत खल एवं चरित्र अभिनेता (3)
6. कामयाब न होना, असफल होना (6)
9. एशिया के दक्षिणी पूर्वी तट से करीब 900 किमी.दूर विषवत रेखा पर स्थित देश फिलीपींस की यह राजधानी है (3)
10. जो, अगर (2)
11. अंतकरण, ह्दय, चित्त (2)
12. अध्ययन करने की क्रिया को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
15. बल, मरोड़, ऐंठ, सल (3)
16. चकवा पक्षी को यह भी कहा जाता है (4)
18. धनागम, इंकम, आमदनी (2)
19. यह अरब राज्य 15 अगस्त 1971 को स्वाधीन हुआ था (4)
20. अधीनता, मातहती, अधिकार, वश (3)

**ऊपर से नीचे**

1. मुख्यमंत्री को अंग्रेजी में यह कहते है (6)
2. श्रीराम की सेना का एक शिल्पकार वानर, जल प्राप्ति का कृत्रिम स्त्रोत (2)
3. आकाशीय विद्युत, बिजली, ताड़ित (3)
4. जीवित रहना, सजीव रहना (2)
5. इस फिल्म में संजीव कुमार ने नौ भूमिकाऐं निभाई थी (8)
7. लवण, लोन, खारे जल से तैयार किया गया क्षार पदार्थ (3)
8. माथा, मस्तक, भाल (3)
10. हिंदी साहित्य में एक अलंकार जिसमें एक ही शब्द बार-बार आकर भिन्न-भिन्न अर्थ देता है (3)
13. किसी महाविद्यालय का प्रमुख, प्रिंसिपल, किसी विश्वविद्यालय में संकायाध्यक्ष (2)
14. नायक, किसी नाटक फिल्म का प्रमुख पात्र (2)
15. उपालंभ, शिकवा (4)
17. उपस्थिती, हाजिर होने का भाव (3)

### वर्ग पहेली 6096 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दे | व | आ | नं | द | ■ | ■ | ■ |
| व | र | ना | ■ | ही | र | रां | झा |
| की | ■ | जा | वा | ■ | पता | ■ | र |
| सु | हा | ना | स | फ | र | ■ | खं |
| त | ल | ■ | व | ■ | ■ | रो | ड |
| ■ | ■ | आ | द | म | ■ | ज | ■ |
| ला | रा | द | त्ता | ■ | बे | गा | ना |
| वा | न | र | ■ | ■ | क | र | ना |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपकी कड़ी मेहनत से आपको शानदार जीत मिलेगी। करियर में कड़ा और बड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। बिजनेस में किसी को भी उधार पैसा देने से बचें। व्यापार में आपको बड़ा आर्थिक मुनाफा हो सकता है।पैसों के लेनदेन में आपको पूरी सावधानी बरतनी होगी। पेट से जुड़ी कोई छोटी सी बीमारी आपको थोड़ा परेशान कर सकती है।

### वृष
आपका आज का दिन भारी साहस और पराक्रम से भरा रहेगा। चंद्रमा तीसरे भाव में गोचर करेगा। करियर में चुनौतीपूर्ण लक्ष्य आसानी से पूरे होंगे। बिजनेस में नई योजनाएं लागू करने का बिल्कुल सही समय है। धन लाभ होगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। आपका स्वास्थ्य एकदम उत्तम रहने वाला है। व्यापार में आपको बड़ा आर्थिक मुनाफा हो सकता है।

### कर्क
आज आपके धन और पारिवारिक सुख में भारी वृद्धि होगी। नौकरी में जल्द प्रमोशन मिलने के पक्के योग हैं। व्यापार में आपको बड़ा आर्थिक मुनाफा हो सकता है। आपकी मीठी वाणी सभी रिश्तों में प्यार बढ़ाएगी। आप सुख-सुविधाओं पर काफी धन खर्च कर सकते हैं। अपनी आंखों का विशेष ध्यान रखें।

### सिंह
आज आपको जीवन की सभी सुख-सुविधाएं आसानी से मिलेंगी। आपके शानदार करियर में एक बहुत अच्छी स्थिरता आएगी। माता-पिता के पूरे सहयोग से बिजनेस में भारी लाभ होगा। घर की सजावट पर आप अपना पैसा खर्च कर सकते हैं। मौसम बदलने से आपको हल्की सर्दी या जुकाम की शिकायत हो सकती है।

### मिथुन
आज आपके दैनिक खर्चों में अचानक वृद्धि हो सकती है। कामकाज के लिए विदेश या दूर की यात्रा करनी पड़ेगी। व्यापार में किसी भी तरह का बड़ा जोखिम उठाने से हमेशा बचें। कार्यस्थल पर अपने छिपे हुए विरोधियों से पूरी तरह सावधान रहें। ध्यान और योग से आप मानसिक शांति पाएंगे।

### कन्या
आज आप अपनी छिपी हुई रचनात्मकता का पूरा उपयोग करेंगे। छात्रों के लिए शानदार सफलता के नए रास्ते खुलेंगे। करियर में आपकी बनाई सभी नई योजनाएं सफल होंगी। व्यापार में आय बढ़ने से अपार खुशी मिलेगी। प्रेम जीवन में भरपूर रोमांस रहेगा। संतान की तरफ से कोई बहुत बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

### तुला
आज का दिन आपके मजबूत आत्मविश्वास को काफी बढ़ाएगा। त्रिग्रही योग के कारण करियर में शानदार सफलता मिलेगी। बिजनेस में आप अपनी बुद्धिमानी से बड़ी जीत दर्ज करेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। प्रेम जीवन में काफी रोमांस बढ़ेगा। आपको विवाह के अच्छे प्रस्ताव मिल सकते हैं। आप ऊर्जावान महसूस करेंगे।

### वृश्चिक
आज भाग्य आपका हर कदम पर पूरा साथ देगा। आपको नौकरी में नए और बेहतरीन अवसर मिलेंगे। आपके सभी कठिन काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। धन लाभ होने की बहुत अच्छी संभावना है। हालांकि आपको फिजूलखर्ची पर तुरंत रोक लगानी होगी। व्यापार में नए एग्रीमेंट होने से आपको अच्छी तरक्की मिलेगी। आपकी सेहत कल काफी शानदार रहने वाली है।

### मकर
आज आपको हर काम में थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है। करियर में कुछ नई और बड़ी चुनौतियां आ सकती हैं। अपने सभी काम पूरी योजना बनाकर ही करें। व्यापार में बड़ा धन निवेश करने से बचें। आपकी आर्थिक स्थिति में हल्का उतार-चढ़ाव आ सकता है। वाहन चलाते समय सतर्क रहें। व्यापार में नए एग्रीमेंट होने से आपको अच्छी तरक्की मिलेगी।

### कुंभ
आज आपके वैवाहिक जीवन में अपार सुख बढ़ेगा। व्यापार में नए एग्रीमेंट होने से आपको अच्छी तरक्की मिलेगी। नौकरीपेशा लोगों के लिए कल का दिन काफी अच्छा रहेगा। प्रेम जीवन में पार्टनर के साथ शानदार समय बीतेगा। आपकी आर्थिक स्थिति बेहद मजबूत होगी। आप नई ऊर्जा के साथ काम पूरा करेंगे। धन लाभ होने की बहुत अच्छी संभावना है।

### धनु
आज आपको कई बड़ी और शानदार उपलब्धियां मिलेंगी। करियर के सभी रुके हुए काम पूरे होंगे। भविष्य में आय के नए साधन बनेंगे। व्यापार में किया गया पुराना निवेश बड़ा मुनाफा देगा। लव लाइफ की पुरानी गलतफहमियां दूर होंगी। सेहत के प्रति आपको बिल्कुल भी लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

### मीन
आज कार्यक्षेत्र में आपकी शानदार तरक्की पक्की है। वरिष्ठ अधिकारी आपकी कड़ी मेहनत की खूब तारीफ करेंगे। इससे आपके प्रमोशन के रास्ते खुलेंगे। व्यापार में नई साझेदारी से आपको बहुत अच्छा लाभ मिलेगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। परिवार में हमेशा सुख और शांति का बेहतरीन माहौल बना रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# आज केकेआर के लिए करो या मरो का मुकाबला, रंग में भंग डालने की कोशिश करेगा मुंबई

**कोलकाता (एजेंसी)।** टूर्नामेंट की खराब शुरुआत के कारण अगर मगर की कठिन डगर में फंसी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे मुंबई इंडियंस के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले मैच में किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़नी होगी। मुंबई इंडियंस की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है लेकिन वह केकेआर के समीकरण बिगाड़ने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

अगर इस मैच में केकेआर हार जाती है, तो अजिंक्य रहाणे के नेतृत्व में लगातार दूसरे सत्र में उसकी टीम प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रहेगी। श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में खिताब जीतने के एक साल बाद 2025 में केकेआर आठवें स्थान पर रहा था। मुंबई के खिलाफ जीत से भी केकेआर का काम पूरा नहीं होगा। उसका भाग्य अभी भी शनिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले मैच पर निर्भर करेगा। अगर पंजाब वह मैच जीत जाता है, तो रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ केकेआर का आखिरी लीग मैच महज औपचारिकता रह जाएगा।

मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात टाइटन्स और सनराइजर्स हैदराबाद पहले ही प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं, जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस प्रतियोगिता से बाहर हो चुके हैं। इससे पांच टीम पंजाब किंग्स (13 अंक), राजस्थान रॉयल्स (12), चेन्नई सुपर किंग्स (12), दिल्ली कैपिटल्स (12) और कोलकाता नाइट राइडर्स (11) बाकी बचे एक प्लेऑफ स्थान हासिल करने की दौड़ में हैं। इनमें से केवल राजस्थान रॉयल्स और केकेआर के ही दो मैच बचे हैं।



राजस्थान के लिए सबसे सरल समीकरण है। लखनऊ और मुंबई के खिलाफ अपने बचे हुए दोनों मैच जीतकर 16 अंक हासिल करके क्वालीफाई करना। दूसरी ओर चयक्र को न केवल अपने दोनों मैच जीतने होंगे, बल्कि यह भी उम्मीद करनी होगी कि पंजाब की टीम लखनऊ से हार जाए। पंजाब का नेट रन रेट चयक्रसे बेहतर है। चयक्रने अपने पिछले 6 मैचों में से पांच में जीत हासिल की है लेकिन टूर्नामेंट के शुरू में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था जिससे टीम को काफी नुकसान हुआ।

कप्तान रहाणे और कोच अभिषेक नायर को विजयी संयोजन तय करने में लगभग सात मैच लग गए। फिन एलन ने शीर्ष क्रम में अपनी फॉर्म को फिर से हासिल कर लिया है। उन्होंने अपनी पिछली तीन पारियों में एक शतक और 93 रन की तूफानी पारी खेली है, जबकि युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी और कैमरन ग्रीन का आत्मविश्वास हर मैच के साथ बढ़ता जा रहा है। शीर्ष क्रम में रहाणे एकमात्र कमजोर कड़ी रहे हैं, लेकिन उप-कप्तान रिंकू सिंह ने मध्य क्रम में फिनिशर की अपनी भूमिका को बखूबी निभाया है।

### टीमें

**कोलकाता नाइट राइडर्स** – अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, राहुल त्रिपाठी, फिन एलन, तेजस्वी सिंह, टिम सीफर्ट, सुनील नारायण, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, कैमरन ग्रीन, सार्थक रंजन, दक्ष कामरा, नवदीप सैनी, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, मथीशा पथिराना, कार्तिक त्यागी, वरुण चक्रवर्ती और प्रशांत सोलंकी।

**मुंबई इंडियंस** – हार्दिक पंड्या (कप्तान), नमन धीर, शेरफेन रदरफोर्ड, रयान रिकेल्टन, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, राज बावा, विल जैक्स, कॉर्बिन बॉश, तिलक वर्मा, ट्रेंट बोल्ट, अश्विनी कुमार, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, मयंक मारकंडे, शार्दुल ठाकुर, क्विंटन डी कॉक, दानिश मालेवार, अथर्व अंकोलेकर, एएम गजनफर, मयंक रावत, रघु शर्मा, मोहम्मद सलाहुद्दीन इज़हार और रॉबिन मिंज।

# क्या वैभव सूर्यवंशी इंटरनेशनल डेब्यू के लिए तैयार नहीं?

- IPL में शॉर्ट पिच से स्लोअर बॉल तक कई कमियां उजागर

**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी का जोश हेजलवुड, जसप्रीत बुमराह, मिचेल स्टार्क और ट्रेंट बोल्ट के ऊपर सिक्सर की चर्चा सबने की। मगर वैभव का प्रफुल हिंगे के खिलाफ शॉर्ट पिच गेंद पर विकेट। उसके बाद रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के माधव तिवारी की स्लोअर गेंद पर वैभव का विकेट फेंकना, इन बातों पर चर्चा नहीं हुई लेकिन क्रिकेट एक्सपर्ट्स ने इन चीजों में वैभव की कमियों को बारीकी से पकड़ लिया। यही कारण है कि अभी 15 वर्षीय बल्लेबाजो को कड़ी मेहनत करनी है और शायद वह इंटरनेशनल



क्रिकेट के लिए तैयार नहीं हैं। वैभव सूर्यवंशी इन दिनों क्रिकेट जगत का हॉट टॉपिक हैं। हर कोई यही सवाल कर रहा है कि उनके टीम इंडिया में डेब्यू का सही समय क्या है। पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने तो यह तक कहा है कि उनकी उम्र कुछ भी हो लेकिन वैभव को टीम के टी20 फॉर्मेट में कम से कम जगह मिलनी चाहिए। इसके अलावा हरभजन सिंह लगातार वैभव को टीम इंडिया में लाने की मांग कर रहे हैं।

### दिग्गजों की बंटी राय...

एक तरफ कुछ ऐसे दिग्गज हैं जिनका मानना है कि वैभव सूर्यवंशी इंटरेशनल डेब्यू के लिए तैयार हैं। वहीं एक पक्ष ऐसा भी है जिसका मानना है कि अभी वैभव के सामने कई चुनौतियां आना बाकी है, अभी वैभव हर वर्ग में मजबूत नहीं हुए हैं। वैभव से पहले भी कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो लंबे समय से खुद को साबित कर रहे हैं। एबी डिविलियर्स ने हाल ही में कहा था कि, अगर वैभव को टी20 का स्पेशलिस्ट बनकर ही रहना है तो वह जारी रख सकते हैं और लंबे समय तक अपना करियर आगे ले जा सकते हैं। लेकिन अगर बात वनडे और टेस्ट क्रिकेट की आती है तो वैभव सूर्यवंशी को आने वाले समय में और अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। मोहम्मद कैफ ने वैभव सूर्यवंशी की फील्डिंग क्षमताओं पर सवाल उठाए थे। उनका मानना था कि टीम इंडिया में खेलने के लिए आपकी फील्डिंग में चपलता जरूरी है। वैभव ने मौजूदा आईपीएल 2026 के 12 मैचों में एक भी कैच नहीं पकड़ा है। चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि बहुत जल्दबाजी करने की जरूरत नहीं हैं उनसे पहले भी यशस्वी जायसवाल जैसे अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं जो टीम इंडिया में जगह के हकदार हैं।

# मुशफिकुर रहीम का ऐतिहासिक शतक

## दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश का दबदबा, पाकिस्तान को मिला 437 का लक्ष्य



**नई दिल्ली।** मुशफिकुर रहीम के ऐतिहासिक शतक से बांग्लादेश ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट में सोमवार (18 मई) को पाकिस्तान के सामने जीत के लिये 437 रन का लक्ष्य रखा। रहीम ने 233 गेंद में 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 137 रन बनाये जिसके दम पर बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 390 रन बनाये। यह उनका 14वां शतक था जिससे वह मोमिनुल हक को पछाड़कर बांग्लादेश के लिये सबसे ज्यादा टेस्ट शतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए। पहली पारी में 126 रन बनाने वाले लिटन दास ने दूसरी पारी में 69 रन का योगदान दिया। अब पाकिस्तान को टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करके जीत दर्ज करनी है।

# चेन्नई को हरा प्लेऑफ में पहुंची सनराइजर्स

### इशान, क्लासेन और कमिंस चमके



**नई दिल्ली।** इशान किशन के 70 रन और पैट कमिंस के तीन विकेट की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने सोमवार को चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में प्लेआफ में जगह पक्की कर ली। जीत के लिये 181 रन का लक्ष्य चेपक की धीमी विकेट पर आसान नहीं था, लेकिन इशान ने 47 गेंद की अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाकर इसे आसान बना दिया। हेनरिक क्लासेन ने 26 गेंद में 47 रन बनाये और दोनों ने तीसरे विकेट के लिये 75 रन की साझेदारी करके हैदराबाद को 19 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन तक पहुंचाया। सनराइजर्स के अब 16 अंक है और उसे एक मैच और खेलना है। चेन्नई सुपर किंग्स की हार के बाद गुजरात टाइटंस (16 अंक) भी प्लेआफ में पहुंच गई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (18 अंक) पहले ही प्लेआफ में पहुंच चुकी है और अब बस एक स्थान के लिये मुकाबला है। चेन्नई के 13 मैचों में 12 अंक है और वह दौड़ से पूरी तरह बाहर नहीं हुई है।

### क्लासेन को जीवनदान

अभिषेक शर्मा भी 21 गेंद में 26 रन ही बना सके। पावरप्ले में स्कोर एक विकेट पर 45 रन था। क्लासेन को नूर अहमद की गेंद पर 18 के स्कोर पर स्पेंसर जॉनसन ने जीवनदान दिया। इसके बाद क्लासेन और इशान ने मैच का नक्शा ही बदल दिया। दोनों ने चेन्नई के स्पिनरों अकील हुसैन और नूर अहमद को सहजता से खेला। इशान ने 37 गेंद में 50 रन पूरे किये। वहीं नूर की गेंद पर संजू सैमसन की कुशल स्टम्पिंग का शिकार होकर क्लासेन आउट हो गए।

**चेन्नई सुपर किंग्स ने 180 रन बनाये–** इशान को अंशुल कम्बोज ने आउट किया, लेकिन उस समय सनराइजर्स को जीत के लिये छह रन की ही जरूरत थी। इससे पहले कमिंस ने अनुशासित गेंदबाजी करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट लिये, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स ने सात विकेट पर 180 रन बना लिये।

# पीरियड्स एक सामान्य प्रक्रिया

### एक जागरूकता कार्यक्रम में कहा इस पर बिना संकोच चर्चा होना चाहिएः स्मृति मंधाना



**मुंबई।** भारत में क्रिकेट और क्रिकेटरों की लोकप्रियता किसी भी खेल और खिलाड़ियों से ज्यादा है। यही वजह है कि क्रिकेटरों को सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए देखा जाता है। इसकी वजह उनकी कही बात का असर बड़े जनमानस पर पड़ना है। मुंबई में महिलाओं की पीरियड्स (मासिक धर्म) से जुड़ी समस्याओं से संबंधित एक जागरूकता कार्यक्रम में भारतीय महिला क्रिकेट की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने हिस्सा लिया और इस विषय पर सामान्य रूप से चर्चा किए जाने की जरूरत पर बल दिया। मंधाना ने कहा, 'गांव में पीरियड्स के बारे में बातचीत दबी जुबान में होती है। इसे छुपाया जाता है, जबकि यह एक सामान्य प्रक्रिया है। इस पर बिना झिझक के चर्चा की जानी चाहिए। मैं अपनी तरफ से हर प्रयास करूंगी कि ग्रामीण क्षेत्रों में इसे लेकर जागरूकता फैले और चीजें सामान्य हो।' भारतीय उपकप्तान ने संबंधित संस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुझे इस कार्यक्रम से जुड़कर अच्छा महसूस हो रहा है। यह काफी रोमांचक है। संस्था द्वारा गांव-गांव में पीरियड्स जागरूकता संबंधी कई अभियान चल रही हैं। मैं उम्मीद करती हूं कि ये कार्यक्रम यूं ही चलता रहेगा और मेरी जरूरत जहां भी होगी मैं आउंगी। हम मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के बारे में कार्य करते रहेंगे। हमारा लक्ष्य जीरो पीरियड को बढ़ावा देना है।

इस दौरान मंधाना उन स्कूली छात्राओं से मिलीं, जो क्रिकेट खेलती हैं। इस पर उन्होंने कहा, 'छोटे-छोटे बच्चों से मिलना और उनसे बातें करना काफी रोमांचक था। लंबे समय बाद स्कूल में आने का मौका मिला। मुझे अपने स्कूल के दिन याद आ गए।'

छात्राओं को आप क्या संदेश देती हैं? इस पर भारतीय टीम की सलामी बल्लेबाज ने कहा, 'मैं उनसे कहती हूं कि क्रिकेट को गंभीरता से लें। इसमें बेहतर करियर बनाया जा सकता है। खेल में करियर बनाने के लिए कठिन मेहनत जरूरी है और उसका आनंद लेना भी जरूरी है। मैंने यही किया है। मैं हर किसी को सलाह दूंगी कि अपने जीवन में खेल को शामिल करें। फिटनेस के लिए यह बहुत जरूरी है।'



# मुंबई इंडियंस को बड़ा झटका

## डी कॉक और युवा ऑलराउंडर अंगद पूरे सीजन से बाहर

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियन को आईपीएल 2026 के बीच बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज डी काक और युवा ऑलराउंडर राज अंगद चोट के कारण पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। मुंबई इंडियंस ने सोमवार को आधिकारिक बयान जारी कर दोनों खिलाड़ियों की इंजरी की जानकारी दी।

### डी कॉक की कलाई में गंभीर चोट

मुंबई इंडियंस के अनुसार, क्विंटन डी कॉक को बाएं हाथ की कलाई में टेंडन इंजरी हुई है। यह चोट उन्हें 29 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले से पहले लगी थी। इसी कारण अब वह आईपीएल 2026 के बाकी मैचों में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। डी कॉक इस सीजन मुंबई के लिए अहम बल्लेबाजों में शामिल थे, लेकिन चोट के चलते टीम को बड़ा नुकसान हुआ है।



- **राज बावा भी टूर्नामेंट से बाहर** -वहीं युवा बल्लेबाजी ऑलराउंडर राज अंगद बावा को पंजाब किंग्स के खिलाफ 14 मई को खेले गए मैच के दौरान दाहिने अंगूठे में लिगामेंट टियर हो गया। मेडिकल जांच के बाद उन्हें भी पूरे सीजन से बाहर कर दिया गया है। मुंबई इंडियंस ने बताया कि दोनों खिलाड़ी अपने-अपने घरों पर रहकर रिहैब करेंगे और फ्रेंचाइजी की मेडिकल टीम लगातार उनकी निगरानी करेगी।

### पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है मुंबई

हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस का आईपीएल 2026 सीजन बेहद खराब रहा है। टीम 12 में से सिर्फ 4 मुकाबले जीत सकी, जबकि 8 मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ मुंबई पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है। अब टीम बाकी मुकाबलों में सम्मान बचाने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

# ढाई साल बाद ब्राजील टीम में लौटे नेमार, वर्ल्ड कप स्क्वॉड में मिली जगह

**ब्राजील (एजेंसी)।** ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार की आखिरकार राष्ट्रीय टीम में वापसी हो गई है। ब्राजील के मुख्य कोच Carlo Ancelotti ने अगले महीने होने वाले फीफा वर्ल्ड कप के लिए 26 सदस्यीय टीम का ऐलान किया, जिसमें नेमार का नाम भी शामिल है। लगभग ढाई साल बाद नेमार की ब्राजील टीम में वापसी हुई है।

**चोट के बाद पहली बार टीम में वापसी** – 34 वर्षीय नेमार ने आखिरी बार अक्टूबर 2023 में ब्राजील के लिए मुकाबला खेला था। उरुग्वे के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालीफायर में उन्हें गंभीर ष्टरु इंजरी हुई थी, जिसके बाद वह लंबे समय तक मैदान से बाहर रहे। नेमार फिलहाल सेनटोस एफसी के लिए खेल रहे हैं। जनवरी 2025 में क्लब में वापसी के बाद उन्होंने सभी प्रतियोगिताओं में 38 मैचों में 17 गोल किए हैं, लेकिन चोटों के कारण उनका प्रदर्शन लगातार प्रभावित रहा।

**एंसेलोटी ने बताया क्यों चुना नेमार को** – कार्लो एंसेलोटी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि नेमार को बैकअप खिलाड़ी के तौर पर नहीं चुना गया है। उन्होंने कहा कि टीम को उनकी गुणवत्ता और अनुभव की जरूरत है। एंसेलोटी ने कहा, नेमार चाहे 1 मिनट खेलें या 90 मिनट, सबसे जरूरी है कि वह टीम को क्या योगदान देते हैं। वह तभी खेलेंगे जब ट्रेनिंग और फिटनेस के आधार पर इसके हकदार होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे साल नेमार की फिटनेस पर नजर रखी गई और अब वह धीरे-धीरे बेहतर स्थिति में पहुंच रहे हैं।

### आईपीएल 2027 में खेलेंगे या नहीं?

# रैना को दिया धोनी ने जवाब, अब मेरा शरीर थोड़ा कमजोर हो गया, फैंस हुए मायूस

**चेन्नई (एजेंसी)।** एम एस धोनी को लेकर एक बार फिर आईपीएल रिटायरमेंट की चर्चा तेज हो गई है। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइज हैदराबाद के मुकाबले के दौरान ऐसा भावुक पल देखने को मिला, जिसने फैंस को भावुक कर दिया। सीएसके के पूर्व स्टार खिलाड़ी सुरेश रैना ने खुलासा किया कि उन्होंने धोनी से आईपीएल 2027 में खेलने को कहा, लेकिन माही के जवाब ने सभी का दिल तोड़ दिया।



**चोट के कारण पूरे सीजन नहीं खेले धोनी** – 44 वर्षीय धोनी इस पूरे आईपीएल 2026 सीजन में चोट के कारण एक भी मैच नहीं खेल सके। हालांकि चेन्नई सुपर किंग्स के आखिरी होम मैच में उन्होंने मैदान पर आकर फैंस का अभिवादन किया। धोनी ने टीम फोटो के लिए मैदान पर एंट्री की और बाद में चेपॉक में 'लैप ऑफ ऑनर' भी लगाया। धोनी को मैदान पर देखकर चेन्नई के फैंस काफी भावुक नजर आए। इस दौरान उनकी मुलाकात सुरेश रैना से भी हुई, जो मैच में कमेंट्री कर रहे थे।

**रैना ने किया आईपीएल 2027 में खेलने का आग्रह** – सुरेश रैना ने स्टार स्पोर्ट्स पर बातचीत के दौरान बताया कि उन्होंने धोनी से अगले सीजन खेलने की अपील की थी। रैना ने कहा, 'मैंने उनसे कहा कि आपने आईपीएल 2026 को मिस कॉल दी है, यह नहीं चलेगा। आपको अगले साल वापस आना होगा। लेकिन धोनी का जवाब सुनकर फैंस मायूस हो सकते हैं। रैना ने बताया कि धोनी ने कहा, मेरा शरीर अब थोड़ा कमजोर हो गया है। हालांकि रैना ने मजाकिया अंदाज में कहा कि वह इस जवाब को मानने वाले नहीं हैं और चाहते हैं कि धोनी अगले साल फिर मैदान पर उतरें।

**स्टीफन फ्लेमिंग ने भी दिया बड़ा बयान** – मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीएसके के मुख्य कोच स्टेपिन फ्लेमिंग से भी धोनी के भविष्य को लेकर सवाल पूछा गया। फ्लेमिंग ने कहा कि यह फैसला टीम मैनेजमेंट का होगा। उन्होंने कहा, धोनी

## न्यूज बाइट्स

### अहियापुर पंचायत में लगा सहयोग शिविर

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** बिहार सरकार के "विकसित भारत-समृद्ध बिहार" संकल्प के तहत आम लोगों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से मंगलवार को हसपुरा प्रखंड की अहियापुर पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। नव निर्मित पंचायत सरकार भवन में आयोजित इस शिविर का उद्घाटन डीटीओ सुनंदा कुमारी, उपसमाहर्ता अनुप्रिया कुमारी, बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी तथा सीओ कौशल्या कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शिविर में एक हेल्प डेस्क सहित कुल 24 काउंटर बनाए गए थे। इन काउंटरों पर कुशल युवा योजना, बिजली विभाग, मनरेगा, जीविका, स्वास्थ्य विभाग और पशुपालन विभाग समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे। अहियापुर पंचायत के मुखिया अजीत कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा की देखरेख में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और पुरुष पहुंचे। लोगों ने विभिन्न विभागों के काउंटरों पर अपनी समस्याएं और आवेदन प्रस्तुत किए, जिनका मौके पर ही त्वरित निष्पादन किया गया।

प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय मंगलवार को "सहयोग शिविर" होगा आयोजित

# सहयोग शिविर का शुभारंभ, अब पंचायत स्तर पर होगा जन शिकायतों का त्वरित समाधान

- यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर शिकायतों का समाधान नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : मंत्री



निज संवाददाता | फेसर (औरंगाबाद)

बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी पहल "सहयोग शिविर" का मंगलवार को जिले के फेसर पंचायत अंतर्गत बसडीहा गांव से विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार की पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री सह औरंगाबाद प्रभारी मंत्री रमा निषाद तथा सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत बिहार गीत के सामूहिक गायन से हुई। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने प्रभारी मंत्री को बुके एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया, जबकि उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह ने सदर विधायक का स्वागत किया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री रमा निषाद ने कहा कि "सहयोग शिविर" मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच और जनसेवा की भावना का परिणाम है। इसका उद्देश्य प्रशासनिक सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पहले ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रखंड और जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब सरकार प्रशासन को सीधे पंचायत स्तर तक पहुंचा रही है।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर "सहयोग शिविर" आयोजित किए जाएंगे, जहां ग्रामीण सीधे अपनी शिकायतें और आवेदन जमा कर सकेंगे। प्राप्त शिकायतों का निष्पादन 30 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। मंत्री ने "सहयोग पोर्टल" के उपयोग पर विशेष बल देते हुए कहा कि ग्रामीण अपने मोबाइल फोन के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन दर्ज कर सकते हैं, जिससे शिकायत की ट्रैकिंग और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर शिकायतों का समाधान नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अपने संबोधन में उन्होंने औरंगाबाद जिले की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का भी उल्लेख किया। उन्होंने देव सूर्य मंदिर, उमंगा मंदिर, गजना मंदिर तथा सतबहिनी मंदिर जैसे ऐतिहासिक स्थलों का जिक्र करते हुए कहा कि जिला धार्मिक और विकासात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि "सहयोग शिविर" केवल शिकायत निवारण का मंच नहीं, बल्कि प्रशासन और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करने की पहल है। उन्होंने बताया कि शिविर के आयोजन से 30 दिन पहले से पंचायतों में आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है, ताकि शिकायतों का पूर्व परीक्षण कर समाधान प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाया जा सके। प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 19 मई 2026 तक जिले में "सहयोग शिविर" के माध्यम से कुल 2495 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2448 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। वहीं औरंगाबाद प्रखंड में प्राप्त 238 आवेदनों में से 231 का समाधान किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा लाभुकों के बीच श्रम कार्ड, जॉब कार्ड,

# ऊर्जा क्षेत्र में नई उपलब्धियों के साथ आगे बढ़ रहा एनटीपीसी, स्टेज-II निर्माण कार्य में आई तेजी

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)



औरंगाबाद जिले में स्थित एनटीपीसी नबीनगर में मंगलवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें परियोजना के प्रदर्शन, विद्युत उत्पादन और भविष्य की योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में विभिन्न मीडिया संस्थानों से पहुंचे पत्रकारों का स्वागत करते हुए परियोजना प्रमुख एल.के. बेहेरा ने कहा कि एनटीपीसी नबीनगर केवल बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना वर्तमान में 1980 मेगावाट क्षमता वाला पावर प्लांट है, जो बिहार की विद्युत आपूर्ति में अहम योगदान दे रहा है। परियोजना ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 12,932 मिलियन यूनिट से अधिक बिजली उत्पादन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन दर्ज किया। इस दौरान प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ) 78.28 प्रतिशत रहा, जो इसकी बेहतर संचालन क्षमता को दर्शाता है। प्रेस वार्ता में बताया गया कि एनटीपीसी नबीनगर में स्टेज-II के तहत 800 मेगावाट क्षमता की तीन नई इकाइयों का निर्माण तेजी से चल रहा है। पिछले वर्ष प्रधानमंत्री द्वारा इस परियोजना की आधारशिला रखी गई थी, जिसके बाद निर्माण कार्य बिना किसी बाधा के आगे बढ़ रहा है। स्टेज-II के पूरा होने के बाद प्लांट की कुल क्षमता बढ़कर 4360 मेगावाट हो जाएगी, जिससे यह देश के प्रमुख पावर प्लांटों में शामिल हो जाएगा। परियोजना के पूरा होने पर बिहार को अतिरिक्त 1500 मेगावाट बिजली उपलब्ध होगी।

परियोजना प्रमुख एल.के. बेहेरा ने बताया कि यूनिट-04 से मार्च 2029 तक बिजली उत्पादन शुरू होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि स्टेज-II में एयर कूल्ड कंडेंसर सिस्टम का उपयोग किया जाएगा, जिससे पानी की खपत काफी कम होगी। साथ ही तीनों नई इकाइयां अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल तकनीक पर आधारित होंगी, जिससे उच्च तापमान और दबाव के जरिए अधिक दक्षता के साथ बिजली उत्पादन किया जा सकेगा। एनटीपीसी नबीनगर ग्रामीण विकास के क्षेत्र में भी लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है। सीएसआर, आरएंडआर और कम्युनिटी डेवलपमेंट कार्यक्रमों के माध्यम से 22 से अधिक गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और कौशल विकास से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं। परियोजना प्रमुख ने कहा कि आसपास के गांवों के लोगों को कंपनी अपने परिवार की तरह मानती है और लगातार प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। इस दौरान बालिका सशक्तिकरण अभियान की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि 2 जून से एनटीपीसी नबीनगर अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी कार्यक्रम के तहत बालिका सशक्तिकरण अभियान शुरू करेगा। इसके अंतर्गत बारुण और नबीनगर प्रखंड के सरकारी विद्यालयों से चयनित 60 छात्राओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। छात्राओं को गणित, हिंदी, अंग्रेजी के साथ-साथ कराटे, योग, कंप्यूटर और अन्य कौशल प्रशिक्षण भी प्रदान किए जाएंगे। अभियान के दौरान छात्रावास और पौष्टिक भोजन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रेस वार्ता में परियोजना प्रमुख ने मीडिया के सवालों के जवाब दिए और सकारात्मक सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (ओएंडएम) अनिल कुमार टी.सी., महाप्रबंधक (परियोजना) राकेश शर्मा, महाप्रबंधक (एडीएम) मनोरंजन पाणिग्रही सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# चार दिन से लापता बच्चा गया से बरामद, महिला गिरफ्तार



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद जिले के ओबरा थाना क्षेत्र से अपहृत चार वर्षीय आद्विक परासर को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गया जिले से सकुशल बरामद कर लिया। इस मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। बच्चे की बरामदगी के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली है, वहीं पुलिस की कार्रवाई की सराहना की जा रही है। जानकारी के अनुसार 16 मई 2026 को ओबरा थाना क्षेत्र स्थित देवी मंदिर के समीप खेल रहे आद्विक परासर का अचानक अपहरण हो गया था। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी। आद्विक, सूर्यमंदिर रोड निवासी सुधीर प्रसाद का पुत्र है। बच्चे के लापता होने के बाद स्वजन ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मगध क्षेत्र के आइजी विकास वैभव के निर्देश पर औरंगाबाद एवं गया पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई शुरू की। औरंगाबाद एसपी अंबरीष राहुल ने दाउदनगर एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (एसआइटी) का गठन किया। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। जांच के दौरान पुलिस को गया शहर के विभिन्न स्थानों से सीसीटीवी फुटेज मिले। फुटेज में एक महिला मासूम आद्विक को अपने साथ लेकर जाती हुई दिखाई दी।

पुलिस ने देखा कि महिला गया रेलवे स्टेशन से बाहर निकलने के बाद टेंपो से डेल्हा थाना क्षेत्र की ओर जा रही थी। इसी आधार पर पुलिस ने इलाके में सघन तलाशी अभियान शुरू किया। डेल्हा थाना क्षेत्र के खरखुरा मोहल्ला सहित आसपास के इलाकों में पुलिस ने घर-घर जाकर पूछताछ की। स्थानीय लोगों को महिला की तस्वीर दिखाकर जानकारी जुटाई गई। कई घंटों की छानबीन के बाद पुलिस ने संदिग्ध महिला को हिरासत में लिया। पूछताछ में मिले सुराग के आधार पर बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपित महिला के घर से दो बच्चे मिले हैं। महिला ने उनमें से एक बच्चे को अपना बताया है, जबकि दूसरे बच्चे के संबंध में पुलिस जांच कर रही है। पूरे मामले में मानव तस्करी समेत अन्य पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की हुई मौत



निज संवाददाता | फेसर (औरंगाबाद)

औरंगाबाद जिले में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंकने का आरोप लगाया है। घटना फेसर थाना क्षेत्र के कांस देवरिया गांव की है। मृतका की पहचान सुनील राम की पत्नी अंजू कुमारी (30) के रूप में हुई है। मृतका के भाई पप्पू कुमार, जो मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खरकनी गांव के रहने वाले हैं, ने बताया कि अंजू की शादी वर्ष 2019 में सुनील राम के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसे लगातार प्रताड़ित किया जाता था। आरोप है कि उसका पति शराब के नशे में अक्सर मारपीट करता था। इसको लेकर दोनों परिवारों के बीच कई बार पंचायत और समझौता भी हुआ, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं आया। परिजनों के अनुसार मंगलवार सुबह सूचना मिली कि अंजू की मौत बिजली का करंट लगने से हो गई है। जब मायके वाले ससुराल पहुंचे तो न तो अंजू घर में थी और न ही उसका शव मौजूद था। पूछताछ करने पर ससुराल पक्ष ने बताया कि उसने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली है। करीब दो घंटे बाद शव घर लाया गया। मृतका के भाई ने बताया कि शव देखने के बाद मामला पूरी तरह संदिग्ध लगा। उन्होंने कहा कि अंजू का चेहरा बुरी तरह कुचला हुआ था, लेकिन शरीर के अन्य हिस्सों पर ट्रेन से कटने या गंभीर चोट के निशान नहीं थे। ऐसे में परिजनों को आशंका है कि पहले उसकी हत्या की गई और बाद में शव को रेलवे ट्रैक पर फेंककर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई।

परिजनों ने यह भी दावा किया कि मृतका के आठ वर्षीय बेटे सूरज ने बताया कि उसकी मां की हत्या उसके पिता और अन्य लोगों ने मिलकर की है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद मायके पक्ष और ग्रामीणों ने गांव में हंगामा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया और कुछ लोगों को हिरासत में लिया।

भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA
गृह मंत्रालय भारत सरकार



जनगणना 2027 का पहला चरण
जनगणना कार्य निदेशालय बिहार
मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना
2 मई से 31 मई
एक कॉल, पूरी जानकारी
टोल-फ्री नंबर पर कॉल करें : 1855
चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी
CensusIndia2027
CBC 19108/13/0103/2627